फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 16 मार्च 2024
वर्ष 4, अंक 356, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू, पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी 16

'पटना शुक्ला' से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना 15

## एक नजर

### सीएए संबंधी याचिकाओं पर 19 मार्च को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट नागरिकता संशोधन कानून, 2019 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं का निस्तारण होने तक केंद्र को नागरिकता संशोधन नियमावली, 2024 के क्रियान्वयन पर रोक लगाने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के लिए शुक्रवार को सहमत हो गया। न्यायालय इस मामले पर 19 मार्च को सुनवाई करेगा। प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल की दलीलों पर गौर कर निर्णय लिया।

### प्रताप सिंह को बेसिक शिक्षा निदेशक का प्रभार

**लखनऊ।** प्रताप सिंह बघेल को बेसिक शिक्षा निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार सौंपा गया है। वह राज्य शैक्षिक तकनीकी संस्थान के निदेशक के साथ-साथ यह जिम्मेदारी भी संभालेंगे। जबकि अपर शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) सुरेंद्र तिवारी को बेसिक शिक्षा सचिव पद का अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। बेसिक शिक्षा के विशेष सचिव अवधेश कुमार तिवारी की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। अभी तक माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेंद्र देव के पास ही बेसिक शिक्षा निदेशक का भी कार्यभार था। वहीं, बेसिक शिक्षा परिषद के सचिव का अतिरिक्त कार्यभार बघेल से वापस ले लिया गया है।

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल रामदास का निधन



**हैदराबाद।** भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल. रामदास का उम्र संबंधी बीमारियों के चलते यहां के एक सैन्य अस्पताल में 90 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी बेटी सागरी आर. रामदास ने बताया कि रामदास को 11 मार्च को अस्पताल में भर्ती कराया गया था और शुक्रवार सुबह उन्होंने अंतिम सांस ली। उन्होंने बताया कि अंतिम संस्कार 16 मार्च शनिवार को हैदराबाद में किया जाएगा। एडमिरल रामदास के परिवार में उनकी पत्नी ललिता रामदास और तीन बेटियां हैं।

# लोकसभा चुनाव तिथियों की आज की जाएगी घोषणा

- कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम भी होंगे घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग लोकसभा चुनाव के लिए कार्यक्रम की घोषणा कल यानी शनिवार को करेगा। निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि लोकसभा चुनाव और कुछ राज्यों में विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा करने के लिए शनिवार को दोपहर तीन बजे एक संवाददाता सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

मौजूदा लोकसभा का कार्यकाल 16 जून को खत्म हो रहा है और नई लोकसभा का गठन उससे पहले होना है। आंध्र प्रदेश, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश और ओडिशा में विधानसभाओं का कार्यकाल जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। पिछली बार लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 10 मार्च को की गई थी और 11 अप्रैल से सात चरणों में मतदान हुआ था। मतगणना 23 मई को हुई थी। आगामी चुनावों में 12 लाख से अधिक मतदान केंद्रों पर करीब 97 करोड़ लोग मतदान करने के पात्र हैं।

### लोकसभा चुनाव की अधिसूचना से पहले राज्यपाल ने दी स्वीकृति

# 12 लाख पेंशनरों का 4% बढ़ा डीए

- वित्त विभाग ने जारी किया जनवरी से 50 फीसदी डीए का आदेश
- एक जनवरी से पेंशन में बढ़कर मिलेगी महंगाई राहत : सचिव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से ठीक पहले राज्यपाल ने राज्य के 12 लाख से अधिक पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी की स्वीकृति दे दी है। इससे महंगाई राहत बढ़कर अब 50 प्रतिशत हो गई है। वित्त विभाग ने शुक्रवार को इसकी जानकारी देते हुए एक जनवरी 2024 से ही पेंशन में बढ़ी हुई महंगाई राहत को जोड़कर देने का आदेश जारी किया है।

राज्य कर्मियों के महंगाई भत्ता में चार प्रतिशत वृद्धि के बाद तय था कि पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के महंगाई राहत में भी चार प्रतिशत बढ़ोत्तरी जल्द ही होगी। वित्त विभाग के विशेष सचिव नीलरतन कुमार ने शुक्रवार को जारी शासनादेश में कहा है कि राज्यपाल ने महंगाई राहत की दर में वृद्धि का यह लाभ एक जनवरी 2024 से देने की स्वीकति दी है। यह आदेश शिक्षा/प्राविधिक शिक्षा विभाग के तहत राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थानों के ऐसे पेंशनर जिन्हें शासकीय पेंशनरों के समान पेंशन/पारिवारिक पेंशन मिलती है, उन पर भी लागू होगा।

लेकिन, यह आदेश हाईकोर्ट के न्यायाधीशों, स्थानीय निकायों व सार्वजनिक उपक्रमों के सेवकों पर लागू नहीं होगा। इनके लिए संबंधित विभाग अलग से आदेश जारी करेंगे। अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों, पारिवारिक पेंशनरों के संबंध में भी अलग से आदेश जारी किए जाएंगे।

# बीआरएस नेता के. कविता को ईडी ने किया गिरफ्तार

- दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में हुई कार्रवाई

हैदराबाद/नई दिल्ली, एजेंसी



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले से जुड़े धन शोधन मामले में शुक्रवार को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री चंद्रशेखर राव की बेटी कविता (46) को पूछताछ के लिए दिल्ली लाया जा रहा है। इससे पहले दिन में ईडी अधिकारियों ने हैदराबाद में कविता के परिसरों पर छापेमारी की। तेलंगाना में बीआरएस की एमएलसी कविता को हैदराबाद में बंजारा हिल्स स्थित उनके आवास से शाम 5:20 बजे गिरफ्तार किया गया। ईडी अधिकारियों ने बताया कि कविता के पति डीआर. अनिल कुमार को गिरफ्तारी के बारे में सूचित कर दिया गया है।

ईडी ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पिछले साल कविता से तीन बार पूछताछ की थी और इस साल उन्हें फिर से तलब किया था, लेकिन वह सुप्रीम कोर्ट के एक निर्देश का हवाला देते हुए पेश नहीं हुईं।

# चुनाव आयोग को दिए आंकड़ों में बॉण्ड नंबर क्यों नहीं : सुप्रीम कोर्ट

## शीर्ष अदालत ने एसबीआई से जवाब तलब किया, 18 मार्च तक दिया समय

- चुनावी बॉण्ड की पूरी जानकारी नहीं देने पर कोर्ट ने जताई नाराजगी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट में चुनावी बॉण्ड मामले में सुनवाई के दौरान प्रतिक्रिया व्यक्त करते सीजेआई डीवाई. चंद्रचूड़ (बाएं)।

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) राजनीतिक दलों द्वारा प्राप्त चुनावी बॉण्ड की विशिष्ट अक्षरांकीय संख्या (यूनीक अल्फा-न्यूमेरिक नंबर) का खुलासा करने के लिए कर्तव्यबद्ध है और उसे ऐसा करना होगा। इसके साथ ही न्यायालय ने ऐसा नहीं करने के लिए बैंक से जवाब मांगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली संविधान पीठ ने कहा कि शीर्ष अदालत ने चुनावी बॉण्ड मामले पर अपने फैसले में खरीदार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरण का खुलासा करने का निर्देश दिया था। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

निर्वाचन आयोग (ईसी) ने गुरुवार को उन संस्थाओं की पूरी सूची जारी की जिन्होंने राजनीतिक चंदा देने के लिए चुनावी बॉण्ड खरीदे थे। आयोग द्वारा अपनी वेबसाइट पर ये आंकड़े सार्वजनिक किए जाने के एक दिन बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि एसबीआई को सभी जानकारियां मुहैया करानी हैं। पीठ ने बैंक को नोटिस जारी किया और मामले में आगे की सुनवाई के लिए 18 मार्च की तिथि तय की। सीजेआई ने बैंक के प्रति नाराजगी जताते हुए कहा कि एसबीआई की ओर से कौन पेश हो रहा है? क्योंकि हमारे फैसले में हमने विशेष रूप से खरीददार, राशि और खरीद की तारीख सहित बॉण्ड के सभी विवरणों का खुलासा करने का निर्देश दिया था।

### आंकड़ों की डिजिटल कॉपी आयोग को देने के निर्देश

न्यायालय, निर्वाचन आयोग की उस अर्जी पर सुनवाई कर रहा था जिसमें चुनावी बॉण्ड मामले में न्यायालय के 11 मार्च के आदेश के एक हिस्से में संशोधन का अनुरोध किया गया है। न्यायालय ने अपने पंजीयक (न्यायिक) को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सीलबंद कवर में सौंपे गए आंकड़ों को स्कैन किया जाए और उन्हें डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराया जाए। आयोग के वकील ने कहा कि आयोग ने उन आंकड़ों की कोई प्रति अपने पास नहीं रखी है जिन्हें अदालत को सौंपा गया है क्योंकि इसे सीलबंद कवर में दिया गया था।

# ट्रांसपोर्ट कर्मियों की मिलीभगत से लीक हुआ सिपाही भर्ती का पेपर

- डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रेसवार्ता में पूरे घटनाक्रम और कार्रवाई की दी जानकारी
- मामले में 3 और गिरफ्तारी 396 पहुंची मामले से जुड़ी गिरफ्तारियों की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** डीजीपी प्रशांत कुमार ने यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा के पेपर लीक मामले में अब तक हुई कार्रवाई को लेकर शुक्रवार को पत्रकार वार्ता की। डीजीपी ने बताया सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने में ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों की भूमिका रही है। इसमें डॉक्टर और पूर्व में कई परीक्षाओं के पेपर लीक करने वाले गिरोह के सदस्य शामिल हैं। पेपर लीक मामले में तीन और आरोपी अभिषेक शुक्ला, रोहित कुमार, शिवम गिरी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।

डीजीपी का दावा है कि परीक्षा की दूसरी पाली का पेपर लीक किया गया था। इसकी पुष्टि होने पर परीक्षा निरस्त कर दी गई थी। प्रदेश के विभिन्न जिलों में 178 एफआईआर दर्ज की गईं हैं। एसटीएफ ने मामले से जुड़े 396 लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी ने बताया ट्रांसपोर्ट कंपनी के कर्मचारियों ने पेपर लीक किया था, जिसमें दो कोड के पेपर लीक किए गए थे। मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा और रवि अत्री ने पेपर के बॉक्स खोलने के लिए बिहार के एक्सपर्ट शुभम मंडल को बुलाया था। मंडल पेशे से डॉक्टर है। बाक्स खुलने के बाद कोड नंबर दो के पेपर की फोटो खींचकर आउट किया गया था।

यूपी में पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्न पत्र किसने लीक किया था। इसको लेकर 178 मामले प्रदेश के अलग-अलग थानों में दर्ज किए गए थे। शुक्रवार को तीन प्रमुख लोगों को गिरफ्तार किया गया। जिनकी पहचान अभिषेक कुमार शुक्ला निवासी प्रयागराज, शिवम गिरी निवासी थाना जिगना, मिर्जापुर और रोहित कुमार पांडे निवासी, थाना कोइरौना, जिला भदोही के रूप में हुई है।

### अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी से निकाले थे पेपर



डीजीपी ने बताया सभी आरोपी अहमदाबाद की ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीएस एक्सप्रेस में मिले थे। कंपनी के ट्रेनिंग एग्जीक्यूटिव अभिषेक शुक्ला ने बताया वर्ष 2021 में प्रयागराज के अंकित मिश्रा से मिला, जो नोएडा के रवि अत्रि का दोस्त था। उसी ने अत्री से मिलवाया था। कंपनी में ही शिवम गिरी और रोहित पांडे मिले थे। रवि यत्री को मालूम था कि यूपी पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा का पेपर ट्रांसपोर्ट कंपनी टीसीआई में ही छपने के बाद पहुंचेंगे। उसने पहले से ही रोहित, शिवम व अभिषेक को लगा दिया था। उसने 20 लाख रुपये खर्च किए थे।

### यूपीटीईटी का पेपर भी कराया था लीक

डीजीपी ने बताया मुख्य आरोपी राजीव नयन मिश्रा पेपर लीक कराने में एक्सपर्ट है। वर्ष 2021 में यूपीटीईटी का पेपर लीक करने में भी इसकी भूमिका रही थी। तब एसटीएफ ने उसे जेल भेजा था। संविदा स्टाफ नर्स भर्ती परीक्षा मध्य प्रदेश का भी पेपर लीक करने में राजीव की भूमिका थी। वर्ष 2015 की एमबीबीएस परीक्षा का पेपर लीक करने में भी इन आरोपियों की भूमिका रही है।

## येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून के तहत मामला दर्ज

- कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री ने आरोपों से किया इनकार



**बेंगलुरु।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर 17 वर्षीय एक लड़की की मां की शिकायत पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) कानून के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि येदियुरप्पा (81) ने दो फरवरी को एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन शोषण किया था। सदाशिवनगर पुलिस के अनुसार येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो कानून की धारा आठ और आईपीसी की धारा 354 ए के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। येदियुरप्पा ने अपने ऊपर लगे यौन उत्पीड़न के आरोपों से इनकार किया और आरोप लगाया कि इसके पीछे राजनीतिक मकसद हो सकता है। दावा किया कि उन्होंने शुरू में पुलिस आयुक्त से संपर्क करके संकट में फंसी महिला की मदद की थी, लेकिन बाद में वह उनके खिलाफ हो गई।

## रामपुर तिराहा कांड में पीएसी के दो पूर्व आरक्षी दोषसिद्ध

- 30 वर्ष पुराने मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दिया फैसला
- सामूहिक दुष्कर्म के मामले में 18 मार्च को सुनाई जाएगी सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

विशेष सीबीआई अदालत ने शुक्रवार को करीब 30 वर्ष पूर्व उत्तराखंड को अलग राज्य बनाए जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को दोषी करार दिया है और सजा सुनाने के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप को सामूहिक दुष्कर्म समेत आईपीसी की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया है। जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा है।

## मुरादाबाद, रामपुर में आज मुख्यमंत्री



**मुरादाबाद।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मुरादाबाद और रामपुर के दौरे पर रहेंगे। कई परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करने के साथ जनसभा भी करेंगे। पुलिस अकादमी में पासिंग आउट परेड में भी शामिल होंगे। वे लखनऊ से राजकीय प्लेन से मूंढापांडे एयरपोर्ट पहुंचेंगे। जहां से हेलीकॉप्टर से 10:55 बजे पुलिस लाइन हेलीपैड आएंगे। यहां से पुलिस अकादमी फिर बुद्धि विहार में परियोजनाओं का लोकार्पण-शिलान्यास करेंगे। रामपुर के स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में जनसभा और विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे।

## जयाप्रदा को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

- ईएसआईसी केस में मिली छह माह की सजा निलंबित

विधि संवाददाता, नई दिल्ली



फिल्म अभिनेत्री व रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को तमिलनाडु के ईएसआईसी (एम्प्लॉयमेंट स्टेट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन) केस में बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है। शीर्ष कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि उक्त मामले में सत्र न्यायाधीश के समक्ष जयाप्रदा की विचाराधीन अपील के निस्तारण तक उक्त सजा निलंबित रहेगी। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के एक ट्रायल कोर्ट ने इस मामले में पूर्व सांसद को छह माह की सजा सुनाई थी। पूर्व सांसद की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता सोनिया माथुर व अधिवक्ता नचिकेता वाजपेयी तथा दिव्यांगना मलिक वाजपेयी ने दलील दी कि ट्रायल कोर्ट द्वारा जयाप्रदा को दोषसिद्ध करने के फैसले में कई खामियां हैं। मांग की गई कि अपील सत्र अदालत में विचाराधीन है लिहाजा अपील के विचाराधीन रहते, सजा को निलंबित कर दिया जाए। यह भी कहा गया कि ईएसआईसी द्वारा मांगी गई धनराशि को जयाप्रदा द्वारा जमा करा दिया गया है, बावजूद इसके ट्रायल कोर्ट ने उन्हें दोषसिद्ध करार दे दिया।

## सपा की तीसरी सूची जारी, भदोही सीट तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी

- बिजनौर, नगीना, मेरठ, अलीगढ़, हाथरस व लालगंज से सपा प्रत्याशी घोषित

**लखनऊ।** भदोही सीट ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के लिए छोड़ते हुए समाजवादी पार्टी ने शुक्रवार को 6 प्रत्याशियों की तीसरी सूची जारी कर दी। इसमें बिजनौर से यशवीर सिंह, नगीना से मनोज कुमार, मेरठ से भानुप्रताप सिंह एडवोकेट, अलीगढ़ से बिजेंद्र सिंह, हाथरस से जसवीर बाल्मिक और आजमगढ़ जिले की लालगंज सीट से दरोगा सरोज को चुनाव में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से समझौते में मिली 63 सीटों में 36 पर प्रत्याशी उतार दिए हैं। इससे पहले सपा तीस सीटों पर प्रत्याशियों का एलान कर चुकी है। सपा और कांग्रेस उप्र में मिलकर चुनाव लड़ रही है। प्रदेश की कुल 80 सीटों में कांग्रेस को सपा ने 17 सीटें दी हैं, जबकि 63 सीटें अपने पास रखी हैं। टीएमसी ने भदोही से ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस से पूर्व विधायक ललितेश दिग्गज नेता रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलापति त्रिपाठी के परिवार से हैं।

# ईसी की नियुक्ति पर रोक से इनकार

- याचिकाओं पर 21 मार्च को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने 2023 के उस कानून के तहत नए निर्वाचन आयुक्तों (ईसी) की नियुक्तियों पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया जिसमें भारत के प्रधान न्यायाधीश को चयन समिति से बाहर रखा गया है। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि निर्वाचन आयुक्तों के चयन के लिए एक बैठक पहले से प्रस्तावित थी।

इस पर न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह की पीठ ने याचिकाकर्ताओं से इस तथ्य का उल्लेख करते हुए एक अलग याचिका दायर करने को कहा। पीठ ने 2023 के कानून के तहत की गई नियुक्तियों पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि सामान्यतः और आम तौर पर, हम किसी कानून पर अंतरिम आदेश के जरिए रोक नहीं लगाते हैं। पीठ ने 2023 के कानून के तहत दो निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई 21 मार्च को करना निर्धारित किया।

### ज्ञानेश कुमार, सुखबीर संधू ने संभाला कार्यभार



सीईसी (मध्य) के साथ नवनियुक्त दोनों आयुक्त।

ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त का कार्यभार संभाल लिया। केरल कैडर के ज्ञानेश कुमार और उत्तराखंड कैडर के डॉ. संधू भारतीय प्रशासनिक सेवा के 1988 बैच के अधिकारी हैं। आयोग की ओर से जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने निर्वाचन सदन में नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों का स्वागत किया। नवनियुक्त चुनाव आयुक्तों के लिए आगामी 12 सप्ताह अति व्यस्त और चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं।

**तैयारी** इटावा के भदावरी फार्म में पशु पालन विभाग करेगा संरक्षण और प्रजनन

# बीहड़ में विलुप्त जमुनापारी बकरियों का बढ़ेगा कुनबा

- अप्रैल से होगा पालन, कम कीमत पर पशु पालकों को करेंगे बिक्री

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के बीहड़ क्षेत्रों में विलुप्त हो रहीं सबसे ज्यादा पाली जाने वाली जमुना पारी बकरियों का कुनबा पशु पालन विभाग इटावा से बढ़ाएगा। जो यहां के भदावरी फार्म में जर्जर व बंद बकरी संरक्षण केंद्र को अप्रैल में वृहद बनाकर जमुना पारी बकरियों का बड़ी संख्या में पालन करेगा। विभाग संरक्षण के लिए इस प्रजाति की बकरियां इटावा की सबसे बड़ी चकर नगर मंडी, आगरा, औरैया, जालौन, झांसी, भिंड आदि यमुना व चंबल नदी से लगे जिलों की बाजारों से खरीदेगा और प्रजनन कर पशु पालकों को योजना के तहत कम दाम पर बेचेगा। यह बकरियां जमुनापार के चंबल जैसे बीहड़ क्षेत्र की प्रजाति हैं। ऐसे स्थानों पर ही रहकर यह झाड़ियां, घास, पत्तियां आदि खाती हैं। इनकी संख्या दिन पर दिन कम होती जा रही है।

### दूध में औषधीय गुण, बकरी की कीमत 70 हजार तक

जमुनापारी बकरी सबसे ज्यादा इटावा के बीहड़ क्षेत्र के साथ आसपास यमुना व चंबल नदी से घिरे क्षेत्रों में होती हैं। इन बकरियों की बिक्री का यहां का चकर नगर मुख्य बाजार है। इन्हें सबसे अच्छी डेयरी के रूप में जाना जाता है। यह बकरी दो लीटर तक दूध देती है। दूध में मिनरल, साल्ट की मात्रा अधिक होती है। औषधीय गुण होने के साथ डेंगू समेत अन्य बीमारी में लाभकारी होता है। दूध महंगा बिकता है और बकरियों की कीमत भी 60 से 70 हजार रुपये तक है। यह जीवन काल में 13 से 15 बच्चे देती हैं। अन्य नस्लों की तुलना में इनकी लंबाई अधिक होती है। जो दो पैरों पर खड़े होकर झाड़ियों की पत्तियां खाती हैं। वजन भी 50-60 किलो तक होता है।



बीहड़ क्षेत्र की मुख्य प्रजाति जमुना पारी बकरियां धीरे-धीरे विलुप्त हो रहीं हैं। इटावा के बकरी संरक्षण केंद्र का विस्तार कर संरक्षण करेंगे और प्रजनन के माध्यम से प्रजाति बढ़ाएंगे। पशु पालकों को योजना के तहत बकरी बिक्री करेंगे। इससे उनकी आय भी बढ़ेगी। - **डॉ. अरविंद कुमार वर्मा**, अपर निदेशक, लघु पशु।

### मथुरा बकरी संरक्षण केंद्र की देखरेख में होगा पालन

जमुनापारी बकरियों का संरक्षण करने की योजना उप्र पशु पालन विभाग की है। जो 200 बकरियों का संरक्षण कर शुरुआत करेगा। जबकि संचालन व देखरेख केंद्रीय बकरी अनुसंधान संस्थान मथुरा करेगा। इस योजना में इटावा को इसलिए चुना गया क्योंकि जमुनापारी बकरियों का पालन, खरीद-बिक्री का केंद्र है। अन्य जिलों के बीहड़ क्षेत्र भी आसपास हैं और अनुसंधान संस्थान भी दूर नहीं है।

## एक नजर

### ओवरलोड खनन से भरे दो ट्रकों को किया सीज

**शाहबाद, अमृत विचार :** गुरुवार रात्रि नायब तहसीलदार ने ओवरलोड खनन से भरे दो ट्रक सीज कर दिए। इन ट्रकों को पुलिस के हवाले कर दिया गया। नायब तहसीलदार अरविन्द कुमार शर्मा ने चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें खनन से भरे ट्रक दिखाई दिए। उन्होंने ट्रक रोका। ट्रकों में मानक से अधिक वजन पाया गया। उन्होंने दो ट्रकों को सीज कर दिया। सभासद सैयद बब्लू मियां ने डीएम से शिकायत कर अवैध खनन कर रहे डंपरों पर रोक लगाए जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि डंपर चालकों की लापरवाही के चलते लगातार दुर्घटनाएं हो रही हैं। जिनमें लोग अपनी जान गवां रहे हैं।

### तीन लोगों ने किसान को पीटकर किया घायल

**टांडा, अमृत विचार :** खेत में गेहूं की फसल काटने को मना किया तो तीन लोगों ने खेत स्वामी को पीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बैजना निवासी किसान वीरेंद्र ने पुलिस को बताया कि वह अपने खेत पर गया था। वहां देखा कि शिवचरन की पत्नी गेहूं की फसल काट रही थी। मना करने के बाद वह घर आ रहा था। तभी रास्ते में गांव के ही आकाश, विकास, धर्मपाल और अभिषेक ने लाठी-डंडों व दरांती से उस पर हमला कर दिया। जिससे उसके सिर में गम्भीर चोट आई है। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।

# समर्पण के लिए जाने जाते हैं नवाब

## निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र ने विश्व में सर्वश्रेष्ठ लाइब्रेरी बनाने का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम के नवागत निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र को विभागीय अधिकारियों ने नगर में प्रवेश करने के लिए सभी दिशाओं में नौ तोरण द्वार के बारे में चित्रों के माध्यम से जानकारी दी। उनकी उत्कृष्ट स्थापत्य कला चित्रों को देखकर उन्होंने प्रशंसा की। लेकिन यह जानकर उन्हें अत्यंत आश्चर्य हुआ कि भव्य द्वार राजनीति के शिकार हो गए। डॉ. पुष्कर मिश्र ने निदेशक का कार्यभार संभालते ही नगर के प्राचीन धरोहर का संज्ञान लेना शुरू कर दिया है।

दरअसल, निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र को नगर के वैभवशाली इतिहास से परिचित कराया गया। पुस्तक के पृष्ठ-दर-पृष्ठ पलटते वह नगर की गौरवशाली पंरपरा को देखकर प्रसन्नता अनुभव करने लगे। उन्होंने उत्सुकता से चित्रों के माध्यम से नगर की स्थापत्य कला और रामपुर के शासकों की कहानियों को जाना। जब नगर के तोरण द्वार के चित्रों का सिलसिला शुरू हुआ तो उनका हृदय भाव से भर उठा। वह स्थापत्य कला की प्रशंसा करने लगे। विभाग के जिम्मेदारों ने उन्हें बताया कि अधिकांश द्वार राजनीति के शिकार हो गए। वह जेसीबी से गिरा दिए गए। इस उन्होंने अफसोस जाहिर किया।



पंजिका में हस्ताक्षर करते रजा लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र।

शुक्रवार को लाइब्रेरी में निदेशक का कार्यभार संभालने के बाद डॉ. पुष्कर मिश्र ने कहा कि रजा लाइब्रेरी विजडम का एक केंद्र रही है। रामपुर के नवाब प्रज्ञा के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। यह उनका ज्ञान के प्रति लगाव का ही परिणाम है कि जो इस जनपद को इतनी विशाल धरोहर प्रदान की। उन्होंने कहा कि हरसंभव प्रयास होगा कि विश्व की सर्वश्रेष्ठ लाइब्रेरी के रूप में पहचान बने। जनपद और लाइब्रेरी की दुलर्भ कृतियों को देखकर अभिभूत हूं। इससे पहले डॉ. पुष्कर को नगर विधायक आकाश सक्सेना सहित विभागीय अधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया व शुभकामनाएं दीं। लाइब्रेरी में संग्रहित दुर्लभ ग्रंथ दिखाया गया। ग्रंथ देखने के दौरान उन्होंने लाइब्रेरी में एक संग्रहित अर्द्धनारीश्वर भगवान की पेंटिंग के संबंध में पूछा। इस पर उन्होंने पेंटिंग को लाइब्रेरी में प्रदर्शन करने का निर्देश दिया। कहा कि अर्द्धनारीश्वर भगवान का स्वरूप नारी शक्ति की अवधारणा को प्रतिष्ठित करता है।

### गोंडा के रहने वाले हैं लाइब्रेरी के निदेशक

लाइब्रेरी के निदेशक डॉ. पुष्कर मिश्र मूल रूप से गोंडा जनपद के रहने वाले हैं। जवाहर नेहरु विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में 1999 में पीएचडी की उपाधि ग्रहण की। वह आश्रम परंपरा फाउंडेशन नाम की संस्था 1995 से जिले गोंडा में संचालित करते रहे हैं। वह इस संस्था के संस्थापक हैं। इस संस्था की शाखाएं उत्तर प्रदेश, गुजरात, दिल्ली व कर्नाटक में भी संचालित हैं।

रजा लाइब्रेरी एंड म्यूजियम में पूर्वकाल में सैय्यद हसन अब्बास ने 2017 को निदेशक पद का चार्ज संभाला था। जिनके 20 फरवरी 2020 को स्थानांतरण हो जाने पर निदेशक पद का कार्यभार तबसे तत्कालीन जिलाधिकारी संभाले थे। चार वर्ष पश्चात निदेशक पद पर डा. मिश्र को कार्यभार सौंपा गया है। लाइब्रेरी स्थापना वर्ष उत्सव को अक्टूबर में मनाए जाने के संबंध में निदेशक ने कहा कि उत्सव को वृहद भव्य स्तर पर मनाया जाएगा। इसे विश्व व्यापी बनाने के लिए सेमिनॉर करेंगे। इसमें विश्वस्तरीय शोधकर्ताओं को आमंत्रित करेंगे।

## डूंगरपुर प्रकरण: आजम खां पर मारपीट व डकैती कराने का है आरोप

# मुकदमे में आज आ सकता है फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के खिलाफ दर्ज डूंगरपुर बस्ती के घरों में घुसकर मारपीट, डकैती और आपराधिक षड्यंत्र रचने के एक मामले में दोनों पक्षों की बहस पूरी हो गई है। एक मामले में शनिवार को फैसला आ सकता है। हालांकि आजम खां कोर्ट आएंगे या नहीं, इस बारे में अभी जानकारी नहीं मिल रही है।

गंज थाना क्षेत्र के डूंगरपुर बस्ती को खाली कराने को लेकर 12 मुकदमे 2019 में दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों की ओर से दर्ज कराए गए थे। घरों में घुसकर मारपीट, गाली गलौज, डकैती के आरोप में सपा पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां, ठेकेदार बरकत अली, रिटायर्ड सीओ आले हसन के खिलाफ मामले दर्ज किए गए थे। पुलिस ने सभी मामलों में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी थी। इनकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक मामले में आ फैसला आ सकता है। इसमें आजमं खां, ओमेंद्र चौहान, बरकत अली, आलेसहन खां, पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर खां, जिबरान, नासीर और फरहान नासीर भी आरोपी है। इसके अलावा डूंगरपुर से जुड़े एक मामले में दरोगा विजय सिंह ने बयान दर्ज कराए। इसमे जिरह के लिए 29 मार्च की तारीख तय की गई है। दूसरे मामले में दरोगा आर के गौतम से जिरह हुई। अब इस मामले में 19 मार्च की तारीख नियत की है।

### अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में 19 मार्च को होगी सुनवाई

**रामपुर, अमृत विचार :** सपा नेता आजम खां के बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला के दो पासपोर्ट मामले में शुक्रवार को दो गवाह को डिस्चार्ज कर दिया गया। अब इस मामले में अगली सुनवाई 19 मार्च को होगी। भाजपा विधायक आकाश सक्सेना ने 30 जुलाई वर्ष 2019 को सिविल लाइंस कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें भाजपा विधायक ने अब्दुल्ला पर अलग-अलग जन्म तिथि से दो पासपोर्ट बनवाने का आरोप लगाया था। आरोप है कि एक पासपोर्ट में जन्मतिथि एक जनवरी 1993 है, जबकि दूसरे पासपोर्ट में जन्मतिथि 30 सितंबर 1990 दर्ज है। पुलिस ने जांच के बाद अब्दुल्ला के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल कर दिए थे। इसकी सुनवाई एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट (मजिस्ट्रेट ट्रायल) में चल रही है। बचाव पक्ष की ओर से गवाही चल रही है। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान दो गवाह को डिस्चार्ज कर दिया गया।

# विवाद के बाद दुकान में आग लगाने की धमकी

**मसवासी, अमृत विचार :** एयरफोन वापस नहीं करने पर मोबाइल दुकानदार से हुए विवाद के बाद ग्राहक ने दुकान में आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी। दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर में स्वार-काशीपुर मार्ग पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज की मार्केट में दीपक पुत्र संजय की मोबाइल मिस्त्री की दुकान है। बताते हैं कि नगर के एक मोहल्ले की निवासी महिला ने दीपक की दुकान से एयरफोन खरीदा था। एयरफोन में कमी आने पर एक युवक दीपक की दुकान पर पहुंचा। दीपक के द्वारा वापस करने से मना करने पर वह आग बबूला हो गया।

### युवती से छेड़खानी और मारपीट करने में चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**रामपुर, अमृत विचार :** युवती से छेड़खानी और मारपीट करने के मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। टांडा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी बड़ी बेटी कई दिनों से घर में गुमसुम रहती थीं। इस युवती को कमरे में बंद कर उसके साथ मारपीट कर दी थी। युवती ने परिजनों को आपबीती बताई। पुलिस ने आरोपी इंतेजाम अली, फरद अली, शादाब और सना के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### डेढ़ किमी लंबे जाम में फंसे राहगीर

**मसवासी, अमृत विचार :** मुख्य मार्ग के किनारे साप्ताहिक बाजार लगने से वाहन जाम में फंस गए। मसवासी चौराहा से लेकर मंसूरपुर मोड़ तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। दोपहर से शाम तक लोग जाम से जूझते नजर आए। शाम करीब पांच बजे नैनीताल रोड पर भी पहाड़ी गेट के पास वाहनों के गलत तरह से खड़ा करने के कारण जाम लग गया। शुक्रवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण नगर में स्वार-काशीपुर मार्ग पर बिजारखाता से लेकर मंसूरपुर मार्ग तक करीब डेढ़ किमी तक लंबा जाम लगा रहा। जाम से रोजेदार भी परेशान दिखे।

### दुकान में आग लगाने की धमकी

**मसवासी, अमृत विचार :** एयरफोन वापस नहीं करने पर मोबाइल दुकानदार से हुए विवाद के बाद ग्राहक ने दुकान में आग लगाने और जान से मारने की धमकी दी। दुकानदार ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर में स्वार-काशीपुर मार्ग पर सर्वहितकारी इंटर कॉलेज की मार्केट में दीपक पुत्र संजय की मोबाइल मिस्त्री की दुकान है। बताते हैं कि नगर के एक मोहल्ले की निवासी महिला ने दीपक की दुकान से एयरफोन खरीदा था। एयरफोन में कमी आने पर एक युवक दीपक की दुकान पर पहुंचा। दीपक के द्वारा वापस करने से मना करने पर वह आग बबूला हो गया और मोबाइल मिस्त्री को गाली-गलौज करते हुए दुकान में आग लगाने की धमकी दे डाली। मोबाइल मिस्त्री ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### शराब और मारपीट करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपी युवक दबोचे

**बिलासपुर, अमृत विचार :** केमरी थाना पुलिस ने शुक्रवार को नगलिया गांव जाने वाले रास्ते पर प्लास्टिक जरीकेन लेकर जा रहे युवक को दबोच लिया। इस जरीकेन में 20 लीटर कच्ची शराब मिली। आरोपी रंजीत धल्लिया गांव का रहने वाला है। प्रभारी निरीक्षक सतेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक विपिन बालियान ने उसके विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी का चाला कर दिया है। उधर, कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि गांव दिबदिबा की तेल मिल परती कॉलोनी निवासी जयपाल को मारपीट करते समय पकड़ा गया है। उप निरीक्षक अमित कुमार ने आरोपी का शांति भंग की धाराओं में चालान कर दिया है।

### हादसे में बाइक सवार युवक की जान गई



**भोट, अमृत विचार :** नेशनल हाईवे पर थूनापुर गांव स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। गांव मुंडिया निवासी विनोद (32) शुक्रवार शाम छह बजे बाइक से रामपुर की ओर जा रहा था। जैसे ही वह थूनापुर गांव के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के करीब पहुंचा तो पीछे से बाइक में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार हाईवे पर दूर जा गिरा। इस बीच वाहन चालक फरार हो गया। हादसे में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिला अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अवैध शस्त्र बनाने में दो आरोपी पकड़े

**रामपुर, अमृत विचार :** लोकसभ चुनाव करीब होने के चलते जिले में अवैध शस्त्र व कच्ची शराब बनाने का धंधा तेज हो गया है। शुक्रवार को सैफनी थाना प्रभारी हरिओम चौहान ने आम के बाग में छापा मारकर अवैध तमंचे बनाने की फैक्ट्री पकड़ ली। गुरुवार रात थाना प्रभारी को सूचना मिली कि दोजी ठेकेदार के आम के बाग में मझरा घाट से बैरूआ गांव को जाने वाले खड़ंजे से कच्चे रास्ते के पास कुछ लोग तमंचा फैक्ट्री चला रहे हैं। प्रभारी वहां पहुंचे तो आरोपी भागने लगे। लेनिक पुलिस ने गांव मझरा निवासी सगीर व हसमत को पकड़ लिया। थाने लाकर पुलिस ने दोनों से पूछताछ की तो उनकी निशानदेही पर अधबनी 12 बोर बंदूक की नाल, बट, हथोड़ी, चाप, कोयला, निहाई लोहा आदि सामान मिला।



## एक नजर

### एसडीएम ने लगवाई साठा धान पर रोक, दी चेतावनी

**बिलासपुर, अमृत विचार :** उप जिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय के निर्देश पर अहरौला गांव पहुंचे लेखपाल महेन्द्र सिंह ने साठा धान लगा रहे किसान को चेतावनी दी। उसकी तैयारियों पर रोक लगा दी। एसडीएम को किसी ने सूचना दी कि अहरौला गांव में एक किसान चार एकड़ भूमि में प्रतिबंधित साठा धान लगाने की तैयारी कर रहा है। इस पर एसडीएम ने तहसीलदार को जांच व कार्रवाई रिपोर्ट देने को कहा। तहसीलदार ने मौके पर लेखपाल को भेजा। लेखपाल ने तैयारी रोके जाने व अभी तक कोई साठा धान न लगने की रिपोर्ट सौंप दी है।

### 250 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार :** गंज पुलिस ने गश्त के दौरान एक युवक को शक होने पर पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास से 250 ग्राम चरस मिली। थाना गंज पुलिस ने आरोपी आहत पुत्र फहीम निवासी मोहल्ला घेर तोंगा थाना गंज को 250 ग्राम चरस के साथ मोहल्ला पंखेवालान से बिलासपुर रोड से गिरफ्तार किया।

# टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर थे लोग : औलख

## कृषि राज्यमंत्री ने किया 11 सड़कों का शिलान्यास, उत्तराखंड सीमा से जोड़ी गईं यूपी की सड़कें

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

**अमृत विचार :** कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि पहले भी विधायक रहे हैं। उनके कार्यकाल में लोग टूटी सड़कों पर चलने को मजबूर थे, लेकिन अब कहीं भी जाना होता है तो आप बेझिझक चल देते हैं। हर ओर अच्छी सड़कें हैं। 30 साल पहले रूद्रपुर मंडी से यह सड़क बनी थी। बाद में तीन साल पहले यह सड़क बनाई गई। अब इसे उत्तराखंड की सीमा से जोड़ा जा रहा है।

कृषि राज्यमंत्री ने शुक्रवार को 11 सड़कों का शिलान्यास किया। ये सभी सड़कें पीडब्ल्यूडी की ओर से बनाई जा रही हैं। राज्यमंत्री ने नवाबगंज में मंदिर निर्माण का भी भूमि पूजन किया। यह मंदिर छह माह में बनकर पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद नवाबगंज के लोगों ने मंत्री का स्वागत किया। ब्लॉक प्रमुख कुलवंत औलख ने कहा कि मंत्री बलदेव सिंह औलख जब कहीं जाते हैं तो उन्हें क्या काम करना है, यह उनके दिमाग में फीड हो जाता है। लोग जब तक काम के लिए बोलते हैं, तब तक काम की फाइल शासन में पहुंच जाती है। इस दौरान सतनाम सिंह, प्रधान राहुल, बलविंदर सिंह, योगेश झाम, प्रधान हरमन पन्नू, हरजिंदर सिंह ,नर्देश्वर राव, जगवीर सिंह, गुलाब सिंह चौहान, तरसेम डोगरा भगवान दास, गुरनाम दास, ग्राम प्रधान भगवती, दलीप सिंह, ललित पांडेय, उमेद डोबल, हीरा सिंह, चेयरमैन विद्याराम, श्यामल मिर्धा मंडल अध्यक्ष, रविंद्र सिकदार जिला मंत्री भाजपा आदि मौजूद रहे।


तराजू में लड्डुओं से तौले गए कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख। ● अमृत विचार

### इन सड़कों का हुआ शिलान्यास

- चंदेन मंदिर से एनएच-87 टेमरा संपर्क मार्ग लंबाई 2 .700 किलोमीटर, लागत 50 .64 लाख
- पीडब्ल्यूडी रोड से टेमरा संपर्क मार्ग के पुन: निर्माण की लंबाई 1.050 और लागत 47 .81 लाख
- एनएच 87 के किमी 34 से जोसफ नगर संपर्क मार्ग की लंबाई 2 .000 किमी, लागत 33 .61 लाख
- एनएच 87 के किमी 38 से गुरुद्वारा वाया डिबडिबा चंदेन होते हुए बागवाड़ा (उत्तरांचल सीमा) मार्ग की मरम्मत लंबाई 2 .500 किमी और लागत 126 24 लाख
- बिलासपुर मिलक मार्ग से मुकरमपुर संपर्क मार्ग की विशेष मरम्मत लंबाई 2 .000 किमी और लागत 39 .36 लाख
- पहाड़पुर से बोसेना मार्ग का पुन: निर्माण लंबाई 3 .250 किमी लागत 167 .89 लाख
- सैदुल्ला फार्म से बोसेना मार्ग लंबाई 0 5000 किमी लागत 59 .13 लाख
- मनुनगर चंदेला पहाड़ी टोला( उत्तरांचल बॉर्डर) संपर्क मार्ग लंबाई 2 .000 किमी लागत 35 .92 लाख
- विशारत नगर से नवाबगंज मार्ग लंबाई 5 .000किमी लागत 105 .75 लाख
- कादरीगंज संपर्क मार्ग लंबाई 2 .100 किमी लागत 30 .55 लाख
- पजावा से पंजाब नगर संपर्क मार्ग का पुन: निर्माण 3 .100 किमी लागत 141.97 लाख


तैयारियों के संबंध में लोगों को बताते समिति के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# मतकटा सम्मेलन में नाटक होली के गीतों की रहेगी धूम

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**होली पर धूमधाम से निकलेगी मतकटे दूल्हा की बरात**

**अमृत विचार :** पुराना गंज से होली की पूर्व संध्या पर सतखसमी मतकटी परिषद की ओर से मतकटे दूल्हा की बरात निकाली जाएगी। मतकटा सम्मेलन में हास्य व्यंग, कवि सम्मेलन, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता, नाटक, होली के गीतों पर युवक नृत्य प्रस्तुति देंगे।

पुराना गंज हरिहर मंदिर में सतखसमी मतकटी परिषद की बैठक में रामऔतार पाल ने बताया कि 24 मार्च को बरात निकाली जाएगी। सम्मेलन में मतकटे और मतकटियों का जमावड़ा रहेगा। कार्यक्रम को लेकर रूप रेखा बनाई और जिम्मेदारियां सौंपी गई। हरिहर मंदिर से बरात क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से वापस मंदिर पहुंचेगी। इस दौरान राम सरन देवल, निक्की शर्मा, नमन देवल, मोहित सिंह, राजीव प्रजापति, विजय गुप्ता, चिंटु ठाकुर, विवेक गुप्ता, भूरा पंडित, धर्मेंद्र गुप्ता, ललित ठाकुर, छोले बाबू, ड. चिरंजी प्रजापति शगुन गुप्ता, रविंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# मानदेय न मिलने पर दिया धरना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** ठेका बिजली कर्मचारियों को समय से मानदेय नहीं मिला। इसे लेकर शुक्रवार को वे भड़क गए और डूंगरपुर बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। उन्होंने एक्सईएन प्रथम को ज्ञापन भी सौंपकर मानदेय दिलाने की मांग उठाई है।

फरवरी का मानदेय नहीं मिलने पर डूंगरपुर के 19, किला बिजलीघर 16 कर्मचारियों ने बिजलीघर में धरना दिया। इस दौरान उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निविदा, संविदा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार यादव ने कहा कि ठेका कर्मचारियों का फरवरी का मानदेय नहीं दिया गया है। इसके विरोध में उन्होंने कार्य बहिष्कार कर धरना दिया। कहा कि विद्युत निगम के अधिकारी कर्मचारियों से लाइनों, बकाया वसूली का कार्य करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इतने मानदेय में परिवार का गुजरा करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके बाद कर्मचारी जुलूस की शक्ल में नवाबगेट गेट डिवीजन एक्सईएन कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने एक ज्ञापन एक्सईएन को सौंपा। बताया कि विद्युत निगम के ठेका बिजली कर्मचारियों का जनवरी माह में मानदेय कट गया था। तब भी कर्मचारियों ने मैहर इंटरप्राइजेज के खिलाफ नारेबाजी कर धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान नासिर मियां, पवन कुमार, राकेश चंद शर्मा, महेश कुमार, ऐश्वर्या प्रसाद, शान, राजीव कुमार सक्सेना, नीरज कुमार, अशरफ अली, सुनील कुमार, गुलफाम, आमिर, अजीम शाह खां, शुऐब अहमद, महेश यादव आदि रहे।



डूंगरपुर बिजलीघर में प्रदर्शन करते निविदा कर्मचारी। ● अमृत विचार

**डूंगरपुर, किला बिजलीघर के ठेका कर्मचारियों को नहीं मिला मानदेय**

# वॉलीबॉल व बास्केटबॉल के लिए बालकों की लंबाई हो 175 सेमी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**खेल साथी पोर्टल पर ऑनलाइन या ऑफलाइन करें आवेदन**

**अमृत विचार :** जिला खेल कार्यालय की ओर से आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में विभिन्न खेलों के प्रवेश के लिए कई तिथियों में बालक-बालिकाओं के चयन ट्रायल्स पुन आयोजित किए जाएंगे।

अभ्यर्थी को खेल साथी पोर्टल पर लॉगिन कर ऑनलाइन व ऑफलाइन आवेदन करना होगा। आवेदन पत्र भरकर निधार्रित शुल्क बैंक में जमा करना होगा। अधिक जानकारी के लिए उप क्रीड़ाधिकारी संतोष कुमार से संपर्क कर सकते हैं। तैराकी, तीरांदाजी, बास्केबॉल, टीटी हैंडवाल, वॉलीबॉल बालक और बालिका जिनकी आयु 12 से 15 वर्ष है, वह 16 मार्च को बमनपुरी स्टेडियम में 10 बजे से जा सकते हैं। मंडल स्तर पर 18 मार्च की सुबह 11 बजे नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्टेडियम में होगा। कुश्ती बालिका वर्ग और जूडो बालक वर्ग भी 16 मार्च को होगा। ट्रायल में भाग लेने के लिए इच्छुक खिलाड़ी की आयु एक अप्रैल 2024 को जिमनास्टिक व तैराकी खेल में 12 वर्ष से कम एवं अन्य खेलों में 15 वर्ष से कम होनी चाहिए। आयु के संबंध में खिलाड़ी अपने स्कूल के प्रधानाचार्य से जन्म तिथि प्रमाण पत्र लेकर आए। इसके साथ ही अंडर 15 वर्ष के लिए वॉलीबॉली और बास्केटबॉल के लिए लंबाई175 सेमी और बालिका वर्ग के लिए 160 सेमी होना चाहिए।

# विधायक ने सड़कों का किया लोकार्पण

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने ग्रामीण इलाकों में विधायक निधि से बनकर तैयार हुईं सड़कों और तालाब की दीवार का लोकार्पण किया। ग्रामीणों को मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकारें विकास व गरीब कल्याण की गारंटी है।

शुक्रवार को शहर विधायक ने ग्राम रहटगंज, रतनपुरा, मडैयान कली, मडैयान पीपला, घनश्यामपुर, मिलक सिकरौल व मंढोली में सड़कों व तालाब की दीवार का लोकार्पण किया। इन विकास कार्यों की लागत करीब 50 लाख रुपये हैं। शहर विधायक ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार आप लोगों ने भाजपा का विधायक बनाया है, तो आप लोगों की समस्याएं भी दूर होनी चाहिए। कच्चे व कीचड़ भरे रास्तों से मुक्ति मिलनी चाहिए। हमने ग्रामीण विकास के संकल्प को पूरा करने के लिए यह निर्णय किया था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री गरीबों के उत्थान और सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रहे हैं। आज गरीब का भी पक्का मकान बन पा रहा है, तो एक गरीब अच्छे अस्पताल में इलाज कराने की सोच सकता है। यही नहीं हवाई चप्पल पहनने वाला हमारा गरीब आज इतना सशक्त हो गया है कि वह भी हवाई जहाज की यात्रा कर सकता है। विकास का यह क्रम ऐसे ही जारी रहे, इसके लिए उन्होंने एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की अपील की। उन्होंने गांव-गांव जाकर ग्रामीणों से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में समय से पहुंचने की अपील की।



सड़क का लोकार्पण करते विधायक आकाश सक्सेना। ● अमृत विचार

**शहर विधायक बोले- कच्चे और कीचड़ भरे रास्तों से लोगों को मिलनी चाहिए मुक्ति**

# अभद्रता करने पर भड़के किसान, किया विरोध-प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने किसानों से अभद्रता करने वाले अधिकारी को बंधक बनाने की चेतावनी दी है। उन्होंने एनएचएआई के अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया।

किसान नेता महबूब अली ने भाकियू भानू के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी से शिकायत की थी। बताया था कि उनकी जमीन हाइवे के दोनों तरफ है। खेत में जाने वाला पानी का बंबा हाईवे वालों ने बंद कर दिया है। गेहूं और मक्का की फसल सूखने की कगार पर है। इस बारे में कई बार अधिकारियों को सूचना दी। लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

इसके बाद हनीफ वारसी भाकियू के पदाधिकारी को लेकर हाईवे बाईपास पर पहुंच गए। यहां एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर विकास मित्तल को फोन कॉल कर किसानों की समस्या बताई। रास्ता नहीं खोलने पर हाईवे पर जाम लगाने की चेतावनी दी। उन्होंने साइड इंजीनियर को भेजने का आश्वासन दिया था। किसानों ने आधे घंटे का समय दिया। आधे घंटे के अंदर तुषार गुप्ता साइड इंजीनियर पहुंच गए। किसानों कंपनी के मैनेजर को बुलाने पर अड़ गए। इस बीच अधिकारियों ने किसानों को शांत किया और जेसीबी मंगा कर बंबा खुलवाया। किसानों ने कहा कि भविष्य में किसानों का शोषण या फिर अभद्रता की तो रोड पर ही धरना दिया जाएगा। अभद्रता करने वाले अधिकारी को बंधक बनाया जाएगा। विरोध प्रदर्शन करने वालों में गुड्डू खान,मुराद खान, नादिर मियां, गुफरान अली, कासिम मियां, जावेद अली आदि रहे।


हाईवे पर जेसीबी से बंबा खोदवाते किसान। ● अमृत विचार


पंचायत में किसानों को संबोधित करते जिला उपाध्यक्ष आकिल खां। ● अमृत विचार

**आरोपी अधिकारी को बंधक बनाने की दी चेतावनी**

### समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे किसान

**शाहबाद, अमृत विचार :** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन भानू की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करने की योजना बनाई। शाहबाद क्षेत्र के किसान रवानापट्टी गांव में एकत्रित हुए। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष आकिल खां ने कहा कि किसानों का कर्जा माफ किया जाए। गेहूं का मूल्य 3000 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौपेंगे। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष आकिल खां, ओमप्रकाश मौर्य, वीरपाल, मौर्य, मुरारीलाल, सोमपाल गुप्ता, किरन पाल, नियाज मोहम्मद, इस्लाम, नंदकिशोर सागर, विक्रम सागर, ताहिर खां, पुष्पेन्द्र कुमार, सलीम मलिक, ओमप्रकाश मौर्य, अकबर मलिक आदि मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता से चुनाव के प्रति किया जागरूक

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर क्षेत्र के गांव घाटमपुर स्थित कंपोजिट स्कूल में छात्राओं ने सलाद प्रतियोगिता में चुनाव के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। सलाद प्रतियोगिता में शुक्रवार को गाजर, चुकंदर, मूली, खीरा, प्याज, धनिया एवं बंद गोभी के माध्यम से प्लेट में सलाद सजाकर स्वीप लिखा। निर्वाचन के संबंध में जन जागरूकता में सहयोग किया। इसमें अलीजा, अलीशा, पुष्पा, खुशी, राखी, सानिया, रुबीना, बुशरा, उजाला, समरीन आदि का सहयोग रहा।



छात्र-छात्राओं द्वारा बनाए गई सलाद।

## सार संक्षेप

### स्वास्थ्यकर्मियों ने ली धूमपान नहीं करने की शपथ

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शुक्रवार को धूम्रपान निषेध दिवस मनाया गया। सीएमएस डॉ. एचके मित्रा ने स्वास्थ्य कर्मचारियों को शपथ दिलाई। धूम्रपान नहीं करने की हिदायत दी। कहा कि युवाओं को धूमपान से होने वाले नुकसान के बारे में जागरूक करेंगे। जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. संतोष कुमार के निर्देशानुसार जिला अस्पताल में शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। तंबाकू नियंत्रण सलाहकार डॉ. शहजाद हसन ने कहा कि फेफड़ों का कैंसर, सांस संबंधी समस्याएं, मधुमेह का खतरा, प्रजनन क्षमता पर दुष्प्रभाव, डिमेंशिया आदि का खतरा धूम्रपान के कारण रहता है।

### भारत को बनाना है विकसित राष्ट्र : सुरेश

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव नारायणपुर स्थित ग्लोबल पीजी कॉलेज में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प पत्र के तहत कार्यक्रम हुआ। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने 2024 में फिर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनाने में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्वार-टांडा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी सुरेश गुप्ता ने कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए प्रधानमंत्री देशवासियों के साथ शपथ ली है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। इसके लिए सुझाव मांगे गए। सुझाव लेकर ही भाजपा का घोषणा पत्र तैयार किया जाएगा। कहा कि भाजपा के कार्यकर्ता लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जिताने में सहयोग करे। अंत में सभी ने अपने अपने सुझाव पत्र पेटिका में मत डाले। इस दौरान दिलीप अरोड़ा, मुनेश चौहान, प्रबंधक योगेश चौहान आदि रहे।


पुलिस लाइन में गोष्ठी करते एडीजी पीसी मीना। ● अमृत विचार

### गोष्ठी में कानून व्यवस्था और त्योहार पर हुई चर्चा

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस लाइन में शुक्रवार को एडीजी पीसी मीना बरेली जोन पुलिस लाइन पहुंचे। जहां उन्होने कानून-व्यवस्था व त्योहार को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। सख्ती से ड्यूटी करने के निर्देश दिए। रिजर्व पुलिस लाइन स्थित सभागार में अपर पुलिस महानिदेशक पीसी मीना ने पुलिस के राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गोष्ठी की। इसमें कानून-व्यवस्था, त्योहार, लोकसभा चुनाव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान मुरादाबाद के पुलिस उपमहानिरीक्षक मुनिराज जी, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी व एएसपी अतुल कुमार श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### खेलकूद के विजेताओं को किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला सहकारी बैंक सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में विजेता रहे परिषदीय विद्यालयों की टीमों, छात्र- छात्राओं को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि खेल मानव जीवन के लिए आवश्यक है। खेलों से हमारे व्यक्तित्व का विकास होता है। जिन बच्चों ने प्रदेश स्तर पर मेडल प्राप्त कर जनपद का नाम रोशन किया है, वे एवं उनके शिक्षक बधाई के पात्र हैं ।जिलाधिकारी ने कहा, आशा ही नहीं, पूर्ण विश्वास है कि वह अपने जीवन में निरंतर अभ्यास के माध्यम से आगे बढ़ते रहेंगे। राष्ट्रीय स्तर पर भी जनपद का नाम रोशन करेंगे। उन्होंने टीम इंचार्ज शिक्षकों को सम्मानित किया।

**शिविर** पांच दिवसीय मदर टेरेसा रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

# कार्य को सफल बनाने के लिए मेहनत जरूरी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे मदर टेरेसा रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। इस दौरान भारत स्काउट और गाइड के सचिव ओम प्रकाश सैनी ने कहा कि किसी भी कार्य को सफल बनाने के लिए पूर्णनिष्ठा, लगन व मेहनत जरूरी है। उन्होंने प्रशिक्षण में सीखे गए कार्यों को जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

शिविर के अंतिम दिन रेंजर्स ने प्रशिक्षण का प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रकार के गैजेट्स- चम्मच स्टैंड, जूता स्टैंड, बाथरूम, पूजा घर, ग्लास स्टैंड, बाल्टी स्टैंड, कूड़ेदान, बर्तन स्टैंड, पुस्तकालय, फर्स्टड बॉक्स बनाए। रेंजर्स ने झांकियों की प्रस्तुति दी। रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने शिविर की आख्या प्रस्तुत की। झांकियां, नुक्कड़ नाटक, लोक नृत्य, लोकगीत, देशभक्ति गीत, समूह गीत प्रस्तुत किया गया। प्राचार्य डॉ. अतुल शर्मा ने कहा कि रेंजर्स प्रशिक्षण से बच्चों की शारीरिक और मानसिक विकास होता है। जिला संगठन कमिश्नर गाइड नरवंत कौर ने कहा कि शिविर में रेंजर्स किसी भी परिस्थिति में जीवन जीने की कला सीखते हैं। संचालन रेंजर्स प्रभारी डॉ. मनोरमा चौहान ने किया। इस दौरान रेंजर्स समिति के सदस्य डॉ. सुनीता, डॉ. अंकिता, डॉ. मोहम्मद कासिम,डॉ. प्रतिभा यादव, डॉ. प्रीतिबाला शर्मा आदि रहे।


रेंजर्स शिविर में रंगोली बनातीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### आंबेडकर टोली को मिला प्रथम स्थान

टेंट एवं गैजेट प्रतियोगिता में रमाबाई भीम राव आंबेडकर टोली प्रथम, किरण बेदी टोली द्वितीय, रानी लक्ष्मीबाई टोली तृतीय रही। बिना बर्तन भोजन प्रतियोगिता में ज्योति रानी प्रथम व कंचन, काजल द्वितीय व साक्षी पाल तृतीय स्थान पर रहीं। झांकी में प्रीति लता वादेदार टोली, कल्पना चावला टोली तथा रानी लक्ष्मीबाई टोली ने क्रमश: प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में डॉ. आलोक गुप्ता, डॉ. नरेन्द्र सिंह, डॉ. जया कुमारी, डॉ. कुणाल दीक्षित आदि रहीं।

# मुरादाबाद मार्ग पर डंपर ने दो भाइयों को रौंदा, एक की मौत

संवाददाता, टांडा (रामपुर)

**अमृत विचार :** टांडा थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम बाइक सवार दो भाइयों को डंपर चालक ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों घायल हो गए। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने अनूप सिंह को मृत घोषित कर दिया।


अनूप सिंह।

क्षेत्र के गांव बहादुर का मझरा में राजपाल सिंह का परिवार रहता है। उनका बड़ा बेटा अनूप (40) व छोटा बेटा विजय (30) रामपुर मार्ग स्थित व्हील्स इंडिया फैक्ट्री में मजदूरी करते थे। गुरुवार शाम दोनों भाई फैक्ट्री से बाइक पर घर आ रहे थे। जैसे ही अनूप बाइक को लेकर गांव बादली से मुरादाबाद मार्ग पर पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो मुरादाबाद की दिशा से आ रहे डंपर ने बाइक सवार दोनों भाइयों को रौंद दिया। जिससे अनूप की मौत हो गई। जबकि विजय गंभीर रूप से घायल हो गया। हालांकि राहगीर एंबुलेंस से दोनों सीएचसी ले गए। लेकिन चिकित्सक ने अनूप को मृत घोषित कर दिया।

### डंपरों से हादसों का रहता है खतरा

जिले में धड़ल्ले से दौड़ रहे डंपर मौत का कारण बन रहे हैं। जिलाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स का गठन किया गया है। इसके बाद भी अधिकारी इन डंपरों को नहीं रोक पा रहे हैं। जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं। स्वार, मसवासी और दढ़ियाल में रोड पर ओवर लोड वाहन दौड़ रहे हैं, जो लोगों को मौत बांट रहे हैं। गुरुवार शाम मुरादाबाद मार्ग पर डंपर ने बाइक सवार को टक्कर मार दी थी। जिससे युवक की मौत हो गई।

## एक नजर

### एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने पुलिस लाइन में परेड की सलामी ली और बाद में निरीक्षण किया। उन्होंने भोजनालय, पुलिस म्यूजियम, कैंटीन, मनोरंजन कक्ष में सफाई व्यवस्था देखी। शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाइन में परेड हुई। इसमें पुलिस अधीक्षक ने परेड की सलामी ली। परेड में लगे पुलिस कर्मियों का टर्न आउट चेक किया।

### अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने बताया कि बचपन में वह जिस विद्यालय में पढ़ते थे, वहां के अध्यापक उन्हें अपनी साइकिल से स्कूल ले जाते थे। कंपोजिट विद्यालय मॉडल मांटेसरी स्कूल के छात्रों ने स्वागत गीत और कंपोजिट विद्यालय घाटमपुर के बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम में शुक्रवार को जिलाधिकारी ने 180 विद्यालयों के अध्यापकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बताया कि निपुण लक्ष्य के प्रयोग में जनपद पूरे प्रदेश में पांचवें स्थान पर रहा है। कार्यक्रम का समापन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजीव कुमार ने किया।

### लाठी-डंडों से युवक को पीटा, चार पर रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचार :** पटवाई थाना क्षेत्र के गांव गौसमपुर निवासी चंद्रपाल का कहना है कि कुछ दिन पहले उनका पुत्र प्रमोद नानकार गांव से वापस अपने घर आ रहा था। तभी रास्ते में काशीराम, शंकर, वीरपाल, खेमपाल ने उसे रोककर गाली गलौज की और उसे लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया था। किसी तरह वह घर पहुंच गया। पीड़ित के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी काशीराम, शंकर, वीरपाल और खेमपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### सामान की हुई नीलामी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में कई सालों पुराना जो सामान निष्प्रोजय हो चुका है। उसकी शुक्रवार को दोपहर एक बजे नीलामी हुई। इसमें कई ठेकेदारों ने प्रतिभाग किया। सामान में पुरानी कुर्सियां, मेज, अल्मारी थी। इसकी नीलामी के लिए पिछले सूचना अस्पताल प्रशासन ने सूचना भी निकाली थी। जिसमें समय एक बजे का रखा गया था।

# कांशीराम ने दलितों को राजनीति में दिलाई हिस्सेदारी

## बसपाइयों ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक की मनाई जयंती, जीवन पर प्रकाश डाला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** बसपाइयों ने बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती मनाई। इस मौके पर मंडल प्रभारी सत्यपाल सिंह ने कांशीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति को अपने जीवन का लक्ष्य निर्धारित किया। उसकी प्राप्ति के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया।

बाबा दीप सिंह नगर स्थित बसपा के कार्यालय में शुक्रवार को जयंती के मौके पर जिलाध्यक्ष प्रमोद कुमार सागर ने कहा कि दलित, पिछड़ों को राजनीति में हिस्सेदारी दिलाने का काम कांशीराम ने किया। उन्होंने कहा कि वह एक भारतीय राजनीतिक और समाज सुधारक भी थे। जिन्होंने पिछड़ों बहुजनों के उत्थान और राजनीतिक एकजुट के लिए काम किया। कहा कि कांशीराम को बहुत पहले ही भारत रत्न मिल जाना चाहिए था। लेकिन किसी भी सरकार ने उनको भारत रत्न नहीं दिया। इस दौरान हबीबुल रहमान, सरजू भास्कर, महेंद्र सागर, सुरेंद्र सिंह सागर, राजेश प्रकाश सैनी, रमेश श्रीवास्तव, अखिलेश गुप्ता, अर्जुन सिंह सागर, दिलीप सिंह, राकेश सागर, दिनेश जाटव, उस्मान अली, परमानंद श्रीवास्तव, विजय सिंह सागर, सुरेंद्र कुमार, सुशील कुमार, सोनू सागर, हरनंदन सागर आदि रहे।



कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बसपा जिलाध्यक्ष व अन्य। ● अमृत विचार

**जयंती**

▸▸ बसपा के कार्यालय में बोले वक्ता- राजनीतिक और समाज सुधारक थे कांशीराम

### कांशीराम के बताए मार्ग पर चलकर होगा भला

**रामपुर, अमृत विचार :** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश कुमार सागर ने कहा कि कांशीराम अब हमारे बीच नहीं है, लेकिन उनके बताए मार्ग पर हमेशा हमें चलना चाहिए। क्योंकि उससे बहुजन समाज के लोगों का भला हो सकता है। आंबेडकर पार्क में कांशीराम की जयंती मनाई गई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांशीराम ने बहुजन समाज के लिए अनेक कार्य किए। उनमें एक बहुजन समाजके लोगों को राजनीति करना सिखाया। भीम आर्मी जय भीम के जिला अध्यक्ष राजेश खन्ना ने कहा कि बहुजन समाज के नायक,प्रेरणास्रोत कांशीराम ने शोषित, उपेक्षित एवं उत्पीड़ित वर्ग को झकझोर कर गहरी नींद से जगाया। उन्हें उनके अधिकारों को याद दिलाई। रूढ़िवाद समाज में व्याप्त सामाजिक गैर–बराबरी और आर्थिक मुक्ति के लिए उन्होंने जीवनभर संघर्ष किया। ऐसे बहुजनों के राजनीतिक उत्थान के लिए कार्य करने वाले कांशीराम की जयंती पर उनको शत शत नमन किया। दिनेश कुमार बबली जिला महामंत्री ने कहा की वो हमेशा कहते थे कि तमन्ना सच्ची हो तो हजारों रास्ते निकल आते हैं। इस मौके पर दिनेश कुमार, बबली, प्रमोद सागर, शांति शरण सागर, जसराज सिंह रहे।


चित्र पर फूल अर्पित करते पदाधिकारी।


भाजपाइयों को संबोधित करते भाजपा नेता भारत भूषण गुप्ता। ● अमृत विचार

# लोकसभा चुनाव के लिए मेहनत में नहीं छोड़ें कमी

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** विकास खंड कार्यालय स्थित ब्लॉक प्रमुख कक्ष में शुक्रवार को भाजपा के नगर व चारों मंडलों के प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर चर्चा की।

लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी व एमएलसी डॉ. हरिसिंह ढिल्लो ने पदाधिकारियों से कहा कि वे मेहनत में कोई कमी न छोड़ें। आम चुनाव को जीतने के लिए विशेष प्रयास करने होते हैं। उन्होंने सेक्टरों व बूथों की मजबूती पर जोर दिया। लोकसभा संयोजक सुरेश गंगवार, सह संयोजक मोहनलाल सैनी, विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी भारत भूषण गुप्ता, रोहिताश मौर्य, पालिका चेयरमैन चित्रक मित्तल, ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह, मंडल अध्यक्ष चेतन पारुथी, श्यामल मिर्धा, रविंद्रनाथ सिकदार आदि रहे।

# दुकानों तक पहुंचाया जाए राशन

संवाददाता, मिलक

**अमृत विचार :** तहसील में शुक्रवार को डीलरों ने उप जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रभारी तहसीलदार सीमा गंगवार को सौंपा। उन्होंने छोटे वाहनों से दुकानों तक राशन पहुंचवाने की मांग की।

कहा कि वन राशन कार्ड, वन कमीशन राशन विक्रेताओं को दिलवाया जाए। डोर स्टेप डिलीवरी के ठेकेदार और शासन से उचित दर विक्रेताओं को जो वितरण के लिए कांटे उपलब्ध कराए गए हैं, जिन दुकानों तक बड़े वाहन नहीं पहुंच रहे हैं, वहां पर छोटे वाहनों की व्यवस्था कर राशन पहुंचाया जाए। छोटे वाहन न लगने के कारण दुकानदारों को अतिरिक्त खर्च 2,000 रुपये देना पड़ता है। उचित दर विक्रेताओं से छोटी दुकानों से 1500 रुपये और बड़ी दुकान से 3000 रुपये का किराया वसूल किया जाता है। 60 किलो से एक क्विंटल तक की घटतौली ठेकेदार कर रहे हैं। इस दौरान पूजा देवी, दल सिंह, गीता, विजेंद्र कश्यप, थान सिंह, नरेश कुमार, मानसिंह, दीपक कुमार, चंद्रपाल, रामवती, लक्ष्मी देवी, बलदेव प्रसाद, सुभाष बाबू, पन्नालाल, गंगाधर, राधेश्याम, आनंदी प्रसाद और प्रेमलता सहित आदि कोटा डीलर मौजूद रहे।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपतें राशन डीलर।

▸▸ राशन विक्रेताओं ने प्रभारी तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## सार संक्षेप

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**सैदनगर, अमृत विचार :** अजीमनगर थाना क्षेत्र में किशोरी से दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि गांव निवासी एक किशोरी चारा लेने के लिए गई थी। किशोरी जब खेत में चारा काट रही थी तभी पड़ोसी युवक वहां पहुंचा और वह छेड़खानी करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने जबरदस्ती दी। धमका कर युवक किशोरी को गेहूं के खेत में ले गया। इस दौरान आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में वह धमकी देकर वह फरार हो गया। किशोरी ने घर आकर परिजनों को आपबीती बताई। इसके बाद किशोरी के परिजनों ने आरोपी को तलाश किया, लेकिन वह घर से गायब था। किशोरी अपने परिजनों के साथ थाने पहुंची। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मामला दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक पवन वीर सिंह राणा ने बताया कि किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए अस्पताल भेजा गया।

### बाइक सवारों ने सिपाही पर थप्पड़ मारने का लगाया आरोप

**सैफनी, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम नगर निवासी तीन युवक बाइक से बस स्टैंड पर किसी काम से आए थे। इस दौरान वहां एक सिपाही ने उनमें से एक युवक को चलती बाइक पर थप्पड़ मार दिया। जिससे वह अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। लोग उन्हें उठाने के लिए पहुंचे। सिपाही के गलत व्यवहार से नाराज लोगों ने पुलिस से बहस की। दरोगा राजबहादुर ने बताया कि थप्पड़ मारने की बात गलत है। बाइक रोकने के दौरान बाइक सवार गिर गए। बाद में समझौता हो गया।

### 783 रोगियों की हुई ओपीडी

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में शुक्रवार को 783 रोगियों की ओपीडी हुई। इनमें ज्यादातर खांसी, जुकाम के रोगी शामिल रहे। जनरल फिजिशियन डॉ. शशांक झा, संजय अग्रवाल ने बताया कि मौसम में बदलाव होने की वजह से खांसी, जुकाम और बुखार के रोगियों की संख्या बढ़ी है। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. पल्लव सिंघल ने सर्दियों में सेहत के प्रति लापरवाही बरतने पर बच्चों में कई प्रकार की बीमारियां हो रही हैं। इसीलिए बच्चों को विशेष तौर से ध्यान रखें।

### दिव्यांगों के नहीं बन रहे राशन कार्ड

**रामपुर, अमृत विचार :** ऑल इंडिया दिव्यांग सेवा संगठन के राष्ट्रीय महासचिव सिफात अली ने कहा कि दिव्यांगों के राशन कार्ड नहीं बनवाए जा रहे हैं। इस बारे में कई बार जिला पूर्ति अधिकारी को ज्ञापन दे चुके है लेकिन उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। आरोप लगाया कि दिव्यांगों के राशन कार्ड के मोबाइल नंबर बदलकर राशन कार्ड होल्डरों के लगा दिए गए हैं जिसके चलते पात्रों के मोबाइल नंबरों पर ओटीपी नंबर नहीं आ रहा हैं। जिससे दिव्यांगों को जीवन व्यतीत करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### वर्कशॉप में खत्म हुए मीटर

**रामपुर, अमृत विचार :** नवाबगेट स्थित विद्युत निगम की वर्कशाप में मीटर खत्म हो गए है। जिन उपभोक्ताओं ने कनेक्शन के लिए आवेदन कर रखा है।उनको वर्कशाप के अधिकारी सिर्फ आश्वासन दे रहे हैं। एक समस्या पिछले एक माह से बनी हुई है। शहरी क्षेत्र के 300 से अधिक ऐसे उपभोक्ता है जिनके घरों में मीटर नहीं लगे हैं। मीटर लगवाए जाने के लिए उपभोक्ताओं पर सरकारी फीस भी अदा चुके है। लेकिन इसके बाद उनके घरों में मीटर नहीं लग पा रहे हैं। ऐसे में उनको काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सहायक अभियंता रवि कुमार गुप्ता ने बताया कि मीटरों के लिए मेरठ को लिखकर भेजा जा चुका है। जब मीटर आएंगे। तो उपभोक्ताओं के लिए संबंधित बिजलीघर के जीएमटी को सौंपे जाएंगे।

### न्यायमूर्ति आलोक माथुर का एसपी ने किया स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के न्यायमूर्ति आलोक माथुर शुक्रवार शाम निरीक्षण भवन पहुंचे। यहां पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने उनका स्वागत किया। बार एसोसिएशन के महासचिव शिव नरेश तोमर ने बताया कि सुबह नौ बजे से 11 बजे तक सभी अदालतों का निरीक्षण किया जाएगा। इसे लेकर कोर्ट में शुक्रवार से ही सफाई कराई गई है।


न्यायमूर्ति आलोक माथुर का स्वागत करते एसपी राजेश द्विवेदी।


कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# बंगाली समुदाय ने मनाया चांद ठाकुर का जन्मोत्सव

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचार :** बंगाली समुदाय बाहुल्य गांव मानपुर ओझा की अशोकनगर कॉलोनी स्थित श्रीहरि गुरुचांद धर्म मंदिर में श्रीगुरु चांद ठाकुर का जन्मोत्सव मनाया गया।

श्रद्धालुओं ने अपने गुरु के नमन के लिए 178 दीप जलाए। मंदिर में अन्य जनपदों व प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने भी हिस्सा लिया। रातभर सांस्कृतिक कार्यक्रम चलते रहे। अखिल भारतीय मतुआ महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष जयकिशन, निखिल भारत बंगाली समन्वय समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. आरआर दास व महासचिव दीपांकर बैरागी एडवोकेट ने अपने संबोधन में श्री गुरु के अखंड भारत में दिए गए महान योगदानों पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान श्यामल मिर्धा, रविंद्रनाथ सिकदार, प्रकाश मजूमदार, पुजारी गुरुदास आदि रहे।

### बिना नक्शा पास कराए निर्माण करने वाले कई लोगो को थमाए नोटिस

**रामपुर, अमृत विचार:** ग्रामीण क्षेत्र में अनियोजित निर्माण प्रतिबंधित है। इसके लिए जिला पंचायत द्वारा काफी समय से ग्रामीणों को विभिन्न माध्यम से बता रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में अनियोजित निर्माण न कराएं। निर्माण कराने से पूर्व नक्शा अवश्य पास करा लें। जिला पंचायत विभाग ने कई अनियोजित निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर दिया है। प्रभारी अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत नीरज रस्तोगी ने बताया कि तहसील टांडा के ब्लॉक सैदनगर के ग्राम सूरतसिंहपुर उर्फ नया गांव के इश्तियाक प्रधान ने कृषि भूमि पर बैंकट हाल बनवाया है। लेकिन इसका नक्शा जिला पंचायत से पास नहीं कराया है। इसी क्रम में ब्लॉक स्वार के चार ग्रामीणों को बिना नक्शा पास कराए भवन निर्माण कराए जाने पर नोटिस जारी कर दिया है।



अंतरा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। ● अमृत विचार

# मीनाक्षी और अंतरा को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सीनियर राष्ट्रीय महिला योगासन खेल प्रतियोगिता में मीनाक्षी रानी आर्या और अंतरा यादव को सम्मानित किया गया। अस्मिता खेलो इंडिया रास्ट्रीय योगासन महिला योगासन खेल प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमद दयानन्द कन्या गुरुकुल चोटीपुरा अमरोहा आयोजित किया गया। मीनाक्षी आर्या और अंतरा यादव को योगासन भारत के महासचिव जयदीप आर्य और गुरुकुल चोटीपूरा की आचार्य सुमेधा ने मोमेंटों देकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के योगासन खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्तर प्रदेश योगासन खेल संघ के सचिव रोहित कौशिक ने प्रतिभागी एवं निर्णायकों का आभार जताया।

### बच्चों के टीकाकरण के लिए एप लांच

**रामपुर, अमृत विचार :** शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों व गर्भवतियों का टीकाकरण कराने के लिए यू विन एप लांच किया गया। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. केके चहल ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइन के अनुसार, प्रदेश के सभी जिलों में यू विन एप लांच किया गया है। सप्ताह भर पहले जनपद के सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रभारियों को निर्देशित किया था कि टीकाकरण के लिए यू विन एप लांच किया गया है। प्ले स्टोर से एप को डाउनलोड करें। माता-पिता अपना आधार कार्ड की प्रतिलिपि स्कैन कर अपलोड करें। पहले एएनएम टीकाकरण कार्ड बनाकर देती थी। इस वजह से टीकाकरण नहीं हो पाता है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE & HOSPITAL
RMCH
BAREILLY
Excellence towards profession
पीलीभीत वाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओबस्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आपॅरेशन



दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
|---|---|
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था
*एंट्री लेवल

**आस्था**

पीपलगांव में मां चामुंडा देवी स्थल पर मां दुर्गा की मूर्ति की गई स्थापित

# मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा से पहले निकाली कलश यात्रा

संवाददाता, भोट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के पीपलगांव स्थित मां चामुंडा देवी स्थल पर मां दुर्गा की मूर्ति की स्थापना व प्राण प्रतिष्ठा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। शुक्रवार सुबह मंदिर में महंत पर्व गिरि के नेतृत्व में आचार्य रमेश, पंडित मोहन लाल शर्मा व विशाल भारद्वाज ने विधि विधान और मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा शुरू हुई।

कलश यात्रा में शामिल महिलाएं सिर पर कलश रखकर भक्ति भजनों पर झूमती नाचती चल रही थीं। कई गांवों में भ्रमण कर वापस मंदिर प्रांगण पर पहुंचकर यात्रा संपन्न हुई। विधि विधान से कलशों को मंदिर में स्थापित कराया गया। इसके बाद प्रतिष्ठा के लिए मूर्तियों का पूजन शुरू हुआ। मंदिर के व्यवस्थापक राज किशोर सैनी ने बताया कि शनिवार दो बजे प्रसाद वितरण व विशाल भंडारे के आयोजन के बाद रात्रि आठ बजे से माता का जागरण आयोजित होगा। व्यवस्था में आमवीर सिंह सैनी, रोशन लाल यादव, रामकिशोर लोधी, नन्हे, बुद्धसेन लोधी, ओम प्रकाश दिवाकर, नीतू सैनी, जमुना देवी, आशा देवी, चन्द्रवती, रामूमर्ति आदि मौजूद रहे।


पीपलगांव में कलश यात्रा में शामिल महिलाएं व अन्य। ● अमृत विचार

### चाइनीज मांझे की बिक्री पर लगाएं रोक

**रामपुर, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार एसोसिएशन ने जिला प्रशासन से शहर में चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

इसके लिए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष मोहम्मद शुऐब खां ने जिला प्रशासन को पत्र लिखा है। इससें कहा कि शहर में पतंगबाजी करने वाले लोगों की जान को खतरा पैदा कर रहे हैं। ये लोग पतंगबाजी चाइनीज मांझे से कर रहे हैं। कहा कि गुरुवार को महिला थाने के पास हाईवे पर चीनी मांझे की चपेट में आने से युवक ट्रक में जा घुसा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरे हादसे में वह खुद ही शिकार हो गए। राहगीरों ने उन्हें बचाया।

उन्होंने इसको लेकर जिला प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही चाइनीज मांझे की बिक्री पर रोक लगाई जाए।




# ढाई महीने से लापता बुजुर्ग का नाले में मिला शव

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** ढाई महीने से लापता बुजुर्ग का शव शुक्रवार को नाले में मिला है। शव की पहचान ओम शंकर सैनी पुत्र राम स्वरूप निवासी डबल फाटक थाना कटघर के रूप में हुई है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

मृतक के बड़े बेटे नीरज सैनी ने बताया कि उनके पिता 24 दिसंबर से लापता थे। इनका शव शुक्रवार को करूला में गली नंबर-8 में नाले में मिला। बताया कि पिता के लापता होने पर उन लोगों ने उनकी तलाश की थी। फिर कटघर थाने में 26 दिसंबर को गुमशुदगी दर्ज कराई थी। लेकिन, पुलिस उन्हें सकुशल खोज नहीं सकी थी। इसी गली में दुकानदार मोहम्मद इरशाद ने बताया कि शुक्रवार दोपहर में प्लास्टिक का कचरा बीनने वाले कुछ लड़के नाले में कचरा तलाश रहे थे। उसी दौरान

**▸▸ 24 दिसंबर से लापता था डबल फाटक निवासी ओम शंकर सैनी**

उन्हें नाले में किसी व्यक्ति के शव होने का अहसास हुआ। इन लड़कों ने हाजी इरफान से बताया कि उन्हें नाले में शव प्रतीत हो रहा है। फिर हाजी इरफान ने फोन से फोटो खींचे और पुलिस को खबर की। उसके बाद पुलिस के आने पर शव को नाले से निकाला गया। सीओ कटघर रुद्र प्रताप सिंह ने बताया कि नाले में शव मिला है। लेकिन, यह कितने दिन पुराना है मौत कैसे हुई आदि की जानकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट देखने के बाद ही मिलेंगे। परिजनों ने शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया है। ओम शंकर सैनी के दो बेटे हैं। इनमें नीरज सैनी व दीपक हैं। बताया जाता है कि ओमशंकर सैनी मानसिक और शारीरिक रूप से अक्षम थे और नशा भी करते थे। शव मिलने के बाद थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई है।

## सिंचाई खंड बिजनौर की जिलेदारी प्रथम में जिलेदार था घूस लेने का आरोपी विजयवीर सिंह

# एंटी करप्शन टीम ने जिलेदार को 5000 की रिश्वत लेते दबोचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद / ठाकुरद्वारा



**अमृत विचार :** सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के जिलेदार प्रथम विजयवीर सिंह को एंटी करप्शन टीम ने 5,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगेहाथ दबोच लिया। गिरफ्तार विजयवीर सिंह पुत्र स्वर्गीय ओमपाल सिंह थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव भदासना का रहने वाला है। इसके विरुद्ध कार्रवाई शुक्रवार दोपहर को भ्रष्टाचार निवारण संगठन मुरादाबाद इकाई (एंटी करप्शन टीम) ने की है।

जिलेदार को टीम के सदस्यों ने सिंचाई खंड की जिलेदारी प्रथम तहसील ठाकुरद्वारा से पकड़ा है। यह जिलेदारी बिजनौर के सिंचाई खंड की है। जिसकी नहरों का संचालन तहसील ठाकुरद्वारा क्षेत्र में हो रहा है। विजयवीर सिंह ने शिकायतकर्ता मासूम अली से रिश्वत की कुल धनराशि 10,000 रुपये में पहली किस्त के 5,000 रुपये लिए थे। शिकायतकर्ता को जिलेदार प्रथम ने नहर पर अवैध पुलिया बना लेने के संबंध में नोटिस जारी किया था। जिसे निरस्त करने की एवज में उसने रिश्वत मांगी थी।

एंटी करप्शन इकाई के डिप्टी एसपी मोहम्मद फाजिल सिद्दीकी ने बताया कि टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने किया। इन्होंने गिरफ्तार किए गए आरोपी के विरुद्ध ठाकुरद्वारा थाने में मामला भी दर्ज कराया है। डिप्टी एसपी ने बताया कि अब आरोपी को बरेली स्थित भ्रष्टाचार निवारण संगठन न्यायालय में पेश किया जाएगा और फिर उसे जेल भेजा जाएगा। अब इस पूरे मामले की विवेचना एंटी करप्शन के इंस्पेक्टर मोहम्मद इश्तियाक को दी गई है।

## सींच पयर्वेक्षक को दे रखा था प्रभार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** बिजनौर के सिंचाई खंड के अभियंता ने सींच पर्यवेक्षक विजयवीर सिंह को जिलेदारी प्रथम का अतिरिक्त चार्ज दे रखा था। इसका खुलासा अफजलगढ़ क्षेत्र के सहायक अभियंता सियाराम नरेश ने खुद किया है। उन्होंने बताया कि घूस लेते पकड़े गया विजयवीर सिंह कार्यवाहक जिलेदार प्रथम है।

विजयवीर सिंह को मृतक आश्रित कोटे में सींचपाल पद पर नौकरी मिली थी। इसकी तैनाती 11 अगस्त 2006 की है। नौकरी मिलने के कुछ अरसे बाद इसकी सींच पयर्वेक्षक पद पर पदोन्नति हुई थी। पद रिक्त होने के कारण इसे दिसंबर 2021 में जिलेदार प्रथम की जिम्मेदारी दी गई थी। एंटी करप्शन टीम के प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि डिलारी थाना क्षेत्र के काजीपुरा गांव के मासूम अली पुत्र अवरार हुसैन ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायतकर्ता को नहर पर अवैध पुलिया बनाने के संबंध में 13 मार्च को सिंचाई खंड के कार्यालय ठाकुरद्वारा में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था। जिलेदार ने मुकदमे की कार्रवाई से बचाने और नोटिस को निरस्त करने के बदले 10,000 रुपये की घूस मांगी थी।

**टीम ये लोग रहे शामिल:** एंटी करप्शन टीम में टीम प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार व नवल मारवाह, दरोगा विजय कुमार, हेड कांस्टेबल सतीश कुमार, कृष्णपाल सिंह, कांस्टेबल प्रियंकुर कुमार, दीपक पुनिया, राहुल कुमार और चालक कांस्टेबल मिंटू सिंह थे।

### टीम को देखते ही मांगने लगा था माफी

एंटी करप्शन टीम का एक सदस्य सादे कपड़े में और सिर पर सफेद टोपी लगाकर उनके साथ जिलेदार को रिश्वत के रुपये देने गए थे। जिलेदार विजयवीर सिंह उन्हें कार्यालय के पड़ोस अपने आवास में ले गया था। आवास में पहुंचने पर मासूम अली ने जिलेदार यह कहकर एंटी करप्शन टीम के सदस्य को अंदर बुला लिया कि उनके भाई बाहर है, उसे कमरे में बुला लें। भाई बना एंटी करप्शन टीम का सदस्य जब कमरे में आ गया तब मासूम अली ने रिश्वत वाले रुपये निकाले और जिलेदार को पकड़ा दिए। उसी दौरान बिना देर किए एंटी करप्शन टीम के अन्य सभी सदस्य भी आ गए और जिलेदार को दबोच लिया। जिस पर भयभीत जिलेदार एंटी करप्शन टीम सदस्यों से माफी मांगने लगा था।

## एक नजर

### मारपीट में घायल व्यापारी जिला अस्पताल में भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** व्यापारिक प्रतिष्ठान के सामने टिनशेड रखने को लेकर व्यापारियों में आपस में मारपीट हो गई। इस दौरान एक व्यापारी घायल हो गया है, इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस मामले में मोहम्मद अजीम ने कोतवाली नगर में चार आरोपियों पर मारपीट में मामला दर्ज कराया है। इसमें नसीम, इसका बेटा कलीम, भाई अफजल और भतीजे आजम को नामजद किया है। मोहम्मद अजीम ने बताया कि वह पीतल के कारोबारी हैं। मारपीट करने वाले उनके पड़ोसी ही हैं। बताया कि 14 मार्च को वह दुकान के सामने पुरानी टिनशेड को हटाकर नई टिनशेड रखवा रहे थे। मौके पर सरफराज, वलीउर्रहमान और इमरान भी थे। टिनशेड हटाने के समय पड़ोसी नसीम, अफजल, कलीम और आजम आ गए थे। ये लोग गाली-गलौज करने लगे और गोली मार देने की धमकी दे रहे थे। गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने सरफराज और इमरान पर लाठी-डंडों से प्रहार करना शुरू कर दिया था। इसमें सरफराज घायल हो गया। इन्हें इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। आरोपियों के हमले में इमरान को भी चोट लगी है।

### दो भाइयों को सात साल का कठोर कारावास

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** न्यायालय एडीजे-6 संदीप गुप्ता ने हत्या के प्रयास के मामले में दो भाइयों को सात साल के कठोर कारावास और 1.16 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अभियुक्त हरिराज व उसका भाई उमराव पुत्र होरी सिंह निवासी गांव बढ़पुरा मझरा कुरी के विरुद्ध कुकर झंडी गांव के शमीम अहमद ने भगतपुर थाने में 31 अक्टूबर 2017 का मामला दर्ज कराया था। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलम वर्मा ने बताया कि मामले की विवेचना भगतपुर थाने के दरोगा चमन सिंह ने की थी।

# मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़

## जामा मस्जिद में नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने अदा कराई नमाज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** रमजान उल मुबारक महीने का चौथा रोजा और पहले जुमे पर रोजेदारों ने खूब इबादत की। इसके साथ ही शहर की जामा मस्जिद समेत सभी मस्जिदों में नमाजियों की भीड़ रही।

रमजान के पहले जुमे पर शुक्रवार तड़के रोजेदारों ने सहरी खाकर चौथा रोजा रखा। रमजान के महीने में जुमे का दिन बहुत अहम माना जाता है। इसलिए इस दिन रोजेदार आम दिनों के मुकाबले ज्यादा इबादत करते हैं। रमजान के पहले जुमे की नमाज के लिए शहर की जामा मस्जिद में लोग सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। जिसके लिए पुलिस-प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम किए थे। जैसे-जैसे दोपहर होती गई, वैसे-वैसे जामा मस्जिद में भीड़ बढ़ती गई। दोपहर 1:00 बजे नायब शहर इमाम मुफ्ती फहद अली ने जुमे की नमाज पढ़ाई। नमाज अदा करने के बाद रोजदारों ने अल्लाह से अपने गुनाहों की तौबा की और मुल्क में तरक्की तथा अमन की



जामा मस्जिद में नमाज पढ़ते नमाजी। ● अमृत विचार

दुआ की। इसके अलावा शहर की तख्त वाली मस्जिद, शाही मस्जिद, लाल मस्जिद, मौलाना वाली मस्जिद, जिया खां मस्जिद, नीम वाली जियारत मस्जिद, किले वाली मस्जिद, बड़ी मस्जिद और एक रात वाली मस्जिद समेत अन्य मस्जिदों में भी जुम्मे की नमाज के लिए नमाजियों की भीड़ उमड़ी। सभी जगह शांतिपूर्ण माहौल में रमजान के पहले जुमे की नमाज अदा की गई। जुमे की नमाज अदा करने के बाद रोजेदार फिर से इबादत में मशगुल हो गए। सभी ने मस्जिदों में बैठकर कुरान पढ़ा और इबादत की। असर की नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तारी के लिए खरीदारी की। वहीं महिलाओं ने रमजान के पहले जुमे पर पकवान भी बनाएं। सभी ने एक-दूसरे को रमजान के पहले जुमे की मुबारकबाद दी। मगरिब की अजान होते ही रोजा खोला। ईशा की अजान होने पर रोजगारों ने फिर से मस्जिद की ओर रुख कर लिया। सभी ने नमाजे तरावीह अदा की। इसके बाद देर रात तक सहरी के लिए खरीदारी की गई।

### जुमे की नमाज को लेकर सतर्क रही पुलिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के प्रभावी होने और आगामी लोकसभा चुनाव की दृष्टि से जुमे की नमाज को लेकर पुलिस प्रशासन सतर्क रहा। मुगलपुरा थाना क्षेत्र में जमा मस्जिद चौराहे पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान सीओ कोतवाली कुलदीप गुप्ता के नेतृत्व में थाना पुलिस और एक प्लाटून पीएसी के जवान सुरक्षा व्यवस्था में मुस्तैद रहे। जुमे की नमाज को लेकर पुलिस मुख्यालय से भी अलर्ट जारी किया गया था। सीओ ने बताया कि जुमे की नमाज को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्याप्त प्रबंध करते हुए सतर्कता बढ़ाई गई थी। नमाजियों की सुविधा के लिए मस्जिदों के पास भी अतिरिक्त बल की तैनाती की गई थी। असामाजिक तत्वों एवं सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी जा रही है। इसी तरह जिले अन्य हिस्सों में भी मस्जिदों के पास सुरक्षा व्यवस्था लगाई गई थी। जिले में इसी तरीके से शांतिपूर्ण वातावरण में जुमे की नमाज सकुशल संपन्न कराई गई है।

## तत्कालीन 91 ग्राम प्रधानों सचिवों के खिलाफ आरसी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद की ग्राम पंचायत में हुए विकास कार्य की निधि में गड़बड़ी करने वाले प्रधान और सचिवों को अब करोड़ों की धनराशि देनी पड़ेगी। पंचायत राज विभाग ने गबन की गई करोड़ों की धनराशि वसूलने के लिए 91 प्रधान और सचिवों के खिलाफ आरसी जारी कर दी है।

सन् 2017 और 2018 में जिले के आठों ब्लॉक की 91 ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराए थे। विकास कार्यों का 2019 में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी ने ऑडिट किया था। जिसमें प्रधान और सचिवों के दिए अभिलेख और बिल वाउचर में ऑडिट के दौरान फर्जीवाड़ा पकड़ में आया थे। जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा ने बताया कि सभी सचिव व प्रधानों को समय से बिजली वाउचर जमा कराने के लिए पत्र लिखा गया था। लेकिन किसी ने बिल वाउचर जमा नहीं किया। जिसको लेकर विभाग ने बिल जमा न करने वाले सचिव और प्रधानों को दोषी मान लिया है। विभाग ने गबन धनराशि वसूलने के लिए आरसी जारी कर दी है। जिला अधिकारी मानवेंद्र सिंह के निर्देश के मुताबिक सभी से जल्द गबन की गई धनराशि वसूली के लिए तहसील कर्मचारी प्रधानों के घर आरसी की कॉपी चस्पा की जाएगी।



ब्लाक स्तरीय उन्मुखीकरण संगोष्ठी में बोलते वक्ता। ● अमृत विचार

# ग्राम प्रधानों और शिक्षकों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** मूंढापांडे के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में प्रधानाध्यापक, ग्राम प्रधान और एसएमसी अध्यक्षों के उन्मुखीकरण के लिए ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी हुई। इसमें स्कूलों की शैक्षिक गुणवत्ता, ऑपरेशन कायाकल्प और पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों को विद्यालयों में बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख मूंढापांडे डॉ. नवदीप यादव ने कहा कि सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा के उन्नयन के लिए किये गए कार्य सराहनीय है। बीईओ मूंढापांडे राजेश कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि विद्यालय के विकास में ग्राम पंचायतों व एसएमसी की भूमिका महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम में ग्राम प्रधानों में जैतिया सादुल्लापुर की विमला देवी, गोविन्दपुर कलां की रिंकी कुमारी, लालपुर तीतरी की सोनी सिंह, मूंढापांडे की पूजा रानी, सरकड़ा खास के ब्रह्मपाल सिंह, सिरसखेड़ा के अशोक कुमार व शिवपुरी प्रधान आलोक सिंह को सम्मानित किया। निपुण भारत के तहत सात शिक्षकों को ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव व बीईओ राजेश चतुर्वेदी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. स्वाति शर्मा, मंजू सैनी, लव कुश यादव, राजेश कुमार चतुर्वेदी, डॉ. हरनन्दन प्रसाद रहे।

# कांशीराम ने वंचितों को दिलाया हक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद/पाकबड़ा

**अमृत विचार:** डीएसफोर, बाम सेफ, बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की जयंती पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने मनाई। कांशीराम नगर के गौतम बुद्ध पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। पाकबड़ा स्थित मंडल कार्यालय पर भी श्रद्धासुमन अर्पित कर गोष्ठी आयोजित की गई।

विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक हरपाल सिंह मुख्य सेक्टर प्रभारी मुरादाबाद मंडल ने कहा कि कांशीराम ने सरकारी नौकरी छोड़ कर बाम सेफ और डीएसफोर, बहुजन समाज पार्टी की स्थापना की। उन्होंने कई परेशानियों का सामना कर सामाजिक परिवर्तन की लड़ाई लड़ी। देश में सामाजिक क्रांति लाने का काम किया। उन्होंने अपने राजनीतिक



कांशीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते डॉ. सुनील आजाद व अन्य पदाधिकारी।

जीवन की प्रयोगशाला उत्तर प्रदेश को संवारने और बनाने का काम किया। मायावती को उत्तर प्रदेश का चार बार मुख्यमंत्री बनाकर यह साबित कर दिया कि सामाजिक परिवर्तन से ही देश और प्रदेश के हालात बदल सकते हैं। दलित, शोषित, वंचितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यक समाज को बराबरी का हक मिल सकता है। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ. सुनील आजाद ने कहा कि कांशीराम कहते थे सत्ता की मास्टर चाबी आपके हाथ में होनी चाहिए। हमें उनके बताएं रास्ते पर चलकर पार्टी को इतना मजबूत करना है की इस बार लोकसभा चुनाव में मास्टर चाबी मायावती के हाथ में हो। तभी देश व प्रदेश में दलित, शोषित, वंचितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों का हक सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चंद्रपाल सैनी ने किया। गोष्ठी में निर्मल सिंह सागर, मुकेश सागर, रामकुमार, गुलाब, सतपाल कश्यप, सुरेश दिवाकर, सुरेंद्र फौजी, जितेंद्र सागर, राजेश, आमीन, समीर राजा, भूप सिंह, मान सिंह, डॉ. शीशपाल, पवन कश्यप, राम भरोसे, रणसिंह भारती, रिशिपाल प्रधान, मनोज कुमार, राधेश्याम पाल, इरशाद सैफी एडवोकेट, अखिल चौधरी, महेंद्र सिंह, ऋषिपाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## कॉसमॉस में मैमोग्राफी मशीन से होगी जांच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कॉसमॉस अस्पताल में शुक्रवार को मैमोग्राफी मशीन का लोकार्पण हुआ। मैमोग्राफी मशीन का प्रयोग स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच के लिए किया जाता है। इसी क्रम में सिद्ध अस्पताल में भी रोटरी क्लब के तहत कार्यक्रम हुआ।

चिकित्सकों ने बताया कि कैंसर के लक्षण और असर दिखने से दो-तीन वर्ष पहले बीमारी का अनुमान लगाया जा सकता है। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. अनुराग अग्रवाल ने कहा कि मुरादाबाद के स्वास्थ्य क्षेत्र में यह उपलब्धि है। बताया कि रोटरी क्लब की ओर से कैंसर जागरुकता वाहन भी दिया है जो ब्रेस्ट कैंसर की जांच करवाने के लिए प्रेरित करेगा। इस दौरान कोरिया डेलिगेशन मौजूद रहा। इस अवसर पर अंजलि अग्रवाल, साक्षी अग्रवाल, नीरू, सुरिन्द्रर कौर, रजनी मेहरोत्रा, निधि बंसल, नैंसी अग्रवाल, रूपाली अग्रवाल रहे।

# प्रशिक्षण से उन्नत होता है ज्ञान व कौशल

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज में चल रहे जनपद स्तरीय कॅरिअर गाइडेंस प्रशिक्षण में शुक्रवार को कार्यक्रम का आंरभ मंडलीय उप शिक्षा निदेशक द्वादश रवींद्र सिंह ने किया।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण प्रतिभागियों के ज्ञान, कौशल और दृष्टिकोण के उन्नयन में सहायक होते हैं। राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए कॅरिअर गाइडेंस की अत्यंत आवश्यकता है। प्रशिक्षण संदर्भदाता डॉ. मुक्ता अग्रवाल और बबिता मेहरोत्रा ने विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों और केस स्टडी के द्वारा प्रधानाचार्यों व नोडल शिक्षकों को प्रशिक्षित किया। किस प्रकार विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को



जनपद स्तरीय कॅरिअर गाइडेंस प्रशिक्षण में प्रतिभागियों के साथ डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे व अन्य। ● अमृत विचार

**▸▸ प्रशिक्षण कार्यक्रम में बताया कॅरिअर गाइडेंस का महत्व**

कॅरिअर गाइडेंस के द्वारा उनके लक्ष्यों का निर्धारण किया जा सकता है। डीआईओएस डॉ. अरुण कुमार दुबे ने बताया कि कि कॅरिअर गाइडेंस कार्यक्रम माध्यमिक शिक्षा विभाग के द्वारा प्रदेश के सभी राजकीय विद्यालयों में यूनिसेफ के माध्यम से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान राकेश चंद्र मौर्य, श्यामा कुमार, श्वेता पूठिया, शतांनद शर्मा, बृजबाला, शाने आजम, इदरीश अहमद आदि मौजूद रहे।

## कुत्ते को पीटने के मामले में तीन के खिलाफ रिपोर्ट

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कटघर थाना क्षेत्र में सब्जी मंडी निवासी करुणा शर्मा ने मुगलपुरा थाने की फैजगंज चौकी क्षेत्र के रितेश रस्तोगी, मोनू रस्तोगी और संजय रस्तोगी के विरुद्ध पशु क्रूरता का मामला दर्ज कराया है। ये सभी सराफा व्यापारी हैं।

उन्होंने बताया कि वह मेनका गांधी की संस्था में मुरादाबाद जिले की अध्यक्ष हैं। 13 मार्च को उन्हें सोशल मीडिया से पर वीडियो मिला था। ये मुगलपुरा क्षेत्र का है। सभी आरोपी कुत्ते के गले में रस्सी बांधकर उसे पीट रहे थे। इसके तीन महीने के तीन बच्चे भी आरोपियों ने गायब कर दिए हैं। करुणा शर्मा ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली थी कि सराफा व्यापारी कुत्ते को रस्सी से बांधकर मार रहे हैं तो वह मौके पर भी गई थीं। आरोपियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन, वह नहीं माने थे। इसलिए उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## मुरादाबाद ब्लू ने 23 रनों से जीता मैच

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे स्टेडियम में खेली जा रही क्रिकेट लीग में शुक्रवार को दो मैच खेले गए। पहले मैच में मुरादाबाद ब्लू ने गाजियाबाद को 23 रनों से हराया। वहीं दूसरे मैच में लखनऊ ने रामपुर को हराया।

पहला मुकाबला डीएसए मुरादाबाद ब्लू और जीसीए गाजियाबाद के बीच हुआ। गाजियाबाद ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। मुरादाबाद ब्लू ने बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 173 रन बनाए। टीम के लिए सिद्धार्थ ने 72 व अब्दुल वसीम ने 46 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए गाजियाबाद ने 19.5 ओवर में 150 रन बनाकर ऑलआउट हो गई और मैच 23 रनों से हार गई। टीम के लिए आराध्य यादव ने 34 व प्रिंस यादव ने 33 रन बनाए। मैन ऑफ द मैच सिद्धार्थ चौधरी को चुना गया।



राज्य स्तरीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए चयनित खिलाड़ी व अन्य। ● अमृत विचार

# बास्केटबॉल की मंडलीय टीम चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** 34वीं जूनियर उप्र राज्य बास्केटबॉल चैम्पियनशिप पुरुष व महिला वर्ग का आयोजन बागपत में होगा। प्रतियोगिता 16 अप्रैल से 22 अप्रैल तक चलेगी। इसके लिए शुक्रवार को मंडलीय टीम का आरएसडी एकेडमी में चयन हुआ।

चयन के दौरान जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव संजीव भारद्वाज, अध्यक्ष एएच रजा, सह सचिव फिरोज खान, कोच मोहित चौधरी, सलीम खान, हिमांशु चौधरी, अदिति चौधरी, फरदीन खान मौजूद रहे। बालक वर्ग टीम में वंश पवार, सत्यम सागर, मोहित यादव, आदित्य मेहता, वियान प्रजापति, चंद्रकांत राजपूत, अपेक्ष डागर, आरुष चौधरी, हिमांशु कुमार, वंश गहलोत, रिषभ, पुलकित यादव, शौर्य कुमार, रमीज आलम, आदित्य चौधरी चयनित हुए। बालिका वर्ग में रिशा पैसल, रूबी राजपूत, दिया देवल, वर्निका चौधरी, किरन, शिवांशी, रितिका, निष्ठा चौधरी और प्रेरणा ने स्थान पक्का किया। कोच मोहित चौधरी और टीम मैनेजर अदिति चौधरी और हिमांशु चौधरी रहेंगे।

## खेलों में योगदान के लिए अजय पाठक सम्मानित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक को खेलों में योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ.आनंदेश्वर पाण्डेय ने शुक्रवार को सोनकपुर स्टेडियम में डॉ.अजय पाठक को खेलों को नई दिशा प्रदान करने व राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए सम्मानित किया।



अजय पाठक को सम्मानित करते उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय।

**राज्य स्तरीय प्रतियोगिता** | फाइनल में गोरखपुर को 18-10 से हराया, विजेता टीम को ट्राफी देकर किया सम्मानित

# वाराणसी की लड़कियां बनीं हैंडबाल चैम्पियन

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में शुक्रवार को ओपन स्टेट सीनियर महिला हैंडबाल का फाइनल मैच खेला गया। इसमें वाराणसी और गोरखपुर की टीम आमने सामने रहीं। फाइनल मैच को वाराणसी ने जीतकर खिताब पर कब्जा किया।

पहला सेमीफाइनल बस्ती और गोरखपुर के मध्य खेला गया। इसमें गोरखपुर ने 18-12 से यह मैच जीत लिया। दूसरा सेमीफाइनल मैच लखनऊ और वाराणसी के बीच खेला गया। इसमें वाराणसी ने 20-5 के बड़े अंतर से जीत कर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मैच वाराणसी और गोरखपुर के मध्य खेला गया। इसमें



सोनकपुर स्टेडियम में विजेता टीम को ट्राफी देते अतिथि व आयोजक। ● अमृत विचार

वाराणसी की टीम 18-10 से विजेता रही। वाराणसी की ओर से सुमन ने 6, प्रीति ने 4 और रेशमा ने 4 गोल किए।

आईडब्ल्यूसी नार्थ स्टार संस्था की अध्यक्ष निधि, सचिव सीमा खंडेलवाल, पीडीसी सोनल भाटिया ने खिलाडियों को नशे से दूर रहने की सलाह दी। एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के महासचिव डॉ. आनन्देश्वर पाण्डेय ने विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, उत्तर प्रदेश ओलम्पिक संघ के संयुक्त सचिव डॉ. अजय पाठक, यश शुक्ला, धीरज कुमार, नेहा सिंह, मोहम्मद आसिफ सिद्दिकी, रूचि अग्रवाल, सीएल वर्मा, अंकित अग्रवाल मौजूद रहे। निर्णायक मंडल में संदीप राय, पवेंद्र यादव, कौशल दीक्षित, अमित पाण्डेय, प्रेम, सूर्यभान, अमित पाण्डेय उर्फ किशन, साक्षी यादव, पूजा, नेहा पाण्डेय, नीलम, सुमन आनन्द मौजूद रहे।

### क्या अब मिलेगा कोच

शुक्रवार को हैंडबाल प्रतियोगिता समाप्त हो गई। लेकिन, इस बार भी 2022, 2023 की तरह 2024 में मुरादाबाद मंडल हैंडबाल टीम के हाथ निराशा ही लगी। इसका बड़ा कारण कोच की उपलब्धता न होना है। टीम के पास लंबे समय से कोई कोच नहीं है। खिलाड़ियों ने बताया कि वह बिना कोच के खुद और यूट्यूब से देखकर अभ्यास करती हैं। कोच न होने से उनके खेल पर असर पड़ता है। अब सवाल यह है कि टीम को स्टेडियम की ओर से कोच कब मिलेगा।

# 13 करोड़ के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण

## शुक्रवार को कमाल पैलेस के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ने दी सौगात

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने करीब 13 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों के साथ अपने समर्थकों के नाम गिनाकर उनके भरोसे पर भी मुहर लगा दी। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही।

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक पार्टियां सक्रिय हो गई हैं। भाजपा भी तैयारियों को लेकर कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। इसी कड़ी में जिला पंचायत के द्वारा तहसील क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर ने खुद कमान संभाल ली है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को बाईपास मार्ग स्थित कमाल पैलेस के सभागार में जिला पंचायत द्वारा लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें जिला पंचायत अध्यक्ष का भाजपा के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।

कार्यक्रम के माध्यम से लगभग 13 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने व उनके पिता पूर्व सांसद चौधरी कंवर सिंह तंवर ने हमेशा जनता की सेवा की है और करते रहेंगे। देश हित में हम सब को तीसरी बार नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी, जिला महामंत्री अभिनव कौशिक, संजय शर्मा, महेश खड़गवंशी, ओम दत्त गुर्जर, कालू उर्फ राकेश बंसल, जसवीर सिंह खड़गवंशी, मुदित गुर्जर, देवेश चौहान, उत्तम प्रजापति, चमन कसाना, रामपाल खड़गवंशी, पंकज भटनागर, मोहसिन खान, अजय पाल, पप्पू सहित भारी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।



जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

### उझारी मंडलाध्यक्ष एवं रुखालू मंडल के पूर्व महामंत्री के बीच हुई नोकझोंक

**हसनपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत द्वारा आयोजित शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में उझारी के मंडलाध्यक्ष हेमराज सैनी एवं रुखालू मंडल के पूर्व महामंत्री महेश खड़गवंशी के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। भाजपा नेताओं ने मामले को शांत किया। शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम का संचालन उझारी मंडल के भाजपा अध्यक्ष हेमराज सैनी कर रहे थे। तभी मंच पर बुलाने के लिए उन्होंने क्षेत्र के एक प्रधान को आमंत्रित किया। वह गलती से पूर्व प्रधान बोल गए। इस बात को लेकर रुखालू मंडल के पूर्व महामंत्री महेश खड़गवंशी ने नाराजगी जताई। दोनों में तीखी नोकझोंक होने लगी। मंच पर बैठे भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने दोनों को समझाकर शांत कराया।

### कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की अनुपस्थिति रही चर्चा का विषय

**हसनपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा किए गए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों का शिलान्यास एवं लोकार्पण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक की अनुपस्थिति लोगों में चर्चा का विषय रही। शुक्रवार को जिला पंचायत की ओर से तहसील क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इसमें क्षेत्रीय विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी की अनुपस्थिति चर्चा का विषय रही। कुछ लोगों का कहना था कि विधायक की नाराजगी चौधरी कंवर सिंह तंवर के लिए भारी न पड़ जाए। पंचायत अध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्रीय विधायक उनसे नाराज नहीं है। वह किसी कार्य से लखनऊ गए हुए हैं। इसके कारण वह कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके।



पेट्रोल पंप पर कर निर्धारण करती पालिका की टीम। ● अमृत विचार

# पेट्रोल पंपों व हॉस्पिटलों पर कर निर्धारण कर जारी किए नोटिस

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** मार्च के अंत में नगर पालिका के कर्मियों ने कर वसूलने का काम तेज कर दिया है। शासन के निर्देशों के क्रम में आवासीय व अनावसीय भवनों पर कर निर्धारण करके वसूली की जा रही है। पालिका की कर अनुभाग की टीम ने कई पेट्रोल पंपों व हॉस्पिटलों पर कर निर्धाण कर नोटिस जारी किए हैं।

शुक्रवार को नगर पालिका परिषद के कर अधीक्षक केशव प्रसाद के नेतृत्व में पालिका के कर अनुभाग की टीम ने कैलसा बाईपास स्थित परफेक्ट फ्यूल स्टेशन, सिटी अस्पताल, कांठ रोड स्थित चिकेन किंग रेस्टोरेंट, अतरासी रोड स्थित जाफरी पेट्रोल पंप आदि पर कर निर्धारण की कार्रवाई करके नोटिस जारी किये। पालिका टीम ने आवासीय व अनावासीय भवनों से कर वसूलने के लिए नपाई की। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी डॉ. बृजेश सिंह ने बताया कि नगर पालिका परिषद के कर अनुभाग की टीम ने कर अधीक्षक केशव प्रसाद के नेतृत्व में पालिका क्षेत्र में कर निर्धारण की कार्रवाई की। यह कार्रवाई रोजाना जारी रहेगी।

टीम में राजस्व निरीक्षक ओमवीर सिंह, शैलेन्द्र शर्मा, कर अमीन कामयाब अली, कमल शेखर, जफर आलम सहित नगर पालिका का स्टॉफ शामिल रहा।

## एक नजर

### बुलंदशहर में सड़क हादसा इकलौते पुत्र की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव कोकापुर निवासी मजदूर की बुलंदशहर में सड़क हादसे में मौत हो गई। वह माता-पिता का इकलौता पुत्र था। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया जा रहा है। गांव कोकापुर निवासी 32 वर्षीय उदयपाल पुत्र प्यारेलाल गुरुवार सुबह बुलंदशहर में ट्रैक्टर-ट्रॉली पर मजदूरी करने गया था। देर शाम वह बुलंदशहर-सिकंदराबाद रोड पर ट्रैक्टर के पास खड़ा था। तेज गति से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इसमें उदयपाल की मौके पर मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन मौके की ओर रवाना हो गए। उदयपाल माता-पिता का इकलौता पुत्र था। उसके परिवार में पत्नी व चार बच्चे हैं।

### हरियाणा में सड़क हादसे में घायल किसान की मौत

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी किसान हरियाणा में सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। दिल्ली में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों ने गुरुवार की देर रात शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया। हैबतपुर बंजारा निवासी रमजानी उर्फ कलुवा पुत्र भुल्ला बंजारा नौ मार्च को अपने बेटे मोईन को राजस्थान के एक कालेज में प्रवेश दिलाने के लिए बस द्वारा ले जा रहे थे। उनका बेटा मोईन नीट की तैयारी करने जा रहा था। हरियाणा के नुहू-मेवात में ट्रक व बस की भिड़ंत हो गई। इसमें सीट पर सो रहा कलुवा नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजन उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के अस्पताल ले आए। हालत में सुधार नहीं होने पर परिजनों ने उन्हें दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया। जहां बीती रात कलुवा की मौत हो गई। किसान की पत्नी, पांच बेटे व दोनों बेटियों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### भगत सिंह बने हसनपुर के एसडीएम

**अमृत विचार, अमरोहा :** लोकसभा चुनाव से पहले डीएम राजेश त्यागी ने हसनपुर के एसडीएम का तबादला डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया है। जिला मुख्यालय पर तैनात डिप्टी कलेक्टर तृतीय भगत सिंह को एसडीएम हसनपुर नियुक्त किया है। उन्हें एसडीएम न्यायिक हसनपुर का प्रभार भी अग्रिम आदेशों तक दिया है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से एक दिन पहले ही डीएम ने हसनपुर एसडीएम के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।



चुनाव कार्यालय का निरीक्षण करते एसपी कुंवर अनुपम सिंह। ● अमृत विचार

## एसपी ने की डाटा फीडिंग के कार्य की समीक्षा

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने चुनाव कार्यालय का निरीक्षण किया। चुनाव से सम्बन्धित व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मतदान केंद्र तथा बूथ स्थलों से संबंधित डाटा फीडिंग के कार्य की समीक्षा की। चुनाव की तैयारियों को समय से संपन्न करने के निर्देश दिए।

शुक्रवार को एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने पुलिस कार्यालय स्थित चुनाव शाखा का निरीक्षण किया। इस दौरा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए की जा रही तैयारी की समीक्षा की। मतदान केंद्र तथा बूथ स्थलों से संबंधित डाटा फीडिंग के कार्य की समीक्षा की। कमियों को जल्द ठीक करने के निर्देश दिए। चुनाव को प्रभावित करने वालों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए। अवैध शराब के निष्कर्षण, ब्रिकी व परिवहन के विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा। इस दौरान प्रभारी चुनाव शाखा प्रभारी अशोक कुमार वर्मा, पीआरओ विनय कुमार तथा चुनाव शाखा में नियुक्त पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## चोरी का खुलासा आरोपी गिरफ्तार

**रहरा, अमृत विचार :** पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को नगदी, आभूषण और अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया है।

ग्राम बांसका कला निवासी आसकीन ने 14 मार्च को पुलिस को तहरीर दी थी। इसमें कहा था कि घर में घुसकर रुपये व आभूषण से भरा हुआ पर्स चोरी कर लिया था। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की थी। शुक्रवार को पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए गांव के ही फैजान को गिरफ्तार कर लिया।

थाना प्रभारी रमेश सहरावत ने बताया कि उसके पास से चोरी किये हुये 2500 रुपये व पर्स बरामद किया है। पर्स में एक जोड़ी कुंडल, दो जोड़ी नोज पिन, एक जोड़ी पाजेब, गले की चेन और तीन अंगूठी मिलीं। आरोपी के पास से ही अवैध असलहा भी मिला है। पुलिस ने अवैध असलहा के मामले में रिपोर्ट दर्ज की है।

# लगे गंदगी के ढेर, सफाई व्यवस्था चरमराई

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** शहर में नगर पालिका परिषद के अधिकारियों की अनदेखी के चलते सफाई व्यवस्था चरमरा रही है। शहर के ज्यादातर इलाकों में कचरा तो जरूर उठाया जा रहा है। लेकिन ऐसे में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। शहर के प्रमुख बाजार, मोहल्लों और चौराहों पर कचरे के ढेर लगने से लोगों का सांस लेना दूभर हो रहा है। वहीं राहगीरों और वाहन चालकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। शहर के रेलवे स्टेशन मार्ग सहित कई इलाकों में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी हुई है। नियमित रुप से कचरा नहीं उठने से इन इलाकों में चारों तरफ गंदगी का अंबार दिखाई देता है। ऐसे में कचरे के ढेरों से आती बदबू लोगों के लिए परेशानी पैदा कर रही है। कचरे के ढेर के आसपास आवारा कुत्तों के जमघट लगा होने से हादसों की संभावना भी बनी रहती है। शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की कालोनी में भी कूड़े के ढेर लगे रहते हैं। नगर परिषद स्वच्छता अभियान के नाम पर लाखों रूपए खर्च कर रही है, लेकिन फिर भी नगर में साफ-सफाई दिखाई नहीं दे रही है। एक तरफ जहां स्वच्छता अभियान के तहत बढ़ावा दिया जा रहा है। नगर परिषद कागजों में भले ही स्वच्छता के मामले में स्वच्छ और साफ नजर आ रही है। लेकिन यहां के हाल बेहाल है। स्वच्छता अभियान के तहत कचरा संग्रहण के लिए नगर परिषद में गाडियां भी लगा रखीं हैं। बावजूद इसके शुक्रवार को नगर में रेलवे स्टेशन रोड पर कचरे के ढेर लगे हैं। कचरे की बदबू से आसपास रहने वाले लोगों को परेशानी हो रही है। कचरे से मच्छर भी पनप रहे हैं। ईओ शालिनी गुप्ता ने बताया कि शहर में लगे कचरे के ढेरों को उठाया जाएगा और शहर में रोजाना झाड़ू लगाकर साफ-सफाई की जायेगी।



गजरौला में कूड़ेदान के पास पसरी गंदगी। ● अमृत विचार

## विद्युत संविदाकर्मी के साथ मारपीट, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** विद्युत लाइन में फाल्ट सही करने गए संविदा कर्मचारियों के साथ ग्रामीणों ने गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़ित कर्मचारी ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव पोरारा निवासी नीरज कुमार विद्युत उपकेंद्र पर संविदा कर्मी है। शुक्रवार को लगभग दस बजे वह सिलारा कृषि फीडर का फाल्ट ठीक करने गांव मरोरा गया था। वहां पर मौजूद दो भाइयों ने उसके साथ मारापीट की। बताया जाता है कि 10 मार्च को एक किसान के नाम पर लगभग 40 हजार का बकाया होने पर उसकी लाइन काट दी थी। इसके बाद आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी थी। आरोप है आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट की।

# गायन में श्रेया सिंह को मिला पहला स्थान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में शुक्रवार को प्रथम युवा महोत्सव का आयोजन किया गया। मुख्य अथिति प्राचार्या डॉ.नम्रता वर्मा ने कार्यक्रम का आरंभ किया।

उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव छात्र-छात्राओं की प्रतिभा निखारने का सशक्त माध्यम है। महोत्सव के पहले दिन गायन, स्टैंडअप शो, पेंटिंग प्रतियोगिता और अपशिष्ट पदार्थों से उपयोगी सामग्री बनाने की प्रतियोगिता हुई। प्रवक्ता डॉ. इंद्रदेव सिंह, प्रो.सीमा सिंह, डॉ.अजय कुमार, डॉ. मनमोहन वर्मा, डॉ. धन सिंह रवि, डॉ. संयम, डॉ. रईस अहमद आदि निर्णायक मंडल में रहे।

गायन में श्रेया सिंह तोमर ने पहला, साहिल ने दूसरा व सरित-अनामिका नागर ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया।

स्टैंडअप शो में पंकज ने प्रथम, शिविका भारद्वाज ने द्वितीय व कंचन-दिव्यांश संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। पेंटिंग में वंशिका गर्ग प्रथम, अक्षय-मोनिका द्वितीय व श्रेया तोमर तृतीय रहे। अपशिष्ट पदार्थों से बनाई जाने वाली उपयोगी सामग्री से संबंधित प्रतियोगिता में अंजली प्रथम, श्रेया तोमर-आकांक्षा चौधरी संयुक्त रूप से द्वितीय, अक्षय-दामिनी-पलक मान संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे।

संचालन डॉ.नेहा अग्रवाल ने किया। संयोजिका डॉ.रीना रस्तोगी ने प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके प्रयास को सराहा।



गजरौला में युवा महोत्सव में कार्यक्रम प्रस्तुत करता छात्र। ● अमृत विचार

- रमाबाई अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में प्रथम युवा महोत्सव का किया आयोजन

# अलका चौधरी को सौंपी बछरायूं थाने की कमान

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- गुरुवार देर रात एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने किया फेरबदल
- लोकसभा चुनाव से पहले आठ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र बदले

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार की देर रात आठ थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में फेरबदल कर दिया। कुछ माह पूर्व शासन के निर्देश पर जिले में पहली बार रजबपुर थाना प्रभारी बनीं महिला दरोगा अलका चौधरी को बछरायूं थाने की कमान सौंपी है। इसके अलावा कई और थाना प्रभारियों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है।

एसपी कुंवर अनुपम सिंह ने डिडौली, नौगांवा सादात, सैदनगली, आदमपुर के थाना प्रभारियों को भी इधर से उधर किया है। गुरुवार देर रात एसपी आफिस से जारी की गई तबादला सूची के मुताबिक निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह को पुलिस लाइन से रजबपुर थाना प्रभारी, महिला दरोगा अलका चौधरी को रजबपुर से बछरायूं थाना प्रभारी, डिडौली थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार को थानाध्यक्ष नौगांवा सादात बनाया है। आदमपुर थाना प्रभारी निशांत राठी को सैदनगली थाने की कमान सौंपी है। नौगांवा सादात थाना प्रभारी पंकज तोमर को डिडौली थाना प्रभारी बनाया है।

बछरायूं थाना प्रभारी दरोगा राजीव कुमार को आदमपुर थाना प्रभारी बनाया है। सैदनगली के प्रभारी निरीक्षक वरुण कुमार का साइबर थाने का प्रभारी बनाया गया है। साइबर थाने के प्रभारी निरीक्षक रणवीर सिंह को अपराध शाखा की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



गजरौला में हाईवे पर पलटी पिकअप। ● अमृत विचार

### हाईवे पर अनियंत्रित होकर पिकअप पलटी

**गजरौला, अमृत विचार :** हाईवे पर पिकअप पलट जाने से चालक व क्लीनर मामूली रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। घटना निर्मल फैक्ट्री के सामने हुई। एक पिकअप फ्लाईओवर से गुजर रही थी। अचानक टायर फटने से पिकअप पलट गई और चालक व क्लीनर घायल हो गए। हादसे के बाद आसपास के लोगों की भीड़ लग गयी। हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हाईवे से हटाया और यातायात सुचारू कराया।




आयोजन — पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ फीता काटकर किया शिलान्यास

# 18 लाख रुपये से होगा दो चौराहों का सौंदर्यीकरण

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने सभासदों के साथ नगर के मुख्य चौराहों के सौंदर्यीकरण कार्य का फीता काट कर शिलान्यास किया। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि प्रत्येक चौराहे का पालिका द्वारा सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। ताकि बाहर से आने वाले लोगों को महसूस हो की वह सुंदर शहर में आए हैं।

नगर पालिका द्वारा ब्लाक एवं संभल चौराहे का सौंदर्यीकरण कार्य प्रस्तावित है। शुक्रवार को नगर पालिकाध्यक्ष ने सभासदों के साथ दोनों चौराहे पर फीता काटकर सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि ब्लॉक चौराहे पर सावित्रीबाई फुले एवं संभल चौराहे पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम चौक का निर्माण कराया जाएगा। सौंदर्यीकरण कार्य के दौरान चौराहे पर गोल चक्कर एवं फुहारों का निर्माण भी कराया जाएगा। नगर के प्रत्येक चौराहे का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। महापुरुषों के नाम से चौराहों को जाना जाएगा।

इस मौके पर जेई संगीता कश्यप, इशांत सैनी, सभासद शाहनवाज अंसारी, मोहसिन खान, हम्जा अली, जावेद जरताब, शुभम अग्रवाल, दिनेश कुमार, करन सिंह, नौशाद, शेर मोहम्मद, रविंद्र आदि मौजूद रहे।



ब्लाक चौराहे पर प्रस्तावित चौक का शिलान्यास करते पालिकाध्यक्ष राजपाल सैनी। ● अमृत विचार

## बढ़ाया जाए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का मानदेय

**हसनपुर, अमृत विचार :** आशाओं एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों ने जिला पंचायत अध्यक्ष ज्ञापन सौंप कर मानदेय बढ़ाने की मांग की।

शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के दौरान आशा एसोसिएशन की प्रदेश कोषाध्यक्ष सीता आर्य के नेतृत्व में आशाओं का एक प्रतिनिधिमंडल ने जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर को ज्ञापन सौंपा। इसमें कहा कि आशाओं को कोई मानदेय नहीं दिया जाता। आशाओं के कार्य को देखते हुए सरकार उनका मानदेय सुनिश्चित करें। आंगनबाड़ियों को 4500 रुपए मानदेय मिलता है। इसे बढ़ाया जाए। जिला पंचायत अध्यक्ष ने दोनों संगठनों को आश्वासन दिया कि वह उनकी मांगों को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे। ज्ञापन देने वालों में सीता आर्य, दीपिका, कमलेश, रजनी, मनीषा, बबली, मीनाक्षी, रश्मि, सविता, प्रवेश आदि शामिल रहीं।

## एक नजर

### नकली करेंसी छापने वाले गिरोह का सरगना गिरफ्तार

**गुन्नौर, अमृत विचार** :नकली करेंसी छाप कर बाजार में खपाने के मामले में वांछित गिरोह के सरगना को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरोह के खिलाफ हाल ही में गैंगस्टर के तहत कार्रवाई की गई थी। कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि फिरोजाबाद जिले के थाना रामगढ़ क्षेत्र के शैलई निवासी सुखवीर उर्फ सोनवीर उर्फ सोनू का एक संगठित गिरोह है जो जाली करेंसी छाप कर बाजार में खपाता है। इसके खिलाफ फिरोजाबाद और संभल जिले में मुकदमे दर्ज हैं। गुन्नौर कोतवाली में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। शुक्रवार को नूरपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने सुखवीर को गिरफ्तार कर लिया। चालान कर रिमांड के लिए न्यायालय में पेश किया, जहां उसे जेल भेजा गया है।

### पुलिसकर्मी से मारपीट के आरोपी गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर तैनात पुलिसकर्मी के साथ मारपीट करने के मामले में जिम संचालक सहित दोनों आरोपियों पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उनका चालान कर दिया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला दुर्गा कॉलोनी निवासी जिम संचालक शिवम व मुहल्ले का ही विशाल पर आरोप था कि वह गुरुवार की रात आठ बजे एएसपी कार्यालय के पुलिसकर्मी दिवाकर ने बंद फैक्ट्री के निकट विशाल व शिवम को टोका तो दोनों ने गाली गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने सिपाही दिवाकर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर विशाल व शिवम को गिरफ्तार कर लिया।

### पकड़ में नहीं आ रहा जंगली जानवर

**संभल/सिरसी, अमृत विचार** : हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर में जंगली जानवर के पंजों के निशान मिल रहे हैं लेकिन जंगल में सीसीटीवी कैमरे लगाकर पिंजरे में हर रोज बकरी बांधने के बावजूद जानवर पकड़ में नहीं आ रहा है। थाना क्षेत्र के गांव तिमनपुर के खेतों में काम करने पहुंचे ग्रामीणों ने पहली बार 16 फरवरी को जंगली जानवर के पंजों के निशान देखे थे। तभी से आए दिन खेतों में जंगली जानवर के पंजों के निशान मिलने से ग्रामीणों में दहशत है।

# रोजेदारों ने पहले जुमे को मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ मांगी

## जिले में मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने अदा की नमाज, सुरक्षा के रहे कडे प्रबंध

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** :रमजान महीने के पहले जुमे को जिले की मस्जिदों में मुस्लिम समुदाय के लोगों की भीड़ उमड़ी। लोगों ने नमाज अदा करते हुए मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। मस्जिदों पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध रहे।

रमजान महीने के पहले जुमे को नमाज अदा करने को लेकर जहां मुस्लिम समुदाय के लोगों ने तैयारी की थी, वहीं सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस प्रशासन ने भी इंतजाम किए। शुक्रवार को सुबह से ही मस्जिदों के आसपास पुलिस बल मुस्तैद हो गया। निर्धारित समय पर लोग मस्जिदों में पहुंचने लगे और देखते ही देखते भीड़ बढ़ गई। संभल ही जामा मस्जिद के अलावा दूसरी मस्जिदों में बड़ी संख्या में लोगों ने नमाज अदा करते हुए मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ की। सरायतरीन और हयातनगर की मस्जिदों में भी नमाज करने के लिए लोगों में उत्साह नजर आया। इसके अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, पंवासा, बहजोई, गुन्नौर, जुनावई, रजपुरा और गवां क्षेत्र की मस्जिदों में भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। लोगों ने नमाज अदा करते हुए दुआ की। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान महीने के पहले जुमे की मुबारकबाद भी दी।


संभल की जामा मस्जिद में नमाज अदा करते रोजेदार। ● अमृत विचार

### पहले जुमे पर मस्जिदों के बाहर तैनात रही फोर्स

**चन्दौसी, अमृत विचार** : रमजान के पहले जुम्मे पर हर मुस्जिद के बाहर पुलिस बल के साथ-साथ अर्द्ध सैनिक बल के जवान तैनात कर दिए। सीओ डॉ. प्रदीप कुमार सिंह व प्रभारी निरीक्षक अतर सिंह पुलिस बल व अर्द्ध सैनिक बल के साथ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में गश्त करते रहे। दोपहर ढाई बजे तक बड़ी मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, लाल मस्जिद, जामा मस्जिद, मोती मस्जिद सहित सभी मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा होने पर पुलिस ने राहत महसूस की है। साथ ही लोगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा रही है। साथ ग्रामीण अंचलों में भी जुमे की नमाज अदा कराई गई। सीओ ने बताया कि अगर कोई शहर का माहौल खराब करने का प्रयास करेगा, तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।


संभल में पैदल मार्च करते अर्द्धसैनिक बल के जवान। ● अमृत विचार

### अलर्ट रहा पुलिस प्रशासन, अधिकारियों ने किया पैदल मार्च

**संभल, अमृत विचार** : सीएए लागू होने के बाद रमजान महीने में पहले जुमे को जनपद में पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। संभल में एसडीएम और सीओ ने एसएसबी जवानों के साथ पैदल मार्च किया। रमजान के पहले जुमे को लेकर जिला प्रशासन ने निगरानी एवं सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए थे। जिले को 5 जोन और 15 सेक्टरों में बांटते हुए पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई थी। जुमे की नमाज शांतिपूर्ण संपन्न हो जाने पर पुलिस प्रशासन ने राहत महसूस की। संभल के अलावा सिरसी, असमोली, सौंधन, बहजोई, गुन्नौर और रजपुरा क्षेत्र में पहले जुमे को पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा। शहर में शुक्रवार को सुबह से ही कड़े सुरक्षा प्रबंध रहे। दोपहर में एसडीएम विनय कुमार मिश्रा, सीओ अनुज कुमार चौधरी, कोतवाल पवन कुमार ने पुलिस और एसएसबी जवानों के साथ शंकर इंटर कॉलेज चौराहा से शहर में पैदल मार्च किया।

# बबराला में भी रुकेगी महाकाल एक्सप्रेस, किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार** : बरेली-इंदौर साप्ताहिक महाकाल एक्सप्रेस का ठहराव अब बबराला रेलवे स्टेशन पर भी शुरू हो गया। रेलवे स्टेशन पर आयोजित समारोह में बदायूं सांसद डॉ. संघमित्रा मौर्या ने ट्रेन को झंडी दिखाकर बरेली की ओर रवाना किया। सांसद ने ट्रेन के ठहराव के लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री का आभार जताया।

महाकाल एक्सप्रेस का आसपास क्षेत्र में अलीगढ़ जंक्शन से चंदौसी के बीच अभी बहजोई स्टेशन पर ही ठहराव था। नगर एवं आसपास क्षेत्र के लोग लंबे समय से महाकाल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग कर रहे थे। शुक्रवार से महाकाल एक्सप्रेस का बबराला रेलवे स्टेशन पर ठहराव शुरू हो गया। कार्यक्रम में बदायूं सांसद डॉ.संघमित्रा मौर्या ने कहा कि क्षेत्र के लोगों की काफी समय से बबराला में महाकाल एक्सप्रेस के ठहराव की मांग थी। अब इंदौर बरेली के बीच चलने वाली महाकाल एक्सप्रेस के ठहराव की स्वीकृति मिल गई है।

उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी और रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। यह भी बताया कि रेल मंत्रालय से गांव बाघऊ में अंडरपास की स्वीकृति मिल गई है। एडीआरएम राकेश सिंह ने कहा कि ट्रेन बुधवार को बरेली से और शुक्रवार को इंदौर की ओर से लौटेगी।

इस दौरान पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, नगर पंचायत चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय, चेयरमैन गुन्नौर खुशबू प्रजापति, अतुल गोयल, उमेश वार्ष्णेय, सुधीर मल्होत्रा, शिखर गोयल, विनय वार्ष्णेय, पंडित हरीश गौतम, आशुतोष वार्ष्णेय, डीपी गुप्ता, धर्मदेव आर्य, योगेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।


महाकाल एक्सप्रेस को झंडी दिखाकर रवाना करतीं सांसद डा. संघमित्रा।

▸▸ सांसद डा. संघमित्रा मौर्य ने झंडी दिखाकर रवाना की ट्रेन

### बरेली-बांदीकुई ट्रेन को पुनः शुरू कराने की मांग उठी

**बबराला अमृत विचार** : एडीआरएम राकेश सिंह से मां गंगा जनकल्याण समिति के प्रतिनिधिमंडल ने कोरोना काल में बंद हुई बरेली-बांदीकुई ट्रेन को पुनः शुरू कराने, प्लेटफार्म एक से दो पर जाने के लिए ओवरब्रिज निर्माण, अनूपशहर रोड क्रासिंग ( गेट 58 बी) पर ओवरब्रिज बनवाने की मांग की। चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने सुलभ शौचालय बनाने के लिए रेलवे स्टेशन के बाहर खाली जगह उपलब्ध कराने और रामलीला मैदान के साथ खाली पड़े रेलवे के स्वामित्व वाले भूखंड को नगर पंचायत के सहयोग से साफ सफाई कर विकसित करने संबंधित मांग की।

## गांव में नहीं कोई 12 वीं पास ओबीसी महिला, नियुक्ति में फंसा पेच

# कैसे हो पंचायत सहायक की नियुक्ति

सतवीर विश्वकर्मा, संभल

**अमृत विचार**: असमोली विकासखंड की ग्राम पंचायत असगरीपुर में पंचायत सहायक की नियुक्ति में पेच फंस गया है। गांव में ओबीसी जाति की इंटर पास महिला को पंचायत सहायक बनाया जाना है। लेकिन यहां ओबीसी की कोई महिला इंटरमीडिएट तक पढ़ी हुई नहीं है।

विकासखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत असगरीपुर में ग्राम पंचायत के दो वर्ष पहले हुए चुनाव में अन्य पिछड़ा वर्ग में सीट आरक्षित होने पर फहीम की पत्नी फरजाना खातून ग्राम प्रधान बनी थी।

सरकार की ओर से ग्रामीणों को सुविधाएं देने के लिए गांव में लाखों रुपये खर्च कर पंचायत भवन बनवाया गया है। जिससे ग्रामीणों को घर बैठे ही जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र, मूल निवास, आय जाति प्रमाण पत्र, वृद्धा व विकलांग पेंशन सहित अन्य सुविधाएं मिल सकें और विकास कार्यों का समय से भुगतान हो सके। लेकिन गांव में अन्य पिछड़ा वर्ग में किसी महिला के इंटर पास नहीं होने की वजह से पंचायत सहायक की नियुक्ति में पेंच फंसा हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में अन्य पिछड़ा वर्ग के सात आठ परिवार हैं। जिसमें आठ महिलाएं हैं। लेकिन किसी भी इंटर पास महिला के नहीं होने से पंचायत सहायक की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। जिसकी वजह से जरूरी कागजात बनवाने के लिए जनसेवा केंद्रों तक की दौड़ लगानी पड़ रही है। जिसमें समय के साथ साथ अधिक रुपये भी खर्च करने पड़ रहे हैं।

> हमारे ग्राम पंचायत असगरीपुर में अन्य पिछड़ा वर्ग की ग्राम प्रधान है। अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला पंचायत सहायक नियुक्त की जानी है। हमारी इस ग्राम पंचायत में अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं में कोई भी महिला 12वीं पास नहीं है। इसलिए पंचायत सहायक नियुक्त नहीं की जा सकी है।
> -फरजाना खातून, ग्राम प्रधान असगरीपुर

> अन्य पिछड़ा वर्ग की महिला ग्राम प्रधान है और इसी आरक्षण वर्ग की महिला पंचायत सहायक की नियुक्ति की जानी थी। लेकिन कोई भी 12वीं पास महिला न होने के कारण अभी तक पंचायत सहायक नियुक्त नहीं किया जा सका है। -महेंद्र सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी

# होली व चुनाव के दौरान मुस्तैद रहे पुलिस

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार**: अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन पीसी मीना ने जनपद के पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ बैठक में आगामी त्योहार व लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था को लेकर साफ कहा कि पुलिस विवादों पर पैनी निगाह रखकर शांति व्यवस्था बिगाड़ने की मंशा रखने वाले तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाये। बैठक में डीआईजी मुनीराज जी भी मौजूद रहे।

लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में आयोजित बैठक में एडीजी पीसी मीना ने कहा कि त्योहार रजिस्टर का अवलोकन कर मेलों व जुलूसों में पर्याप्त पुलिस प्रबंध किया जाये। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध जानकारी एकत्र कर समय रहते उन पर कार्रवाई की जाये। होलिका दहन व मेले जुलूसों के दौरान कोई नई परम्परा नहीं होनी चाहिए। जनपद में सभी 1176 होलिका दहन स्थलों का थाना प्रभारी भौतिक सत्यापन कर देखें कि कहीं कोई विवाद तो नहीं है। जुलूसों के मार्ग का भी निरीक्षण कर मेला स्थलों व मंदिरों आदि पर सुरक्षा के प्रबंध किये जाये। एडीजी ने कहा कि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में प्रभावी गश्त के साथ ही पीस कमेटी, प्रबुद्ध वर्ग एवं प्रमुख धार्मिक लोगों के साथ मीटिंग की जाये। सोशल मीडिया पर भ्रामक व आपत्तिजनक पोस्ट का तत्काल खण्डन किया जाये। अवैध शराब की बिक्री रोकने के लिए भी प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये। एडीजी पीसी मीना ने लोकसभा चुनाव सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए कार्य योजना तैयार कर चुनाव आयोग के निर्देश के अनुसार आवश्यक कार्रवाई करने को कहा। लाइसेंसी शस्त्रों का सत्यापन कराकर समय से शस्त्र जमा कराने को कहा। बैठक में पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत,एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा,एएसपी उत्तरी श्रीश्चंद्र के साथ ही जनपद के सभी सीओ व थाना प्रभारी मौजूद रहे।


अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करते एडीजी पीसी मीना।

**सख्ती**

▸▸ एडीजी ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिये निर्देश

▸▸ संभल में पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों के साथ एडीजी ने की बैठक

### बाइकों की आमने सामने से भिड़ंत में एक की मौत, चार घायल

**बहजोई, अमृत विचार**:दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार की मौत हो गई जबकि चार गंभीर रूप से घायल हो गये। चिकित्सक ने घायलों की हालत गंभीर बताते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया।

बहजोई के गांव बहादुर नगर निवासी सीताराम अपने बेटे वेदराम व पत्नी देववती के साथ बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। नवीन पुलिस लाइन पुलिस चौकी के निकट रजपुरा की ओर से गांव सिंघोला निवासी विकास,उसके पिता सियाराम बाइक पर सवार होकर आ रहे थे।

दोनों की बाइक आमने-सामने भिड़ंत हो गई। पांचों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। बहजोई सीएचसी से चिकित्सक ने सभी घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

सीताराम को जिला अस्पताल से मुरादाबाद रेफर किया गया लेकिन सीताराम ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया।


महिला शक्ति संगठन के होली मिलन कार्यक्रम में शामिल महिलाएं। ● अमृत विचार

# गुलाल व फूलों से होली खेल कर गीतों पर थिरकीं महिलाएं

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार** : महिला शक्ति संगठन के होली मिलन समारोह में महिलाओं ने गुलाल और फूलों की होली खेली। होली के गीतों पर नृत्य कर धूम मचा दी।

हयातनगर में स्थित कन्या पाठशाला में महिला शक्ति संगठन के बैनर तले महिलाएं जुटीं। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित और पूजन से की गई। महिलाओं ने होली के गीतों पर नृत्य करते हुए कविताओं की प्रस्तुति दी। संगठन की अध्यक्ष दीपा वार्ष्णेय ने होली के गीत सुनाकर महिलाओं के साथ गुलाल और फूलों की होली खेली। महिलाओं ने गेम, होली डांस और भजनों पर ग्रुप डांस किया।

मुख्य अतिथि चेयरमैन चंदौसी लता वार्ष्णेय ने कहा कि होली रंगों भरा त्योहार है। इसलिए हमें बिना भेदभाव के साथ त्योहार मनाना चाहिए। होली के दिन पानी की बर्बादी न की जाए। गुलाल का प्रयोग करें। केमिकल के रंगों का इस्तेमाल न किया जाए। समिति की वरिष्ठ सदस्य कुसुमलता का महिलाओं ने ढोल ताशे के साथ फूल माला पहनाकर उपहार देकर स्वागत किया।

## सार-संक्षेप

### होलिका महोत्सव सेवा समिति के अध्यक्ष बने नीलांशु

**संभल अमृत विचार** : श्री होलिका महोत्सव सेवा समिति सरायतरीन की चुन्नू सर्राफ के प्रतिष्ठान पर हुई बैठक में होली के कार्यक्रमों को लेकर मंथन किया गया। लोगों की उपस्थिति में कार्यकारिणी का विस्तार भी हुआ। समिति की कार्यकारिणी में कमल कौशल वार्ष्णेय, संतराम गुप्ता, प्रियरत्न आर्य, डॉ.वीरेंद्र कुमार, अनिल चौधरी, त्रिवेदी प्रकाश वार्ष्णेय संरक्षक बनाए गए। अध्यक्ष नीलांशु वार्ष्णेय, उपाध्यक्ष शशांक वार्ष्णेय व गौरव सर्राफ, प्रबंधक सचिन शर्मा, उप प्रबंधक शुभम वार्ष्णेय, शोभित, मंत्री अंशु वार्ष्णेय, पुनीत सर्राफ, कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता टंकी वाले, प्रचार मंत्री मनोज अग्रवाल, पराग वार्ष्णेय, चौपाई प्रभारी नीरज बजाज बनाए गए। सदस्यों में नीरज वार्ष्णेय, विशाल सर्राफ, तरुण कुमार, क्षितिज कुमार, नीलेश सर्राफ, मनीष सर्राफ, रूपेश आर्य, लोकेश चौधरी, हनी स्वीट्स, मोहित गांधी, प्रवीन पाठक रहे।



शराब की दुकान पर अभिलेख देखतीं डिप्टी कलेक्टर वंदना मिश्रा। ● अमृत विचार

### नहीं मिला शिकायती रजिस्टर, डिप्टी कलेक्टर नाराज

**बहजोई, अमृत विचार** : होली व लोकसभा चुनाव को लेकर डीएम के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर व आबकारी विभाग के अधिकारी ने औचक निरीक्षण किया। शिकायती रजिस्टर न होने पर डिप्टी कलेक्टर ने नाराजगी व्यक्त की। कार्रवाई की चेतावनी दी। डिप्टी कलेक्टर वंदना सिंह बहजोई की अंग्रेजी शराब की दुकान पर पहुंचीं। दुकान पर साफ सफाई न होने पर नाराजगी व्यक्त की। वहीं शिकायत रजिस्टर नहीं होने पर डिप्टी कलेक्टर ने नाराजगी जताई। रजिस्टर नहीं रखने को लेकर कार्रवाई की चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि दुकान पर ओवर रेट को लेकर को कोई शिकायत आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जानवर ने ली बकरी की जान, फैली तेंदुए की दहशत

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना क्षेत्र के रसूलपुर धतरा गांव में किसान के बरामदे में बंधी बकरी पर हमला कर जानवर ने उसकी जान ले ली। बकरी पर हमले के बाद एक बार फिर से गांव में तेंदुए की दहशत फैल गई है। थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर धतरा गांव में 22 फरवरी को तेंदुए को पुलिस व वन विभाग की टीम ने पकड़ा था। हालांकि पकड़ने के बाद तेंदुए की मौत हो गई थी। अब गांव में नबीजान के बरामदे में बंधी बकरी पर रात को हमला कर जानवर ने उसकी जान ले ली। ग्रामीणों ने खंडहर पड़े मकान व आमना के मकान की कच्ची छत पर जंगली जानवर के पंजों के निशान देखे।

### अलग-अलग जगह से सात लोग गिरफ्तार

**संभल, अमृत विचार** : हयातनगर थाना पुलिस ने अलग अलग जगहों से आपस में विवाद पर शुक्रवार को सात लोगों को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के गांव ओढो की मढैया निवासी देवेंद्र अपने बेटे अवधेश व गुड्डु और क्षेत्र के गांव सैजना निवासी लालू व बदायूं जिले के गांव कसुरी तेगा निवासी करुपाल आपस में झ गड़ा कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और देवेंद्र, अवधेश, गुड्डु, लालू व करुपाल को गिरफ्तार कर लिया। दूसरी ओर पुलिस ने आपस में गाली गलौज करने पर सरायतरीन के मुहल्ला तकिया मंगलपुरा निवासी नफीस व इरफान को हिरासत में ले लिया।

# कथित पत्रकार ने नशीली मिठाई खिलाकर युवती से किया दुष्कर्म

संवाददाता, संभल/सिरसी

▸▸ दुष्कर्म का वीडियो बनाकर वायरल करने की दी धमकी

▸▸ असमोली पुलिस ने युवती की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

**अमृत विचार**:असमोली थाना क्षेत्र में कथित पत्रकार ने मुरादाबाद की युवती को मिठाई में नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवती का आरोप है कि दुष्कर्म की वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देकर फिर से संबंध बनाने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने युवती की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी है।

मुरादाबाद के एक मुहल्ला निवासी युवती का कहना है कि पांच माह पहले उसकी मुलाकात कपिल ठाकुर से हुई तो कपिल ठाकुर ने खुद को चैनल का पत्रकार बताते हुए उसे पत्रकार बनाकर अपने साथ चैनल में काम करने के लिए 12 हजार रुपये प्रति माह पर रख लिया था। आरोप है कि 12 मार्च की सुबह कपिल ठाकुर उसे न्यूज कवरेज करने की बात कहकर कार में बैठाकर ले जा रहा था। रास्ते में कपिल ने नशीली मिठाई खिला दी। युवती का कहना है कि उसे होश आया तब गन्ने के खेत में कपिल ठाकुर उसके साथ दुष्कर्म कर रहा था।

विरोध करने पर कपिल ठाकुर ने तमंचा दिखाकर दुष्कर्म की वीडियो बना ली। युवती का कहना है कि कपिल ठाकुर ने 14 मार्च को फिर से संबंध बनाने के लिए उसे फोन किया और मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी दी। युवती ने सीओ असमोली को तहरीर दी तो सीओ के निर्देश पर असमोली पुलिस ने कपिल ठाकुर के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस आरोपी को तलाश रही है।

**कार्यक्रम** बोले समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी शिवपाल, भाजपा को हराने आए हैं

# गुन्नौर रही नेताजी की कर्मभूमि इसलिए भावनात्मक लगाव

संवाददाता,गुन्नौर(संभल)

**अमृत विचार** :गुन्नौर में बदायूं लोकसभा क्षेत्र के समाजवादी पार्टी प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि वह भाजपा को हराने आए हैं। गुन्नौर क्षेत्र नेताजी मुलायम सिंह यादव की कर्मभूमि रहा है, इसलिए उनके परिवार का यहां से भावनात्मक लगाव है। सभी एकजुट होकर सहयोग करें। नगर में बदायूं रोड पर आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में पहुंचे शिवपाल सिंह यादव का स्वागत किया गया। जनसंवाद करते हुए उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव ने उन्हें यहां भाजपा को हराने के लिए भेजा है। मुलायम सिंह यादव का नाम लेकर उन्होंने गुन्नौर से अपने रिश्ते की दुहाई दी।

बोले, नेताजी को यहां के लोगों ने खूब प्यार दिया, एमएलए और एमपी बनाया। धर्मेन्द्र यादव को जिताया। पिछले चुनाव में बेईमानी से धर्मेंद्र यादव को हरा दिया गया लेकिन इस बार हम सतर्क हैं। ऐसा नहीं होने देंगे। हमने घोसी जीत लिया और अब बदायूं के साथ ही मैनपुरी, कन्नौज, फिरोजाबाद, इटावा, आजमगढ़ सहित पूर्वांचल की कई लोकसभा सीटें जितानी हैं। देर रात शिवपाल यादव का काफिला बबराला पहुंचा। जहां सपाइयों ने स्वागत किया।


सभा को संबोधित करते शिवपाल सिंह यादव। ● अमृत विचार

▸▸ बदायूं रोड पर आयोजित पार्टी के कार्यक्रम में पहुंचे सपा नेता

### शिवपाल सिंह ने कहा-नहीं होने देंगे बेईमानी

**जुनावई, अमृत विचार** : बदायूं लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी शिवपाल सिंह यादव ने जुनावई में जनसभा में कहा कि पहले यहां पर बेईमानी हुई थी लेकिन अब हम आ गए हैं, बेईमानी नहीं होने देंगे। घोसी में क्या स्थिति हुई थी, सबको पता है। कहा कि रामपुर में प्रशासन द्वारा लोगों को वोट नहीं डालने दिया लेकिन हम रामपुर में नहीं थे। कहा, हम और अखिलेश यादव दोनों एक हुए और डिंपल यादव की बड़ी जीत हुई। हमने बेईमानी नहीं होने दी। कार्यकर्ता एकजुट हो जाएं, हमारी बड़ी जीत होगी। शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य यादव ने कहा कि युवा शक्ति को एकजुट होने का समय आ गया है। इस दौरान विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, अखिलेश यादव, केपी यादव, विनोद प्रधान, बिट्टू कश्यप, भावेश यादव, राजू यादव, सर्वेश फौजी, अशोक बब्बा, चरण सिंह, नौरंगी यादव आदि रहे।

### वारंटी सहित दो गिरफ्तार

**संभल/असमोली, अमृत विचार** : असमोली थाना पुलिस ने अलग अलग जगहों से शुक्रवार को वारंटी सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एक आरोपी के पास से पुलिस ने अवैध शराब भी बरामद की है। थाना क्षेत्र के गांव धकतोड़ा निवासी सतवीर को सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस ने सैदनगली तिराहे पर स्थित यात्री शेड के पास से गिरफ्तार कर लिया।

**आवश्यकता है**

महिला फील्ड ऑफिसर, टीम लीडर, फील्ड वर्कर उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में।

अपना बायोडाटा whatsapp करें- मो0- 7081974868

## एक नजर

### बैंक प्रवेश परीक्षा की तैयारी की जानकारी दी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एनकेबीएमजी कॉलेज में छात्राओं को बैंक करियर से संबंधित जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आरंभ महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अलका रानी अग्रवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम में इंडियन बैंक के असिस्टेंट मैनेजर हिमांशु सूद ने छात्राओं को बैंक प्रवेश परीक्षा की तैयारी की जानकारी दी। बताया कि किन विषयों को किस प्रकार से विभिन्न ऑन लाइन व ऑफ लाइन माध्यमों से तैयारी की जा सकती है। बताया कि कैसे छात्राएं बैंक की नौकरियों के लिए आवेदन कर सकती हैं।

### शराबी ने पुलिसकर्मियों से की अभद्रता, धक्का मुक्की

**संभल, अमृत विचार :** शराब के नशे में धुत व्यक्ति को पुलिस जिला संयुक्त चिकित्सालय लेकर पहुंची तो वहां शराबी ने पुलिसकर्मियों के साथ न सिर्फ अभद्रता की बल्कि वह मारपीट पर भी उतारू हो गया। हयातनगर थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति शराब पीकर हंगामा कर रहा था तो स्थानीय लोगों ने 112 को कॉल कर पुलिस को सूचना दी। इसके बाद 112 की टीम ने शराबी को जिला संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया।

# दस मिनट में हुई पालिका बोर्ड की बैठक, करोड़ों के प्रस्ताव पारित

## कोरम पूरा न होने पर पालिकाध्यक्ष ने धारा 88 का प्रयोग कर पास कराये प्रस्ताव

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** पालिका बोर्ड की बैठक में 25 में से 11 सभासद ही पहुंचे। कोरम का अभाव होने पर पालिकाध्यक्ष ने धारा 88 का प्रयोग कर पालिका बोर्ड की बैठक संपन्न कराई । जिसमें करोड़ों के प्रस्ताव पास किए गए। अधिशासी अधिकारी के रूप में एसडीएम मौजूद रहीं।

गत 12 मार्च को नगर पालिका बोर्ड की बैठक होनी थी। मगर बैठक में 25 सभासदों में से केवल 8 ही सभासद पहुंचे। जिस पर बैठक को कोरम पूरा न होने पर निरस्त कर दिया गया। इसके बाद शुक्रवार को पालिका बोर्ड की बैठक हुई। शुक्रवार को भी 25 में मात्र 11 सभासद ही उपस्थित हुए। बैठक में पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय व अधिशासी अधिकारी के रूप में एसडीएम नीतू रानी मौजूद रहीं।



नगर पालिका बोर्ड बैठक में बोलती पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय। ● अमृत विचार

कोरम का अभाव होने पर पालिकाध्यक्ष ने धारा 88 का प करते हुए 74 करोड़ 15 लाख 65 हजार रुपये आय का बजट पास कराया गया। इसके सापेक्ष 73 करोड़ 38 लाख 75 हजार व्यय दिखाया गया। जिसमें 76 लाख रुपये लाभ का बजट पास कर दिया गया। बोर्ड बैठक के एजेंटे में केंद्रीयित सेवा के कर्मचारियों के वेतन, बोनस, एरियर, चिकित्सा पूतिपूर्ति, बीमा, पेंशन अशंदान आदि 32 करोड़ रुपये व्यय। जलकल विभाग पर एक करोड़ 25 लाख रुपये व्यय आदि दर्शाए गए हैं। बैठक में सभासद मेघा गुप्ता, सचिंद्र यादव, हरीश अरोरा, जाकिर सलमानी, विमलेश, निदा, रुखसाना बेगम, रियाज अहमद, अनुराग अग्रवाल, दरक्शा खातून, परवीन जहां शामिल रहीं।

> बोर्ड की पहली बैठक में सभासदों की संख्या आठ व दूसरी बैठक में उपस्थिति 11 रही। इसलिए बैठक को निरस्त कर धारा 88 का प्रयोग कर प्रस्ताव पास कराए गए। ताकि शहर में कराए जाने वाले विकास कार्य प्रभावित न हों।
>
> **-लता वार्ष्णेय,** पालिकाध्यक्ष, नगर पालिका



कार्यक्रम में मुख्य अतिथि का सम्मान करतीं पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# युवा महिला मंडल ने खेली फूलों की होली

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

▸▸ **महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल भी लगाया, बच्चों की प्रस्तुति ने मनमोहा**

**अमृत विचार:** शुक्रवार को श्री गीता सत्संग युवा महिला मंडल ने होली महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण फूलों की होली रही। सीता रोड़ स्थित श्री गीता सत्संग भवन में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों के राधा-कृष्ण के रुप में डांस, भजनों के साथ फूलों की होली खेली। होली उत्सव में दी गई प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। मंडल की महिलाओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाया। मुख्य अतिथि राशि गर्ग, संयोजक इंदु अग्रवाल के अलावा सोनम अग्रवाल, दीपिका अग्रवाल ,शालिनी अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, श्वेता बंसल, सुप्रिया ,मानसी ,निधि , सोनल, प्रिया, मेघा, प्रियंका, रिचा मौजूद रहीं।

# बूथ प्रबंधन को मजबूत करें कार्यकर्ता

**कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की विधानसभा संचालन समिति की बैठक आजाद रोड स्थित संजीवनी पैलेस में हुई। जिसमें लोकसभा सह प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने कहा कि भाजपा की बूथ समितियों के पदाधिकारी बैठक करके बूथ प्रबंधन को मजबूत करें। जिसका दायित्व पूर्व नगराध्यक्ष गिरीश रतन व सभासद तरुण कुमार नीरज को दिया गया है। सह संयोजक भुवनेश राघव ने कहा कि भाजपा परिवार से अन्य पार्टी के कार्यकर्ताओं को जोड़कर वोट बैंक बढ़ाने का कार्य करें। चन्दौसी लोकसभा संभल की महत्वपूर्ण विधानसभा है। हमें लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा दी गई लाभकारी योजनाओं की जानकारी देनी है। विधानसभा प्रभारी सुभाष भटनागर ने विधान सभा संचालन समिति के सभी पदाधिकारियों को उनकी जिम्मेदारी सौंपी। विधानसभा संयोजक विनोद कुमार बिन्नी ने कहा कि हमें लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा दी गयी लाभकारी योजनाओं की जानकारी देनी है। समाजवादी पार्टी से भाजपा में शामिल हुई पूर्व पालिकाध्यक्ष रेनू कुमारी ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की कार्यशैली से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ी हूं। पार्टी मुझे जिस भी कार्य की जिम्मेदारी देगी उसे में पूरी लगन और निष्ठा के साथ करूंगी।



बैठक को संबोधित करते धर्मेन्द्र नाथ मिश्रा। ● अमृत विचार

▸▸ **भाजपा की विधान सभा संचालन समिति की बैठक हुई**

कार्यक्रम की अध्यक्षता नगराध्यक्ष अंकुर अग्रवाल ने किया। इस दौरान सुशील कुमार, गिरिराज मौर्य, ललित मोहन शर्मा, आमोद कुमार वार्ष्णेय, अभिनव शर्मा, मनोज दिवाकर, हरेंद्र कोहली, आकाश अग्रवाल, महावीर सिंह, मोक्षिका शर्मा, शीनू गुप्ता, स्वेता गुप्ता, नीलम अरोरा, योगेश गोल्डन, आदि मौजूद रहे।

## मंत्री गुलाब देवी आज करेंगी ओवरब्रिज का शिलान्यास

**चन्दौसी, अमृत विचार:** शनिवार सुबह 11 बजे राज्यमंत्री गुलाब देवी मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का शिलान्यास करेंगी। जिसके बाद ओवरब्रिज बनाने का कार्य आरंभ हो जाएगा।

भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष सतीश अरोरा ने बताया कि समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने का रास्ता साफ हो गया। शनिवार की सुबह शिक्षा राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) गुलाब देवी भाजपा पदाधिकारियों के साथ ओवरब्रिज का शिलान्यास करेंगी। इसके बाद ओवरब्रिज बनाने का कार्य आरंभ कर दिया जायेगा। पिछले काफी वर्षों से शहरवासी मंडी समिति स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज बनाने की मांग कर रहे थे। अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष अनुज कुमार अन्नू ने बताया कि यह नगरवासियों के लिए खुशी का पल है।

# पिछड़े, शोषित व दलितों को दिया सम्मान

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :**बहुजन समाज पार्टी, वामसेफ और डीएस 4 के संस्थापक कांशीराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। पदाधिकारियों ने कांशीराम के जीवन पर प्रकाश डाला। कहा कि उन्होंने प्रदेश के पिछड़े, शोषित, दलित सर्व समाज को सम्मान देने का काम किया।

चौधरी सराय में बसपा नेता पूर्व प्रत्याशी विधानसभा क्षेत्र असमोली रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा के आवास पर आयोजित हुए जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी डॉ.पूजन प्रसाद ने कांशीराम के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि बाबा साहब के अधूरे मिशन को पूरा करने के लिए कांशीराम ने कश्मीर से कन्या कुमारी तक साइकिल से सोए लोगों को जगाने का काम किया। हम 85 प्रतिशत हैं और राज 15 प्रतिशत लोग कर रहे हैं, वोट हमारा राज तुम्हारा नहीं चलेगा, नहीं चलेगा नारा देकर लोगों को इकट्ठा करने का काम किया। उन्होंने 14 अप्रैल 1984 को बसपा की स्थापना की और 3 जून 1995 को सरकार बनाकर प्रदेश के पिछड़े, शोषित, दलित सर्व समाज को सम्मान देने का काम किया। इस दौरान रफतउल्ला उर्फ नेता छिद्दा, संसार सिंह एडवोकेट, साजिद अहमद, धर्मेंद्र कुमार, फिरोज आलम, वसीम खां, नरेंद्र कुमार, मदन पाल, आरिफ मलिक, अजब सिंह, वीर सिंह, आशाराम, इब्राहिम, मुकेश शुक्ला, बंटी, किशोरी लाल आदि रहे। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जितेंद्र सिंह एडवोकेट ने तथा संचालन कुंवरपाल ने किया।





कांशीराम जयंती कार्यक्रम में बोलते मुख्य अतिथि डॉ.पूजन प्रसाद। ● अमृत विचार

▸▸ **बसपाइयों ने धूमधाम से मनाई कांशीराम की जयंती**

## कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, छह लोग घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के बदायूं रोड पर गायत्री कोल्ड स्टोरेज के पास ई-रिक्शा को पीछे से कार ने टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच महिला सहित छह लोग घायल हो गए।

कोतवाली क्षेत्र के गांव बर्रई के पास से कुछ किसान व महिलाएं मजदूरी कर ई-रिक्शा से लौट रहे थे। जब ई-रिक्शा बदायूं रोड स्थित गायत्री कोल्ड स्टोरेज के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे के बाद ई-रिक्शा सड़क पर पलट गया और ई-रिक्शा में सवार दिलीप पुत्र डालचंद्र निवासी गांव पथरा, छवि पत्नी रामवीर, माया पत्नी मोहन, रजनी पत्नी सत्यपाल, सुनहरी पत्नी राजेश, कृष्णा पत्नी श्रवण कुमार निवासी तारापुर घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस से उपचार के लिए घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जहां दिलीप, छवि व माया की हालत गंभीर होने पर तीनों को चिकित्सक ने हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# एक वर्ष पूर्व हुए कोल्ड स्टोरेज हादसे का दंश आज भी भुगत रहे पीड़ित परिवार

**आदित्य कांत शर्मा / श्याम मिश्रा, चन्दौसी**

▸▸ **मृतकों की पत्नियां जैसे-तैसे कर रही परिवार का पालन-पोषण**

▸▸ **सहायता राशि को बच्चों के भविष्य के लिए सुरक्षित रखी**

**अमृत विचार:** एक वर्ष पूर्व हुए एआर कोल्ड स्टोरेज हादसे में जनपद संभल व बदायूं के 14 लोगों की जान गई थी। इसमें 12 लोग संभल जिले के थे। जिसमें अधिकांश मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। आज भी उनके परिवार जैसे-तैसे जीवन यापन को मजबूर हैं। वैसे तो शासन व प्रशासन की ओर से मृतकों के परिजनों को मुआवजे में 15-15 लाख रुपये मिले थे। मगर अभी भी कुछ पीड़ित परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित हैं।

इस्लामनगर रोड पर गांव बर्रई के पास एआर कोल्ड स्टोरेज का एक चैंबर 16 मार्च की सुबह 11 बजे अचानक भरभराकर गिर गया था। हादसे के बाद कोल्ड स्टोरेज के मालिक फरार हो गए थे। हादसे की सूचना मिलने पर पल्लेदारों के परिजन सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए थे ।




एआर कोल्ड स्टोरेज के गिरे हुए चेंबर का फाइल फोटो।

60 घंटे चले रेस्क्यू में 14 लोगों के शव व घायलों को बाहर निकाला जा सका था। उस समय शासन व प्रशासन ने मृतक के परिजनों के कई मदों में पांच-पांच लाख रुपये की सहायता राशि मुहैया कराई। इसके बाद लगभग 10-10 लाख की राशि प्रत्येक मृतक के परिजनों को दी गई। शनिवार को घटना को एक वर्ष पूरा हो गया। मगर आज भी मृतकों के परिवार उस मनहूस दिन को याद करके गमगीन हो जाते हैं। मृतक शिशु पाल की पत्नी अलका व रामवीर की पत्नी विरमा ने बताया कि उन्होंने विधवा पेंशन का आवेदन किया था, लेकिन अभी तक पेंशन शुरू नहीं हुई है। वहीं मृतक प्रेम की पत्नी का कहना है कि उसकी पेंशन की पहली किश्त आयी थी, लेकिन उसके बाद कोई किश्त नहीं आयी। साथ ही शौचालय का आवेदन किया था, लेकिन वह भी निरस्त हो गया। वहीं शासन व प्रशासन से मिली धनराशि को बच्चों के भविष्य को देखते हुए सुरक्षित कर दी है।



मृतक शिशु पाल की पत्नी अलका अपने बच्चों के साथ। ● अमृत विचार



बच्चों के साथ मृतक रामवीर की पत्नी विरमा। ● अमृत विचार



मृतक प्रेम की पत्नी रीता अपने पुत्र अरुण और विशाल के साथ।

### मृतक प्रेम के पुत्र ने डी-फार्मा कर किया पिता का सपना पूरा

गांव कैथल का पल्लेदार प्रेम पुत्र को बड़ा आदमी बनाना चाहता था। पुत्र पढ़ाई में भी अच्छा था। पिता की मौत के समय पल्लेदार का बड़ा पुत्र अरुण डी-फार्मा कर रहा था। पिता का साया उठने के बाद भी अरुण ने हिम्मत नहीं हारी और अपने पिता की अंतिम इच्छा को पूरा करने को डी-फार्मा पूरा किया।

### बच्चे करते है आज भी पिता के आने का इंतजार

हादसे में 14 पल्लेदारों की जान चली गई थी। जिसमें कुछ पल्लेदारों के छोटे बच्चे आज भी अपने पिता का लौटने का इंतजार करते हैं। 16 मार्च 2023 की सुबह कोल्ड स्टोरेज में पल्लेदारी करने वाले लोग हंसी-खुशी घर से निकले थे और अपने छोटे-छोटे बच्चों से शाम को लौटने का वादा कर खाने का सामान लाने की बात कही थी। । सुबह 11 बजे कोल्ड स्टोरेज का एक चैंबर गिर गया। सूचना मिलने पर परिजन चीखते-चिल्लाते घटनास्थल की ओर दौडे। घटना में गांव कैथल के पांच व ऐतोल के पांच व एक बर्रई, एक मई व दो बदायूं जनपद के पल्लेदारों की मौत हो गई। इनमें कैथल निवासी मृतक रामवीर अपने पीछे पत्नी विरमा व चार छोटी पुत्री वैष्णवी, राखी, पिंकी व सोनम तथा गांव कैथल के मृतक शिशुपाल अपने पीछे पत्नी अलका, तीन पुत्री हिमानी, अंशिका, खुशबू व एक पुत्र अंकित को छोड़ गया। दोनों पल्लेदारों के बच्चे आज भी शाम को अपने घर के दरवाजे पर बैठ पिता के आने का इंतजार करते हैं।

# नोडल अधिकारी ने दो अवैध अस्पताल व दो लैब सील कीं

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

**कार्रवाई**

▸▸ **असमोली और हयातनगर थाना क्षेत्र में की कार्रवाई**

▸▸ **संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी**

**अमृत विचार :**स्वास्थ्य विभाग के नोडल अधिकारी ने असमोली क्षेत्र के दो गांवों में छापेमारी करते हुए अवैध अस्पताल और दो पैथोलॉजी लैब सील करा दी। हयातनगर क्षेत्र में भी एक अवैध क्लीनिक सील किया। इनके संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दी गई।

असमोली क्षेत्र के गांवों में अवैध अस्पताल और पैथोलॉजी लैब को लेकर शुक्रवार को नोडल अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने कार्रवाई की।

नोडल अधिकारी ने बताया कि गांव सैंधरी में अवैध रूप से संचालित नवजीवन जच्चा बच्चा केंद्र को सील कराया गया। इसी गांव में बिना नाम की पैथोलॉजी लैब सील करने की कार्रवाई की। वहीं गांव शाहपुर चमारान में भी जनता पैथोलॉजी लैब सील की गई है। हयातनगर थाना क्षेत्र के गांव हैबतपुर में क्लीनिक सील किया गया।

नोडल अधिकारी ने कहा कि अस्पताल और पैथोलॉजी लैब का संचालन बिना प्रमाण पत्रों के आधार पर हो रहा था। इनके संचालकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए थाना पुलिस को तहरीर दी गई है।

**कठिनाई** जिले में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए शुरू हुए थे क्रय केंद्र

# गेहूं की कटाई शुरू नहीं तो क्रय केंद्रों पर भी सन्नाटा

**अमृत विचार पड़ताल**

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार के निर्देश पर भले ही गेहूं खरीद के लिए जिले में एक मार्च से क्रय केंद्र खोल दिए हैं लेकिन 13 दिन बाद भी क्रय केंद्रों पर सन्नाटा है। चूंकि अभी खेतों में ही गेहूं की कटाई शुरू नहीं हुई तो क्रय केंद्रों पर किसान नहीं पहुंच रहे हैं। हालांकि क्रय केंद्रों के प्रभारी किसानों से संपर्क कर गेहूं बेचने के लिए रजिस्ट्रेशन कराने में जुटे हैं।

प्रदेश सरकार ने गेहूं का मूल्य 2275 रुपये घोषित करते हुए एक मार्च से क्रय केंद्र खोलने के निर्देश दिए। जिले में 58 क्रय केंद्र सक्रिय किए गए। अमृत विचार ने क्रय केंद्रों पर गेहूं की आवक को लेकर बुधवार को पड़ताल की तो अलग ही नजारा दिखा। संभल मंडी समिति में एफसीआई का एक और खाद्य विभाग के दो क्रय केंद्र होने की बात सामने आई लेकिन यहां सन्नाटे पसरा है। केंद्रों के प्रभारियों का कहना है कि अभी खेतों में ही गेहूं की कटाई शुरू नहीं हुई है तो फिर क्रय केंद्रों पर किसान भी नहीं आ रहे हैं। बताया कि गेहूं बेचने के लिए किसानों का रजिस्ट्रेशन कराया जा रहा है। संभल तहसील क्षेत्र में ही 500 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं।



मंडी समिति परिसर में सरकारी क्रय केंद्र पर पसरा सन्नाटा व मौजूद स्टाफ।

▸▸ **रजिस्ट्रेशन कराने के लिए किसानों से संपर्क करने में जुटे केंद्रों के प्रभारी**

> क्रय केंद्र चालू हालत में हैं लेकिन अभी गेहूं नहीं निकल रहा है। केंद्रों के प्रभारियों को समय से किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने के निर्देश दिए गए हैं।
>
> **-विजयता सिंह,** डिप्टी आरएमओ

### भुगतान के साथ मिलेगी गेहूं उतराने की धनराशि

**संभल, अमृत विचार :** क्षेत्रीय विपणन अधिकारी खुशीराम ने बताया कि इस बार किसान से प्रति क्विंटल गेहूं उतराई के 20 रुपये लिए जाएंगे लेकिन यह धनराशि 48 घंटे में ही गेहूं के भुगतान के साथ किसान को वापस कर दी जाएगी। जिससे किसानों की जेब पर गेहूं उतरवाने का बोझ नहीं पड़ेगा।

## संभल-मुरादाबाद समेत मुख्य परीक्षा के लिए 17 नोडल केंद्र बनाए

**बरेली, अमृत विचार:** रुविवि ने स्नातक और परास्नातक की मुख्य परीक्षा के लिए 17 नोडल केंद्र बनाए हैं। बरेली में बरेली कॉलेज, खंडेलवाल कॉलेज, राजेंद्र प्रसाद स्नातकोत्तर महाविद्यालय, डॉ. राम मनोहर लोहिया राजकीय कॉलेज, बदायूं में राजकीय कॉलेज और एनएसएसएन दास कॉलेज, पीलीभीत में उपाधि महाविद्यालय व राजकीय महाविद्यालय बीसलपुर, शाहजहांपुर में जीएफ कॉलेज, गन्ना किसान डिग्री कॉलेज पुवायां, बिजनौर में वर्धमान कॉलेज, आरएसएम कॉलेज, मुरादाबाद में जीएसडी कॉलेज, अमरोहा में जेएसएच कॉलेज, संभल में एमजीएम कॉलेज, एसएम कॉलेज चंदौसी, रामपुर में राजकीय रजा पीजी कॉलेज और राजकीय महाविद्यालय स्वार को नोडल केंद्र बनाया गया है।




लोकयात्रा भयं लज्जा दाक्षिण्यं त्यागशीलता।
पंच यत्र न विद्यन्ते न कुर्यात्तत्र संगतिम् ॥

जिस स्थान पर आजीविका न मिले, लोगों में भय, और लज्जा, उदारता तथा दान देने की प्रवृत्ति न हो, ऐसी पांच जगहों को भी मनुष्य को अपने निवास के लिए नहीं चुनना चाहिए ।

## संपादकीय

# अमेरिका को सलाह

केंद्र सरकार ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले नागरिकता संशोधन एक्ट (सीएए) को लागू कर सीधे तौर पर वसुधैव कुटुंबकम और शरणागत की रक्षा जैसे विचारों को धरातल पर खड़ा करने का प्रयास किया है। साथ ही भारत ने सीएए पर अमेरिका की टिप्पणी का जवाब देकर कड़ा संदेश दिया है कि किसी भी देश के अंदरूनी मामलों में अनधिकृत हस्तक्षेप से बचा जाना चाहिए। सीएए भारत का आंतरिक मामला है। दरअसल अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर अवांछित आपत्ति जताई और अनुचित बयान दिया कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत के संबंध में इतिहास की सीमित समझ रखने वाले हमें ज्ञान ना दें। सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है। इससे लोगों को नागरिकता दी जाएगी न कि उनकी नागरिकता छीनी जाएगी। भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

सीएए के अमल में आ जाने के बाद अब बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश करने वाले हिंदुओं, जैन, ईसाइयों, सिखों, बौद्धों और पारसियों को यहां पांच साल तक निवास करने के बाद भारतीय नागरिकता दी जा सकती है। यह उन लोगों को अवैध प्रवासन की कार्यवाही से बचाने के लिए बनाया गया है।

केंद्र सरकार ने जब इस कानून को लाने की तैयारी की थी, तभी से इसका विरोध भी शुरू हो गया था। 2019 में जब सीएए कानून को संसद से हरी झंडी मिली थी तब पूर्वोत्तर समेत कई राज्यों में बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। प्रदर्शन करने वालों का कहना था कि सरकार वोट बैंक की राजनीति कर रही है इसलिए इसमें मुस्लिमों को शामिल नहीं किया गया है। भाजपा इसमें अपना राजनैतिक लाभ देख रही है। कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन को देखते हुए उस समय सरकार ने सीएए को ठंडे बस्ते में डाल दिया था। हालांकि, समय-समय पर इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। कहा जा रहा है व्यापक विरोध के चलते ही कानून को लागू करने में देरी हुई। सच्चाई यह भी है कि कुछ राज्य सरकारों ने विधानसभा में नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित किया है, यह दर्शाता है कि कैसे इस मुद्दे पर राजनीति होती रही। जबकि नागरिकता देने में राज्य सरकारों की कोई जिम्मेदारी नहीं थी।

# बेहतर शिक्षा हो चुनावी घोषणा पत्रों का प्रमुख एजेंडा



डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है।

शिक्षा को किसी भी राष्ट्र की प्रगति का आधार माना गया है। यह समय और समाज के साथ चलने वाली वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति की अंतर्निहित शक्तियों का विकास करते हुए उसके ज्ञान, कौशल और दक्षताओं में वृद्धि करती है। शिक्षा एक सभ्य और सुसंस्कृत समाज के निर्माण हेतु अपेक्षित कार्य, व्यवहार और दायित्वों का भी बोध कराती है। इससे व्यक्ति का बहुमुखी विकास होता है और किसी भी राष्ट्र के संवैधानिक स्वरूप के अनुरूप समाज का निर्माण होता है।

भारत एक मज़बूत लोकतांत्रिक व्यवस्था संपन्न राष्ट्र है। लोकतंत्र या प्रजातंत्र ऐसी शासन प्रणाली होती है जिसमें जनता स्वेच्छा से मतदान करते हुए अपने पसंदीदा जनप्रतिनिधियों का चुनाव करती है। इस प्रकार यह जनता के लिए, जनता की तथा जनता द्वारा संचालित शासन व्यवस्था है। स्वाभाविक ही है कि इस व्यवस्था में जनआकांक्षाएं और जनभावनाएं शामिल होती हैं,अतः चुने गए प्रतिनिधियों का यह दायित्व होता है कि वे जनता की इन अपेक्षाओं पर खरा उतरें।

एक न्यायपूर्ण, लोकहितकारी व समावेशी लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा लोकतांत्रिक व्यवस्था में न केवल व्यक्तियों की सार्थक भागीदारी को बढ़ावा देती है बल्कि राष्ट्रहित में उपयुक्त व्यक्ति के चयन का तार्किक आधार भी बनती है। इस प्रकार शिक्षा लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सहभागी बन सामाजिक एकता, समता, समानता, सामाजिक न्याय और स्वतंत्रता के सिद्धांतों पर आधारित समाज के निर्माण में योगदान देती है। इस दृष्टि से देखें तो शिक्षा और लोकतंत्र का अन्योन्याश्रित संबंध है। दोनों एक दूसरे बिना आधे-अधूरे और लगभग अर्थहीन हैं। अतः आवश्यक है कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में शिक्षा को 'प्रमुख एजेंडा' निर्धारित किया जाय। जिस एजेंडा में प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा और उससे जुड़े कला-कौशलों को हासिल कर स्वयं तथा समाज की प्रगति में योगदान देने योग्य बनाने की प्रतिबद्धता शामिल हो।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए।

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम(आरटीई)-2009 के अंतर्गत पूर्णकालिक प्रारंभिक शिक्षा को हर बच्चे का मौलिक अधिकार घोषित किया गया है। इसके तहत प्रत्येक बच्चे को प्रारंभिक स्तर पर किसी भी औपचारिक विद्यालय में जो कुछ अनिवार्य मानकों और मानदंडों को पूरा करता हो, गुणवत्तापूर्ण एवं पूर्णकालिक शिक्षा का अधिकार प्राप्त है। स्वाभाविक ही है कि बुनियादी शिक्षा किसी भी व्यक्ति के मौलिक अधिकारों में शामिल है जिसे हर स्तर पर बेहतर होना चाहिए। और यह मुद्दा किसी भी चुनाव में, किसी भी पार्टी के चुनावी एजेंडे, विमर्शों और वोट हेतु संपर्क की गतिविधियों में प्रमुखता से होना चाहिए।

विगत तीन दशकों में शिक्षा उन्नयन हेतु संचालित विभिन्न योजनाओं-परियोजनाओं के चलते शिक्षा में कई स्तरों पर सुधार हुए हैं और यह भौतिक संसाधनों की उपलब्धता, पहुंच के विस्तार, क्षमता वर्धन के रूप में दिखते हैं लेकिन पूर्व और वर्तमान की शिक्षा नीतियों के मार्गदर्शक बिंदुओं के आधार पर अभी शिक्षा के अपेक्षित लक्ष्यों को हासिल किया जाना शेष है। जिसके लिए आवश्यक है कि ये लक्ष्य किसी भी राजनैतिक दल के चुनावी घोषणा पत्र में प्रमुखता से शामिल हों।

कोरोना त्रासदी के दौरान और उसके बाद जीवन यापन के तौर तरीकों व अवसरों में व्यापक बदलाव आए हैं। इस अप्रत्याशित त्रासदी ने वैश्विक स्तर पर जीवन यापन के सुरक्षित और स्थिर समझे जाने वाले तौर-तरीकों पर भी प्रहार किया। स्वाभाविक ही है कि वर्तमान परिस्थितियों में जीवन के लिए शिक्षा हेतु नई संभावनाओं, अवसरों और साधनों-संसाधनों को शामिल करना होगा जो कि सामाजिक और राजनैतिक विमर्श की प्राथमिकता का बिंदु होना चाहिए।

हर क्षेत्र की सामाजिक, आर्थिक, भौगोलिक एवं परिस्थितिगत विविधता के अनुसार शिक्षा से जुड़े मुद्दों में भिन्नता हो सकती है। आवश्यक है कि उस भिन्नता के परिप्रेक्ष्य में ही उस क्षेत्र का शैक्षिक एजेंडा तय हो जिसमें तत्कालीन परिस्थितियों में शिक्षा की बेहतरी का सुस्पष्ट विजन और क्रियान्वयन योजना हो। यह सुधार किसी पैचवर्क की तरह न होकर सतत, सोद्देश्य एवं परिणामी हों।

देश की बड़ी आबादी दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है जहां विकास की प्रक्रिया अपेक्षाकृत धीमी गति से पहुंचती है। तकनीकी दौर में शिक्षा में हो रहा हर नवाचार त्वरित गति से हर शिक्षार्थी तक पहुंचे यह सुनिश्चित हो। हर क्षेत्र, वर्ग, समुदाय की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु समुचित भौतिक एवं मानवीय संसाधनों की उपलब्धता हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उससे पूर्व की शिक्षा नीतियां समय-समय पर शिक्षा में जिस पूंजीगत निवेश और सुधारों की सिफ़ारिश करती रही हैं उनमें से कितनी अमली जामा पहन चुकी और किन पर काम किया जाना शेष है इसकी सुविचारित योजना होनी चाहिए। सरकारी व ग़ैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षा को लेकर जो विविध प्रकार की असमानताएं दिखाई देती हैं उनको दूर कर समतामूलक व समावेशी शिक्षा वातावरण निर्माण की प्रतिबद्धता होनी चाहिए। शिक्षा केवल विद्यालयों की स्थापना और शिक्षकों की नियुक्ति भर नहीं है। शिक्षा विभिन्न प्रकार के पूर्वाग्रहों और विषमताओं से मुक्ति भी है। जरूरी है कि राजनीतिक दल अपने चुनावी घोषणा पत्र में स्पष्ट करें कि उनका प्रारंभिक स्तर से उच्च शिक्षा तक वांछित सुधार हेतु विज़न क्या है और विद्यालयों में अच्छी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए वे इसका क्रियान्वयन किस प्रकार करेंगे। इसके लिए किन-किन स्तरों पर किस प्रकार के बदलाव करेंगे तथा इसमें समुदाय और परिवेशीय संसाधनों की क्या भूमिका होगी। बेहतर हो कि इसका सुनियोजित खाका हो तथा बदलाव केवल भौतिक संसाधनों तक ही सीमित न हो। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 शिक्षा के जरिए व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास पर प्रमुखता से बल देती है। एजेंडा इस बिंदु पर भी सुविचारित दृष्टिकोण प्रस्तुत करें कि इसके लिए स्थानीय शिल्प, कला, संस्कृति तथा अन्य वैशिष्ट्य का शिक्षा में किस प्रकार समावेश किया जाएगा ताकि समृद्ध विरासत, परंपरागत ज्ञान व कौशल जीवन यापन का मज़बूत आधार बन सके।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में मतदान को महापर्व माना गया है। यह वह अवसर है जिसमें हम अपने और समाज की बेहतरी के लिए सुयोग्य उम्मीदवार का चयन करते हैं। बेहतर समाज बेहतर शिक्षा से ही संभव होता है। इसलिए ज़रूरी है कि उसे वोट किया जाय जिसके एजेंडे में सुशिक्षा शीर्ष पर हो। जो शिक्षा की बेहतरी के लिए संकल्पित हो और प्रतिबद्ध भी।

## प्रसंगवश

# लगातार दरक रहीं पहाड़ियां बड़ी आपदा की आहट

भारत के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में शुमार झील नगरी नैनीताल, जिसे सरोवर नगरी भी कहा जाता है, के बसासत की वर्षगांठ हर साल केक काटकर व चंद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाई जाती है। पर आजादी के बाद के दशकों में विशेषकर सत्तर व अस्सी के दशक में पूरी तरह से कंक्रीट के जंगल में तब्दील हो चुके और अपने अस्तित्व को बचाने के लिए जूझ रहे इस नगर को सजाने की नहीं बल्कि संवारने और बचाने की जरूरत है।

1841 में अंग्रेज यायावर और शिकारी पीटर बैरन ने जब गरमपानी नामक स्थल से शिकार की तलाश मे पैदल यहां पहुंचकर इस सुंदर जगह को देखा था, तब उसने कल्पना भी नहीं की होगी कि इतनी जल्दी इस नगर के चेहरे पर बुढ़ापे की झुर्रियां नजर आने लगेंगी और लगातार दरकती पहाड़ियों के बीच भू वैज्ञानिक और पर्यावरणविद इसकी उम्र पर भी प्रश्न चिन्ह लगाने लगेंगे। भूस्खलन, अवैध निर्माण, पेड़ों का कटान और झील की गंदगी नैनीताल के सौंदर्य को दीमक की तरह चाटती जा रहे है।



दीपक नौगांई
शिक्षक, नैनीताल

अंग्रेजों ने सदियों तक यहां की पहचान कायम रहे, इसके लिए कुछ नियम व कायदे कानून बनाए थे परंतु आजादी के बाद हिंदुस्तानी साहबों और हम भदेस नागरिकों ने मनमाफिक तरीकों से नगर का दोहन करने मे कोई कसर नहीं छोड़ी। नतीजन जहां पहाड़ खोदना मना था वहां नियमों को ताक पर रखकर बड़े बड़े होटल और काटेज, आवासीय व सरकारी भवन बना दिए गए।

नैनीताल की कमजोरी और लगातार टूट रही पहाड़ियां जबर्दस्त दबाव में है और इसीलिए समय-समय पर दरक कर भविष्य की किसी बड़ी आपदा की आहट देती है। गौरतलब है कि नैनीताल जोन चार व पांच के मध्य अति संवेदनशील भूकंपीय क्षेत्र में बसा है। भूकंप का हल्का सा कंपन भी नैनीताल की कमजोर पहाड़ियों को हिला कर रख देता है। नैनीताल मे पहली बार भूस्खलन 1866 में हुआ था, तब जान माल का अधिक नुकसान नहीं हुआ था। लेकिन सन् 1880 में झील के उतर पूर्व की पहाड़ी पर हुए विनाशकारी भूस्खलन को भला कौन भूल सकता है जिसने चंद सेकेंड में नगर का नक्शा ही बदल दिया था। कई लोग भूस्खलन में दब कर मारे गए थे।

इस भूस्खलन में मल्लीताल स्थित प्राचीन नैना देवी मंदिर पूरी तरह से मलबे मे दब कर नष्ट हो गया था और झील का बड़ा हिस्सा पट कर एक बड़े मैदान में तब्दील हो गया, जिसे आज हम फ्लैट के रुप में देखते हैं। सोचो अगर वो भूस्खलन न हुआ होता तो आज नैनी झील कितनी बड़ी होती। तब बसासत बहुत कम थी, सोचो फिर कभी ऐसा भूस्खलन हुआ या कोई बड़ा भूकंप आ जाए तो नगर में किस कदर जान माल का नुकसान होगा।

अंग्रेज अफसर नैनीताल के प्रति अतिरिक्त रुप से सावधान थे। उस दौर में पहाड़ खोदना, पक्के मकान बनाना, माल रोड पर भारी वाहन चलाना मना था। ऐसा करने पर जुर्माने व सजा का प्रावधान था, पर आज हालात यह हैं कि नगर मे ऊपर पहाड़ी क्षेत्र जहां छोटे बड़े भवनों, होटलों से कैद है तो नीचे माल रोड व फ्लैट में वाहनों का भारी सैलाब है। नतीजन लोअर मालरोड कई जगहों पर दरकने धंसने लगी है।

अंग्रेजों ने नैनीताल को भूस्खलन से बचाने के लिए 70 से अधिक छोटे बड़े नाले बनाए थे ताकि बरसात का पानी पहाड़ में जमा न हो, पर आज अधिकांश नालों को पाटकर उनके ऊपर मकान या होटल बना दिए गए हैं। जो बचे है उनका भी रखरखाव नहीं किया जा रहा है। झील भी प्रदूषित है। मलबा और कई जगहों पर सीवर लाइनों का रिसाव बेरोकटोक झील के गर्भ में समा रहा है।

नैनीताल को उजाड़ने की संभावना अब नहीं बची है। नैनीताल की पहाडियों में अब पेड़ नहीं बल्कि जहां देखो वहां मकान ही मकान नजर आते हैं। लेकिन इसे बचाने और संवारने के प्रयास तो किए जाने ही चाहिए। प्रशासन से तो कभी ऐसी उम्मीद रही नहीं क्योंकि हर अफसर को नैनीताल में ही आफिस चाहिए और जो यहां आता है वो फिर यहां से जाना नहीं चाहता। स्थानीय लोग कभी कभार आवाज़ उठाते भी हैं तो उनकी आवाज दबा दी जाती है। वैसे भी ऐसे प्रयास कम ही नजर आते है और थोड़ा बहुत कुछ होता भी है तो वह महज प्रतीकात्मक और उसमें प्रचार पाने की चाह अधिक होती है।

# चुनाव में डीपफेक से मुकाबले को आयोग की तैयारी



डॉ. रमेश ठाकुर
नई दिल्ली

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं।

'डीपफेक' की उन्मादी करतूतों से आगामी लोकसभा चुनाव में व्यापक प्रभाव डालने की संभावनाओं ने भारतीय चुनाव आयोग को खासा चिंतित किया हुआ है। अति संवेदनशील मसले पर चुनाव आयोग ने गंभीरता से विचार-विमर्श के बाद एक नई तरकीब खोजी है। तरीका ये है कि आयोग लोकसभा-2024 चुनावों को स्वतंत्र और निष्पक्ष संचालन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का उपयोग करेगा। इसके लिए एक अलग से विभाग स्थापित किया है। जो सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भ्रामक और गलत सूचनाओं को चिन्हित कर उन्हें ऑटोमेटिक हटाएगा।

आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने एआई तकनीक विशेषज्ञों से इसके लिए प्रशिक्षण लेकर राज्य के चुनाव आयोग के साथ अपने अनुभव शेयर किए हैं। तसल्ली करके और अच्छे से जांच-परखने के बाद मुख्य चुनाव आयोग ने इस तकनीक को आगामी चुनाव में उपयोग करने का मन बनाया। चुनाव में एआई कैसे काम करेगा, इसके संबंध में बताया जाता है कि ऑथेंटिकेटर ऐप ईसीआई ऑथेंटिकेटर ऐप विभिन्न एल्गोरिथम का उपयोग करके निर्वाध और सुरक्षित टू-वे ऑथेंटिकेशन का प्रबंधन करेगा, जो प्रयोक्ताओं को एसएमएस आधारित ओटीपी या ई-मेल ओटीपी की आवश्यकता के बिना सुरक्षित रूप से लॉग इन करने में मदद करेगा। कहावत है कि 'लोहा ही लोहे को काटता है'। ठीक उसी तर्ज पर एआई का उपयोगी वर्जन ही एआई के डीपफेक तकनीक से इस बार मुकाबला करेगा। चुनाव में एआई तकनीक चुनावों की निगरानी, एनालिसिस और भ्रामक सामग्रियों को ट्रैक करेगा। नकली-बनावटी वीडियो, झूठी खबरें, फेक चेहरों की पहचान करेगा। समय से पहले ही गलत सूचनाओं को जंगल में आग लगने से पूर्व बुझाता रहेगा। एआई की ये तकनीक जल्द नकली सामग्री का मिलान वास्तविक वस्तु से कर लेगी।

2019-लोकसभा चुनाव में विपक्षी दलों ने ईवीएम में वोट की गड़बड़ी का एक बड़ा आरोप लगाया था। जांच हुई तो उनके कुछ आरोप सही भी साबित हुए। तब, 8 वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल (वीवीपैट) के मिलान में आयोग ने खुद अंतर पाया था, यानी .0004 फीसदी वोटों का मिलान नहीं हो सका। संभावनाएं है, ऐसी हरकतों पर अंकुश लगाने में एआई तकनीक कारगर साबित हो सकती है। सोशल मीडिया का युग है, जहां, बात निकलती है, तो दूर तक जा पहुंचती है। पूर्व में संपन्न हुए तमाम इलेक्शनों में अनगिनत ऐसी अप्रिय घटनाएं घटित हुईं, जिसके बाद वोटरों का शक चुनावी प्रक्रियाओं पर भी गहराया? आयोग के काम करने के तरीकों और ईवीएम मशीनों का प्रयोग अब सवालों के घेरे में है ही?

दरअसल, इन आरापों के पीछे डीपफेक की हरकतें ही ज्यादा थी, जो बाद में पकड़ में आईं? आयोग की निष्पक्षता पर तो विपक्षी दल सवाल उठाते ही थे, अब सत्तारूढ़ दल से मिलीभगत के भी आरोप लगने लगे हैं। डीपफेक की गिरफत में नामी हस्तियां ज्यादा फंस रही हैं। खुद प्रधानमंत्री तक इसकी चपेट में आ चुके हैं। बड़े टीवी एंकरों की गलत आवाजें इस वक्त सोशल मीडिया में फैली ही हुई हैं। निश्चित रूप से समस्या विकराल हो गई है। इसलिए आगामी चुनाव साफ-सुथरे निपटे जिसको लेकर मुख्य चुनाव आयोग बेहद गंभीर है।

केंद्र सरकार भी इस बात को मानती है कि गलत सूचनाओं को रोकना बड़ी चुनौती है? खासकर चुनावों के समय कुछ ज्यादा ही? इनका तीन व्यापक क्षेत्रों में लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में हेरफेर अधिक होता है। अव्वल, मतदाता के पक्ष में, दूसरा उम्मीदवार के पक्ष में, और तीसरा मतगणना प्रक्रिया में। लोकसभा-2024 में डीपफेक के जरिए खुराफाती तत्व नेताओं द्वारा झूठे चुनावी वादे और घोषणापत्र में पार्टी के एजेंडे के विपरीत बातों को ज्यादा फैलाने की संभावना है। इसलिए चुनाव आयोग ने अलग विभाग बनाकर एआई के माध्यम से ही इनकी कमर तोड़ने का प्लान बनाया है। इस अपराध के लिए सख्त कानून की जरूरत है क्योंकि मौजूदा भारत दंड संहिता-1860, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 व सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम-2021 से काम नहीं चलेगा। इस क्षेत्र में नापाक हरकतें जिस तेजी से बढ़ी हैं, उसे देखते हुए अलहदा कठोर कानून बनाए जाने की दरकार है। फिलहाल, देखते हैं लोकसभा चुनाव में डीपफेक की करतूतों पर अंकुश लगाने में चुनाव आयोग की 'एआई' तकनीक कितनी कारगर साबित होती है।

## सोशल फोरम

# पर अंधेरा तो अंधेरा है

तमसो मा ज्योतिर्गमय। बृहदारण्यकोपनिषद् का श्लोक है ये। इसका अर्थ है मुझे मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो। असत्य से सत्य की ओर ले चलने की प्रार्थना है ये। प्रार्थनाएं आवश्यक हैं ये ढांढस बंधाती है हमें और अच्छे दिनों के आश्वासन सी प्रतीत होती हैं।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

प्रार्थना तो कर लें आप, पर तनिक रूक कर यह भी सोचें, किसी को अंधकार से प्रकाश की तरफ ले जाना आसान काम है? सबके बस की बात है नहीं ये। कभी एक बेहद कठिन, उबड़ खाबड़ रास्ता बुद्ध ने सुझाया था इस बाबत। अप्प दीपो भवः। अपना दीपक खुद बनो। अपना दीपक बनना आसान नहीं। खुद को तपाना पड़ता है इस राह में। कौन इस झंझट में पड़े? अपने आप को कष्ट देना कौन सी अक़्लमंदी है? ऐसे में बुद्ध से सहमत होने वाले अब ढूंढें से भी नहीं मिलते और उनका बताया रास्ता वीरान पड़ा रहता है।

पर अंधेरा तो अंधेरा है। लगातार और गहरा भी होता जा रहा है। इस अंधेरे से कौन बचा है अब? ये अंधेरा बेचैन भी करता है और डराता भी है। ऐसे में जो दिलासा दे देता है जनता को कि उसे प्रकाश की तरफ ले जाने के लिए भगवान की तरफ से नियुक्त किया गया है, जनता उसका दामन पकड़ लेती है। उसकी हर बात मानती है और वो चाहे तो तन मन धन से भी समर्पित होने से इनकार नहीं करती। कुल मिलाकर आज की तारीख में इससे चोखा काम कोई दूसरा नहीं है।

मुमकिन है आपकी अब तक ऐसे किसी विशेषज्ञ से मुलाक़ात न हुई हो अब तक। ऐसे में आपकी जानकारी के लिए विनम्रतापूर्वक बताना चाहता हूं मैं आपको। प्रकाश की तरफ ले जाने के मामले में महारत हासिल है मुझे। और मैं यह चाहता हूं सारा संसार लाभान्वित हो मेरी प्रतिभा से। ऐसा महात्मा हूं मैं जो लैंप पोस्ट की तरह जगमग है। आप किंकर्तव्यविमूढ़ हों। जूझ रहें हों मन में उमड़ते घुमड़ते प्रश्नों से। तमस से घबरा रहे हों और अपनी जेब ढीली करने के लिए प्रस्तुत हों तो मेरी शरण में आ सकते हैं।

-फेसबुक वॉल से

# निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग

कभी-कभी काम इतना ज्यादा होता है और काम करने की प्रवृत्ति इतनी ज्यादा होती है कि ऐसा लगता है कि हमें अतुलित बल और बुद्धि मिल जाए और हम सब जो चाहते हैं वो कर सकें। ऐसी ही इच्छा से आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस एवं रोबोटिक्स इस दुनिया में आगे बढ़ रहे हैं और ये अनुमान है कि कुछ ही वर्षों में ये किसी भी मनुष्य की बौद्धिक एवं शारीरिक क्षमताओं को पीछे छोड़ देंगे। अगर जानकारों की मानें तो शायद दस पंद्रह वर्षों में ही एक सामान्य कंप्यूटर समस्त मनुष्य की क्षमताओं से आगे हो। ये बात कितनी सही है और वास्तव में कैसे होगी यह तो भविष्य के गर्भ में है। किंतु ऐसी इच्छाएं तो सदैव से ही हैं किसी ना किसी रूप में। जैसे महाभारत का उदाहरण लें तो रथी, अतिरथी, महारथी, महातिरथी आदि संज्ञाएं यौद्धिक क्षमताओं को बताने के लिये प्रयुक्त होती हैं।



डॉ. अजय शुक्ल
वरिष्ठ चिकित्सक, लखनऊ

अतिरथी का मतलब है, रथ में बैठकर युद्ध करने वाला महारथी योद्धा जो अजेय के रूप में प्रसिद्ध हो। अतिरथी एक ऐसा योद्धा होता है जो दिव्यास्त्रों का ज्ञान रखता हो और 12 रथियों, यानी 60,000 योद्धाओं से मुकाबला करने में सक्षम हो। वह सभी प्रकार के हथियारों और युद्ध कौशल में निपुण हो। अतिमहारथी उसे कहा जाता है जो 12 महारथी श्रेणी के योद्धाओं, यानी 86,40,000 सशस्त्र योद्धाओं से युद्ध लड़ने की क्षमता रखता हो। जिसके पास तीनों महास्त्र-ब्रह्मास्त्र, नारायणास्त्र और पाशुपतास्त्र होते थे उसे अतिमहारथी माना जाता था। अगर हम रामायण के योद्धाओं की बात करें, तो भगवान श्रीराम अतिमहारथी थे। महारथी को 12 अतिरथियों के बराबर माना जाता है। अति-महारथी को 12 महारथियों के बराबर माना जाता है। महामहारथी को 24 अति-महारथियों के बराबर माना जाता है ऐसे ही असीमित क्षमताओं की इच्छा से ही हिरणाक्ष ने संपूर्ण पृथ्वी को तो, रावण ने कैलाश को उठाया था। रावण के दस सर भी इसी असीमित राग का परिणाम है। कौन्तेय अर्जुन के अलावा, एक और कार्तवीर्य अर्जुन को भी हमें जानना चाहिए। पौराणिक कथाओं में सहस्त्रबाहु के नाम से प्रख्यात, सब कुछ करने की इक्छा से तप से हज़ारों भुजाओं को प्राप्त कर, जिसने रावण को हराया था कामधेनु को प्राप्त करने की दुर्चेष्टा से परशुराम जी से युद्ध किया। ना केवल यह दुःसाहस ने उसे नष्ट किया बल्कि क्षत्रिय वंशों को भी उसका दंड भोगना पड़ा।

चाहे राम से रावण का वध हो या परशुराम का अर्जुन के सहस्र बाहुओं को काटना यह बतलाता है कि विश्व के अनंत शक्ति के स्वामी प्रभु की क्षमताओं को मनुष्य को धारण करने की लिए ईश्वर का अनुराग,बहुत संयम और धर्म के आचरण की आवश्यकता होती है। नहीं तो अपनी शक्ति ही अपने विनाश का कारण बनती हैं। शक्ति के धारण के लिए या तो स्वयं ईश्वर राम, कृष्ण, परशुराम आदि आए या उनके अनुशासन में रहने वाले कुंती के अर्जुन। रावण को हराया तो बाली ने भी था, और सहस्त्रबाहु ने भी परंतु, पूजा राम की होती है क्योंकि वो उत्तम पुरुष हैं एवं मर्यादा स्वरूप में हैं अधम पुरुष और अमर्यादित शक्ति विनाश का ही बीज हैं यह हमें जानना चाहिए। इसलिए प्रवृति से प्रवृति ना पैदा हो नहीं तो कैंसर बन जाएगा। प्रवृत्ति से कार्य सिद्धि के बाद, निवृत्ति का अनुशासन और संयम ही सही मार्ग हैं सनातन काल से आज भी कल भी कभी भी। (यः पश्यति स पश्यति)

# राम और रमा दोनों को लाए हैं

पिछले दिनों भाजपा प्रवर्तित एक नारा खूब गूंजा, 'हम राम को लाए हैं'। भक्तों ने इसमें यह जोड़कर चार चांद जड़ दिए कि 'अब राम जी इन्हें लाएंगे' यानी लोकसभा चुनाव में सत्ता में फिर से बिठाएंगे। इधर मालूम हुआ कि वे राम के साथ-साथ रमा (लक्ष्मी)को भी लाएं हैं। राम को तो आम आदमी के लिए लाए किंतु रमा(पैसा)को सिर्फ अपने लिए। बात स्टेट बैंक के चुनावी बाण्डों की कर रहा हूं। यह एक चालाकी भरी धन उगाही की योजना थी। इसके तहत केवल सरकारी बैंक(स्टेट बैंक)को अधिकृत किया गया था कि वह राजनीतिक दलों को चंदा देने वाले लोगों और कंपनियों आदि से धन जमा करवाकर बांड दे दे। दाताओं का नाम उजागर नहीं होगा। प्राप्तकर्ता उसे बैंक से भुना लेगा। पैसा आ जाएगा। किसी को कुछ पता नहीं चलेगा। गांव गिरांव की भाषा में इसे कहते हैं, 'ऊट की चोरी निहुरे निहुरे'। लेकिन ऊंट पर सुप्रीम कोर्ट की नजर पड़ गई और सब गुड़ गोबर हो गया। इस सबसे बड़ी अदालत ने पूरी योजना अवैध घोषित कर दी। यही नहीं अदालत ने गोपनीयता यानी चोरी का पर्दाफाश करने का भी आदेश दे दिया। तब सरकारी बैंक ने सरकार चाटुकारिता करते हुए एक कोशिश की उसे सब कुछ प्रकाशित करने के लिए जून तक समय दिया जाए। सुप्रीमकोर्ट ने 15 मार्च तक की तिथि- रेखा सब कुछ प्रकाशित करने के लिए निर्धारित कर दी। स्टेट बैंक और चुनाव आयोग ने विवरण प्रकाशित कर दिया, जिसके अनुसार भाजपा साढ़े छह हजार करोड़ से ऊपर की सबसे बड़ी रकम की दान ग्रहीता निकली। दानियों में ऐसे भी हैं,जिन पर प्रवर्तन निदेशालय की तलवार लटकी थी और दान के बाद हट गई। यही नहीं, ऐसे दानदाता भी प्रकाश में आ गए, जिन्हें दानोपरांत अगले ही दिन हजारों करोड़ रुपये की सरकारी परियोजना का ठेका मिल गया। यह उदाहरण महाराष्ट्र का है, जहां तोड़-फोड़कर करके बनी शिवसेना-भाजपा की सरकार है। गोस्वामी तुलसीदास ने कहा है, 'रमा विलास राम अनुरागी। तजत वमन जिमि जन बड़ भागी'।। यानी उनके अनुसार राम के सच्चे भक्त रमा का त्याग करते हैं। धर्म मार्ग में 'अपरिग्रह' को सभी ने महत्व दिया है। पतंजलि ने भी 'योग दर्शन' में विभूतियों की उपेक्षा करने की ही सलाह दी है। लगता है धर्म धुरीण भाजपाइयों के दांतों के अलग-अलग दो सेट हैं। दिखाते राम वाले हैं और खाते रमा वालों से हैं। इस लाने और लिवाने के नारों के बीच हमें 2014 से पहले का समय याद आ रहा है,जब हम कांग्रेस के घोटालों से त्रस्त होकर भाजपा को लाए थे, किंतु अब!



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

## एक नजर

### परंपरागत तरीके से निकलेगा जुलूस

**कांठ, अमृत विचार :** रंग एकादशी का जुलूस नगर में पूजा अर्चना के उपरांत 20 मार्च को रीति रिवाज के साथ निकाला जाएगा। जिसमें सतीश चंद्र शर्मा पूजा अर्चना करेंगे। परंपरा के अनुसार काबली साहब के आवास (पुरानी सब्जी मंडी) से प्रतिवर्ष रंग एकादशी को जुलूस निकाला जाता है, यहां टेसू का रंग पकाया जाता है। उनके पौत्र अनिल विश्नोई ने शुक्रवार को बताया कि नगर में 20 मार्च को परंपरा के अनुसार रंग एकादशी का जुलूस निकाला जाएगा।

### गेहूं बेचने के लिए अपना पंजीयन करा लें किसान

**छजलैट, अमृत विचार :** सरकार ने इस वर्ष गेहूं की दर 2275 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है, जिसके साथ 20 सफाई के भी किसानों को मिलेंगे। किसानों को कुल 2295 का किसानों को भुगतान होगा। प्रभारी सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि इस वर्ष किसानों को 2295 का भुगतान होगा। धनराशि सीधे किसान के खाते में जाएगी। अभी तक 600 रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं और क्षेत्र के किसानों से अपील की है कि अपने गेहूं की पंजीकरण अवश्य करा लें। टोकन भी प्राप्त कर लें ताकि समय से किसान का गेहूं खरीदा जा सके। सरकार किसानों से गेहूं खरीदने के लिए पारदर्शी व्यवस्था बना चुकी है। किसान गेहूं तैयार करें।

# रमजान के पहले जुमा पर मस्जिदों में नमाजियों की भीड़

## रोजेदारों में दिखाई दिया गजब का उत्साह, पुलिस रही सतर्क, ड्रोन कैमरे से की गई निगरानी

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** रमजान उल मुबारक के पहले जुमा पर मस्जिदें नमाजियों से खचाखच भरीं नजर आईं। बूढ़े बच्चे नौजवानों ने पहले जुमे की नमाज अदा की। मस्जिद में इमाम ने कहा रमजान के महीने में रोजा रखना, इफ्तार, तरावीह पढ़कर सोना, दिन हो या रात हर वक्त इबादत होती रहती है। रमजान अल्लाह का महीना है और इस महीने का पहला अशरा (10 दिन) रहमत का, दूसरा अशरा मगफिरत का और तीसरा अशरा दोजख से आजादी का है।

मस्जिदों के बाहर तक सफे बिछाकर लोगों ने नमाज अदा की। पहले जुमे को लेकर लोगों में सुबह से ही काफी जोश था। कस्बे की सभी मस्जिदों में नमाज को लेकर सुबह से ही तैयारियां शुरू कर दी गईं थीं। दोपहर जुमे की अजान सुनते ही नमाजी मस्जिदों की तरफ बढ़ने लगे। रास्तों पर सफाई करायी गयी और चूना डलवाया गया। मस्जिदों में नमाजियों की बढ़ती तादात को देखते हुए मस्जिदों में नमाज अदा करने के लिए काफी तादात में सफे बिछाई गईं थीं। मस्जिदों में पेश इमाम द्वारा रमजान की अहमियत पर रोशनी डाली गई और खुत्बा के बाद जुमे की नमाज अदा की गई। बताया गया कि हदीस शरीफ में है कि जो शख्स जुमे के दिन गुस्ल करता है तो उसके गुनाह मुआफ कर दिए जाते हैं।

हदीस शरीफ में ये भी है कि अल्लाह ने एक फरिश्ता पैदा किया है जो जुमे के दिन सजदा करता है। दुआ मांगता है कि या इलाही उम्मते मुहम्मदिया में जो शख्स जुमा अदा करे, उसके गुनाह मुआफ कर दे, उसके जवाब में अल्लाह तआला फरमाता है, ए फरिश्तों तुम गवाह रहो मैंने जुमे की नमाज अदा करने वालों को बख्श दिया।

जुमे की रात शुरू होने से लेकर सूरज डूबने तक अल्लाह तआला 10 लाख गुनाहगारों को दोजख से आजाद कर देता है। रमजान के पहले शुक्रवार को नगर की मस्जिद-ए आला हजरत, लाइनपार मस्जिद, मस्जिद-ए सिद्दीकी-ए अकबर, किला मस्जिद, काजी वाली मस्जिद, मुगलोंवाली मस्जिद, लाल मस्जिद, दादा मजार वाली मस्जिद, जामा मस्जिद, एक मीनार वाली मस्जिद, कर्बला कालोनी किला मस्जिद और नई विकसित आबादी में मौजूद मस्जिदों में देहात क्षेत्र में भी सभी मस्जिदों जुमे की नमाज अदा की गई।


कांठ की मस्जिद में नमाज अदा करते लोग। ● अमृत विचार


लाल मस्जिद की नमाज में दुआ मांगते रोजेदार। ● अमृत विचार

### नमाज पढ़कर की देश व कौम की तरक्की के लिए दुआ

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** रमजान के पहले जुम्मा के दिन मस्जिदों में पुलिस की कड़ी सुरक्षा के बीच नमाज अदा की गई। बरकतों के महीना के पहले जुमा पर लोग उत्साह से लबरेज दिखे। नगर की माहीग्रान मस्जिद लाल मस्जिद, सुनहरी मस्जिद, छप्परवाली मस्जिद, देहात में छजलैट, अकबरपुर सलेमपुर मल्लीवाला, नया गांव कोकरपुर, भीकनपुर, चंगेरी, सराय खजूर, रसूलपुर चौराहा, गढ़ी व सलेमपुर ग्राम सहित समस्त ग्रामों में मस्जिदों में नमाज पढ़ी गई। पूरे दिन नगर में बिजली गुल होने से नमाजियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### रमजान का पहला जुमा, मुल्क-ओ-मिल्लत के हक में दुआ

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** रमजान के पहले जुमा पर लोगों ने रोजा रखा। मस्जिदें नमाजियों से भर गईं। दिनभर रोजेदारों ने इबादत का भी एहतमाम किया। दिनभर चहलपहल कम और इफ्तार से पहले रौनक नजर आई। घर के पुरुष और औरतों के साथ बच्चों और बजुर्गों ने रोजा रखा। जुमा के रोजे को लेकर रोजेदारों में उत्साह नजर आया। बच्चों ने भी मां-बाप से जिद कर सेहरी में खाना गया और जुमे की नमाज के वक्त रोजेदारों के साथ बच्चे भी साफ सुथरा लिबास पहनकर मस्जिदों में पहुंचे। मस्जिदों में पहले से ही इंतजाम किया गया था। इमाम के खुतबे के पहले ही मस्जिद नमाजियों से भर गईं। अंदर जगह नहीं मिली तो छतों एवं सीढ़ियों पर सफबंदी की गई। नगर की मस्जिद कुरैशियान मरकज में मौलाना शोएब नदवी ने नमाज अदा कराई। नमाज से पहले तकरीर कर रमजान की फजीलत बयान की। शरीफनगर, सुरजननगर, फरीदनगर, दूल्हापुर, रतूपुरा आदि ग्रामीण क्षेत्र की मस्जिदों में जुमा की नमाज के बाद मुल्क और मिल्लत के हक में दुआ की गई।

### आसमान छू रहे हैं फल और सब्जियों के दाम

**कुंदरकी, अमृत विचार :** फल और सब्जियों के दामों में डेढ़ से दो गुना वृद्धि हो गई है। व्यापारियों ने तरबूज और केले का व्यापक स्टॉक जमा कर लिया है। केला इस समय 50 से 60 रुपये दर्जन है।

मार्केट में शाम तक केला और अन्य फल मुख्य केंद्र पैठ बाजार के आसपास के दुकानों से भारी संख्या में लोग खरीदते नजर आए। तरबूज भी 50 से 60 रुपये किलोग्राम की दर से बिक रहा है। पपीता, आम, सेब की खरीदने तो का साहस सभी नहीं कर पा रहे हैं। फलों की तरह सब्जियों के दाम भी आसमान छू रहे हैं।

### अकीदत के साथ रोजेदारों ने नमाज पढ़ी

**भगतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में जुमा की नमाज अकीदत के साथ अदा की गई।

बुढ़ानपुर अलीगंज की जामा मस्जिद, नूरी मस्जिद, सक्लैनी मस्जिद व सावरी मस्जिद, सहित क्षेत्र के गांव मानपुर दत्तराम, वीरपुर फतेह उल्लाहपुर, पदियानंगला, दौलपुरी बमनिया, कोटला नंगला, रोशनपुर बहेड़ी, सीतापुर, चांदपुर, जाहिदपुर सीकमपुर, महेशपुर खेम, भगतपुर, टाहमदन,तथा बैरखेड़ा, सहित विभिन्न गांवों एवं कस्बों में नमाज अदा की गई।


कलश का उद्घाटन करते डॉ. वीर सिंह सैनी। ● अमृत विचार

# स्थापना से पहले गांव में निकाली गई कलश यात्रा

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भगवान शिव मंदिर पर स्थापना से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई, जिसका पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

क्षेत्र के गांव भायपुर के उत्तरी मोहल्ले में कलश स्थापना पूजन हितेश शर्मा ने किया। पीलावस्त्र धारणकर महिलाएं यात्रा में शामिल हुईं। ढोल, नगाड़ों की धुनों पर युवा नृत्य करते चल रहे थे। श्रद्धालुओं ने मकानों की छतों से यात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। डा.वीर सिंह सैनी ने पूजा अर्चना की। कार्यक्रम में तारा सिंह चौहान, प्रधान सुशील चौहान, क्षेत्र पंचायत सदस्य यशपाल सिंह, राजीव कुमार, हरकेश सिंह, राजेंद्र सिंह आदि शामिल रहे।

# पर्वों को परंपरागत तरीके से मनाने की अपील की

संवाददाता, छजलैट

**अमृत विचार :** क्षेत्र के संभ्रांत लोगों की थाना परिसर में बैठक आयोजित की गई। जिसमें त्योहारों को लेकर अधिकारियों ने लोगों से बात की। होली और रमजान परंपरागत तरीके से मनाने का आह्वान किया।

रमजान, होली एवं अंबेडकर जयंती को लेकर आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष अर्जुन त्यागी ने कहा कि होली का त्योहार आ रहा है और रमजान का महीना शुरू है। सभी लोगों का दायित्व बनता है कि वह परंपरागत तरीके से अपने-अपने त्योहारों को मनाएं। कहा, त्योहार पर किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए।

रमजान के महीने में इबादत होती है। सभी लोग प्यार व्यवहार के साथ रोजा रखकर परंपरागत तरीके से त्योहारों को मनाएं। होली पर कुछ लोग किसी के ऊपर भी रंग डाल देते हैं, जिम्मेदार लोग उन्हें समझाएं कि जो लोग रंग से परहेज करते हैं उनके ऊपर रंग ना डालें। मुस्लिम समुदाय से आह्वान किया कि जो लोग रंग से परहेज करें, वह होली के रंग के जुलूस के दिन अपने घरों पर रहें। इस दौरान विभिन्न पुलिसकर्मी एवं नागरिक उपस्थित रहे।


बैठक में उपस्थित नागरिक और अपनी बात रखते थाना प्रभारी। ● अमृत विचार

- त्योहार पर किसी तरह की कोई नई परंपरा नहीं होनी चाहिए
- सभी लोग परंपरागत तरीके से त्योहारों को मनाएं

### होली शोभायात्रा शांतिपूर्ण मनाएं

**कांठ, अमृत विचार :** होली तथा बंजारा शोभायात्रा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए थाना परिसर में कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई, जिसमें शांतिपूर्ण तरीके से शोभायात्राओं को संपन्न कराने के निर्देश इंस्पेक्टर क्राइम ने रंग कमेटी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को दिए। इंस्पेक्टर जयदेव सिंह यादव ने कहा कि होली का त्योहार आ रहा है। सभी लोग परंपरागत तरीके से त्योहार मनाएं। किसी तरह की कोई नई परंपरा गांव में नहीं होनी चाहिए। बैठक में उप निरीक्षक धर्मेंद्र पवार, ग्राम प्रधान के पति फहीम अहमद, शोभा यात्रा रंग कमेटी के पदाधिकारी आवेश सैनी, रामगोपाल सिंह, रामचरण सिंह, सोनू सिंह, रमेश सिंह, गोविंद सिंह आदि उपस्थित रहे।

## सार संक्षेप


शपथ ग्रहण करते कपिल चौधरी। ● अमृत विचार

### सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के जिला प्रभारी बने कपिल

**छजलैट, अमृत विचार :** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कपिल चौधरी को जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया है। शुक्रवार को संदलीपुर स्थित कपिल चौधरी के निवास स्थान पर सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पवन कश्यप, परविंदर कुमार, जसवंत कश्यप के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कपिल चौधरी ने समर्थन के साथ पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। बैठक में मंडल कोषाध्यक्ष जयपाल कश्यप,उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह कश्यप, युवा मंच के जिला अध्यक्ष वाजिद मलिक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### एनएसएस शिविर के समापन पर छात्र-छात्राओं ने लगाए पौधे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** सुखदेई स्मारक डिग्री कालेज के राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के समापन कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण के योजनाओं की चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण के लिए एक-एक पौधा लगाया। बोवदवाला प्राथमिक विद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी डा.राजपाल सिंह ने कहा कि सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए विभिन्न योजनाएं चला रही हैं, जिसमें बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ, उज्ज्वला योजना, सुकन्या धन योजना, विधवा पेंशन योजनाएं प्रमुख है। पुलिस थानों पर महिला हेल्प डेस्क स्थापना की गयी है। कोई मनचला किसी महिला से अभद्र व्यवहार करता है तो उसको ऑन स्पॉट सजा मिलने से महिलाएं भय मुक्त हैं। डा.रघुनाथ सिंह ने छात्र-छात्राओं के पौधरोपण की सराहना की।

### चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**कांठ, अमृत विचार :** डीएसएम इंटर कॉलेज में सामुदायिक विकास केंद्र द्वारा आयुष्मान भारत स्कूल हेल्प एवं वेलनेस प्रोग्राम के तहत चल रहे चार दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन पर ब्लॉक छजलैट के विभिन्न राजकीय, एडेड एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे शिक्षकों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रत्येक विद्यालय को आयरन, टेबलेट, टी-शर्ट, कैप, फर्स्ट एड बॉक्स दिया गया। डॉ.मनोज कुमार ने कहा कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने विद्यालय के छात्रों को हेल्थ के प्रति जागरूक करेंगे। स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी उमेश कुमार ने बताया कि समन्वयक की देखरेख में छात्रों को सशक्त बनाया जाएगा। प्रधानाचार्य डॉ.कुमार देव अवस्थी ने सभी शिक्षकों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। आयोजन में प्रवक्ता रामसागर एवं कुलदीप कुमार का सहयोग रहा।

### विश्व उपभोक्ता जागरूकता दिवस मनाया

**बिलारी, अमृत विचार :** श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरपुर काशी में वंदना सभा के बाद विश्व उपभोक्ता जागरूकता जन जागरण दिवस मनाया गया। प्रधानाचार्य विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि सभी को सामान खरीदने के दौरान दुकानदार से रसीद जरूर लेनी चाहिए। उपभोक्ता जागरुकता गोष्ठी में ओंकार सिंह, दारा सिंह यादव, गजेंद्र सिंह यादव, बाबूराम बाल्मीकि, पुष्पेंद्र यादव, ऋषिपाल सिंह यादव, नेतराम यादव आदि ने भाग लिया।

# सूखा और गीला कचरा अलग करने के लिए जागरुकता अभियान शुरू

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** सामाजिक कार्यकर्ता संगठन (ट्रस्ट) ने नगर में स्वच्छ भारत मिशन अभियान के तहत सूखा कचरा व गीला कचरा अलग करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम शुरू किया है। शुक्रवार को संगठन के सदस्यों ने डोर टू डोर संपर्क और संवाद का कार्य किया।

अध्यक्ष नोमान जमाल ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन अभियान से जुड़कर कूड़े की समस्या से निपटने के लिए हम लोगों ने कमर कसी है। पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं पालिका की अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह से चर्चा के पश्चात इस जागरूकता अभियान को शुरू किया गया है। कार्यकर्ताओं ने महिलाओं को सूखा व गीला कचरा अलग रखने का महत्व बताया। जागरूकता के लिए महिलाओं को वीडियो दिखाकर कचरे से उत्पन्न होने वाली समस्या से अगाह किया। बचाव और दिशा निर्देश के लिए पोस्टर बांटे गए। लोगों से अपील की गयी जब दरवाजे पर गाड़ी आगे तो कर्मचारी को सूखा व गीला कचरा अलग-अलग करके देना है। नगर व देश दोनों को ही साफ-सुथरा रखने में सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है। जागरूकता अभियान में संगठन के अजय सक्सेना, प्रमोद कुमार, शिवम, नजर हुसैन, रेहान आदि मौजूद रहे।


स्वच्छ भारत मिशन के तहत जनसंपर्क करते संगठन के सदस्य। ● अमृत विचार

### गुरुद्वारा सिंह सभा में सबद-कीर्तन, लंगर

**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला बाजार स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा में नानक शाही नववर्ष 556 वें के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा में ज्ञानी यशपाल सिंह द्वारा गुरु नानकदेव जी के जीवन पर प्रकाश डाला गया। उनके बताएं मार्ग पर चलने का आह्वान किया गया। गुरुद्वारा में सबद-कीर्तन व अरदास के बाद गुरु का लंगर व प्रसाद भी छक्का गया।

सरदार मंजीत सिंह, गुरदीप कौर, सरदार सुरजीत सिंह, जसवीर कौर, मगनलंबा, कबीर लंबा, तिलकराज चांदना, जसवीर कौर, अमनप्रीत, अनमोल, निर्मल सिंह, गीता कौर, सुप्रीत कौर, जगजीत सिंह, सरदार दरवारा सिंह, सरदार सुरजीत सिंह गुल्लू ,कुलदीप सिंह, कुलवंत सिंह, यशपाल सिंह, परमजीत सिंह, किशोर ग्रोवर, मोहनी ग्रोवर, अनिका ग्रोवर आदि ने भाग लिया।


भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते वक्ता। ● अमृत विचार

# कार्यकर्ताओं की बैठक में चुनाव तैयारियों पर चर्चा की

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** भाजपा नगर मंडल भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की एक बैठक बैंक्वेट हॉल में हुई, जिसमें लोकसभा चुनाव के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा की गयी।

कार्यक्रम संयोजक केपी राणा ने कहा कि यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है। सभी कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर जाना है। विधान सभा क्षेत्र में जन आशीर्वाद यात्रा निकाली जाएगी। जल्द ही इसके लिए निश्चित दिन तय होगा। बैठक में मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के अपनी राय रखी। बैठक में मंडल अध्यक्ष विकास गुप्ता, देवदत्त दिवाकर, सुमित चौधरी, हरिओम सैनी, अवनीश चौधरी, महामंत्री निहाल सिहं, मनोज ठाकुर, रवि पासी, राजेंद्र पासी, दयाराम मौर्य, सुमित चौधरी, सुनील बाल्मीकि, आदि प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**आस्था** — बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती मनाई गई

# कांशीराम की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित

संवाददाता ,ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम की 90वीं जयंती शुक्रवार को मनाई गई। बसपा कार्यकर्ताओं ने काशीपुर चुंगी स्थित अंबेडकर पार्क में कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

इसमें बसपा जिला सचिव डा. रामपाल सिंह गौतम ने कहा कि कांशीराम ने अपना पूरा जीवन दलितों, शोषितों और वंचितों को उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय का नारा देकर भारत में सामाजिक परिवर्तन की नींव रखी। संविधान को सर्वोच्च स्थान पर रखकर बहुजन समाज के अधिकारों की लड़ाई को लड़ा। इसमें विधानसभा प्रभारी अर्जुन चेतन, विधानसभा महासचिव भूपेंद्र पाल, विधानसभा सचिव शिवलाल सिंह सागर, नगर कोषाध्यक्ष इश्वर सागर, सेक्टर अध्यक्ष होरी सिंह, सभासद राकेश सागर, सोनू जाटव, संदीप गौतम, अभिषेक कुमार, धर्मपाल सिंह आदि थे।


अंबेडकर पार्क में कांशीराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते बसपा के कार्यकर्ता।

- शोषितों और वंचितों को उत्थान के लिए समर्पित कर दिया जीवन

### बीएसपी के संस्थापक की जयंती मनाई

**बिलारी, अमृत विचार :** बसपा नेता वाजिद हुसैन अंसारी एडवोकेट ने कांशीराम की जयंती मनायी एवं उनके चित्र पर माल्यार्पण किया। मोहल्ला कोरियन स्थित अपने कैंप कार्यालय पर बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक की जयंती मनाई गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि वह दलितों, वंचितों, शोषितों के अधिकारों और विकास के लिए आजीवन संघर्ष करते रहे। इस अवसर पर शहला वाजिद, रेखा प्रजापति, शिल्पी कश्यप ,साधना जाटव, जावेद अंसारी, परवेज अंसारी, नाजिम मलिक, सरफराज सैफी, इंद्रपाल जाटव, संजय बाल्मीकि, राजवीर जाटव आदि उपस्थित रहे।

### न्यायालय के निर्देश पर चोरी का मामला पंजीकृत

**भगतपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र स्थित सेंचुरी टेक्सटाइल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रतिनिधि रवि प्रताप सिंह के मामले में नेपा पुलिस ने मामला पंजीकृत किया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के क्रम में हुआ है। पीड़ित का कहना है कि घटना के संबंध में चौकी इंचार्ज को सूचना दी लेकिन, जब तक पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी सामान चोरी कर चले गए थे। 11 जनवरी को घटना की शिकायत पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई और न ही उसकी रिपोर्ट दर्ज हुई। पुलिस ने प्रमोद कुमार, मनोज कुमार, सतपाल, नईमुद्दीन, ऋषिपाल, अशोक कुमार, नाजिम, विंध्याचल, मुनेश, जुम्मा, तुषार निवासी बथुआखेड़ा थाना भगतपुर और सोमपाल, परविंदर, वेदपाल निवासी बुढानपुर व उनके साथ कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

# क्षेत्र में चोरों की दहशत, पुलिस सुस्त

संवाददाता, कुंदरकी

**अमृत विचार :** चोरों को थाने की पुलिस का तनिक भी डर नहीं है।रोजाना यहां घटनाएं हो रही हैं और पुलिस मामले की जांच की बात कह हर चुप हो जा रही है। सच तो यह है कि पुलिस को तहरीर देकर मामला दर्ज कराने वाले भी दुखी हैं, क्योंकि पुलिस अधिकतर मामलों के पर्दाफाश में विफल है। ट्यूबवेल, खाली घर और दुकानें चोरों के निशाने पर हैं।

पुलिस की सुस्ती की यहां लंबी कहानी है। नगर से एक गैस वेल्डर की दुकान से कई कुंतल लोहा और अन्य सामान चोरी हो गया। नगर की एक मकान में इसह तरह की घटना हो गयी, जब परिवार के लोग शादी में गए हुए थे तो अज्ञात चोर ताला तोड़कर नगदी और जेवरात चुरा लिए गए। भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा से जिला अध्यक्ष नसीम खान के मकान के सामने खड़े ट्रैक्टर से चोर बैटरी चुरा कर ले गए। दूसरी ओर निकटवर्ती काजीपुरा से कुंदरकी सपा विधायक के प्रतिनिधि परवेज खान के ट्यूबवेल पर भी चोरों ने कूमल लगाकर घटना को अंजाम दिया था।

केबल स्टाटर एवं अन्य सामान चुरा कर ले गए थे। तौसीफ अली निवासी ग्राम काजीपुरा के ट्यूबवेल की कोठरी का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा केबल कट आउटर स्टाटर व अन्य सामान चोरी कर लिए गए थे। हाईवे स्थित सैफपुर अड्डे से सुलेमान के यहां से कई कुंतल लोहे के गाटर अज्ञात चोर गाड़ी में भरकर फरार हो गए थे, जिनका ग्राम वासियों के द्वारा पीछा भी किया गया था। ग्राम गदीपुरा निवासी किसान के घर से भी बीते दिनों बड़ी मात्रा में नगदी और सोना-चांदी के जेवर चुरा ले गए थे। निकटवर्ती चक फाजलपुर में भी मोहम्मद जकी, मदनपाल, मल्लू, लंबरदार के ट्यूबवेलों से भी चोरी कर ली गई है।


थाना क्षेत्र के ग्राम भीकनपुर कुलवाड़ा के इंद्रसिंह, चंद्रपाल सिंह, राजेंद्र, ब्रह्मानंद, इस्लाम, रिजवान आदि किसानों के भी कई ट्यूबवेलों को चोरों ने अपना निशाना बनाया था जिसका अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। बढ़ती चोरी की वारदातों के चलते क्षेत्रीय किसान व नगर के लोग परेशान और चिंतित हैं।

### दरवाजे पर खड़ी ई-रिक्शा चुरा ले गए

**अमृत विचार :** क्षेत्र में चोरी की घटनाएं कम नहीं हो रहीं हैं। गुरुवार की रात क्षेत्र के ग्राम हरियाना निवासी असलम की ई-रिक्शा चोरी हो गयी। असलम के अनुसार वह रोज की तरह शाम को अपने घर पहुंचा। दरवाजे के बाहर रिक्शा खड़ी करके सो गया। सुबह वाहन गायब मिला। पीड़ित की ओर से मामले में थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस जांच करने की बात कह रही है।

केसी पंत, एनडी तिवारी को जीत के साथ शिकस्त भी मिली, पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री हरीश रावत व केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत भी हारे

# दिग्गजों को भी धूल चटा चुकी है नैनीताल सीट





● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की कर्मस्थली होने से नैनीताल लोकसभा सीट की पहचान आजादी के बाद से ही मुख्य सीटों में रही है। शुरुआती तीन दशक तक यह सीट भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत के परिवार के पास ही रही। अलग-अलग वक्त पर देश भर में चली लहर का असर इस सीट पर भी रहा है। इमरजेंसी, रामलहर और मंडल कमीशन को लेकर चली बयार में यहां की जनता देश के साथ खड़ी दिखाई दी। कई बार इस सीट ने जहां नए प्रत्याशियों को मौका दिया, वहीं दिग्गजों को हराकर मैदान से बाहर कर दिया।

आजादी के बाद हुए पहले 1951 एवं दूसरे चुनाव 1957 में लगातार दो बार गोविंद बल्लभ पंत के दामाद सीडी पंत नैनीताल सीट से विजयी हुए थे। इसके बाद 1962, 67 एवं 71 में श्री पंत के पुत्र केसी पंत ने इस सीट पर हैट्रिक बनाते हुए कांग्रेस का वर्चस्व बरकरार रखा। इमरजेंसी के बाद 1977 में हुए चुनाव में भारतीय लोक दल के भारत भूषण ने जीत हासिल कर पंत परिवार के विजय रथ को रोक दिया। इसके बाद कांग्रेस का झंडा लेकर मैदान में आए पूर्व मुख्यमंत्री एनडी तिवारी ने 1980 में भालोद के भारत भूषण को पराजित कर दिया। 1984 में तिवारी के करीबी सत्येंद्र चंद्र गुड़िया ने जीत दर्ज की।

1989 में देश भर में मंडल कमीशन को लेकर उठी बयार के साथ यहां की जनता ने कांग्रेस को हराकर जनता दल के डा.महेंद्र पाल को विजयी बनाया। वर्ष 1991 में राम लहर के चलते एक बार फिर कांग्रेस को इस सीट से हार का मुंह देखना पड़ा। भाजपा के बलराज पासी ने नारायण दत्त तिवारी को हराया था। 1996 में नारायण दत्त तिवारी (तिवारी कांग्रेस) से मैदान में उतरे और विजयी हुए। वहीं 1998 में गोविंद बल्लभ पंत की पुत्रवधु इला पंत को भाजपा ने चुनाव में उतारा। इला पंत ने एनडी तिवारी को शिकस्त देकर अपनी पारिवारिक सीट पर फिर से कब्जा कर लिया। 1999 में एनडी तिवारी कांग्रेस से चुनाव लडे.और जीत हासिल की। तिवारी के उत्तराखंड का मुख्यमंत्री बन जाने पर वर्ष 2002 में इस सीट पर उपचुनाव हुआ। जिसमें कांग्रेस के डा.महेंद्र पाल विजयी रहे। 2004 व 2009 में लगातार दो बार कांग्रेस से करन चंद सिंह बाबा सांसद निर्वाचित हुए। 2009 में भाजपा ने केंद्रीय राज्यमंत्री बची सिंह रावत को मैदान में उतारा था। जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा। 2014 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा को हराकर भाजपा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने जीत हासिल की। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट विजयी हुए। उन्होंने कांग्रेस के दिग्गज हरीश रावत को हराया।


केसी पंत


एनडी तिवारी


बची सिंह रावत


हरीश रावत

### 12 बार कांग्रेस और 4 बार भाजपा का कब्जा

नैनीताल सीट पर आजादी के बाद से अब तक 18 बार चुनाव हुए हैं। इसमें 12 बार कांग्रेस ने और 4 बार भाजपा ने जीत हासिल की है। जनता दल व जनता पार्टी को भी एक-एक बार सफलता मिली है। एक बार यह सीट पर तिवारी कांग्रेस ने जीती। कांग्रेस छोड़ने के बाद एनडी तिवारी ने तब तिवारी कांग्रेस का गठन किया था।

### कब कौन रहा विजयी

| चुनाव | सदस्य | पार्टी |
|---|---|---|
| 1951-52 व 1957 | चंद्र दत्त पांडे | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1962 व 1967 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 1971 | कृष्ण चंद्र पंत | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आर) |
| 1977 | भारत भूषण | जनता पार्टी |
| 1980 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1984 | सत्येंद्र चंद्र गुडिया | इंडियन नेशनल कांग्रेस (आई) |
| 1989 | महेंद्र सिंह पाल | जनता दल |
| 1991 | बलराज पासी | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | नारायण दत्त तिवारी | ऑल इंडिया इंदिरा कांग्रेस (तिवारी) |
| 1998 | इला पंत | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999 | नारायण दत्त तिवारी | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2002 | महेंद्र सिंह पाल | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2004 व 2009 | करन चंद सिंह बाबा | इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2014 | भगत सिंह कोश्यारी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2019 | अजय भट्ट | भारतीय जनता पार्टी |

### जीतते एनडी तो बनते प्रधानमंत्री

नैनीताल जिला नारायण दत्त तिवारी की जन्म स्थली के साथ ही कर्मभूमि भी रहा। कई बार उन्होंने विधानसभा और लोकसभा में यहां का प्रतिनिधित्व किया। अविभाजित उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री समेत केंद्र में विभिन्न भूमिकाओं में रहे तिवारी की विकास पुरुष के रूप में पहचान थी। रामलहर में बही नैनीताल लोकसभा सीट की जनता ने उन्हें भी नहीं बख्शा। वर्ष 1991 में उन्हें भाजपा के नौजवान प्रत्याशी बलराज पासी के सामने मुंह की खानी पड़ी। तिवारी कांग्रेस के शीर्ष नेताओं में थे। राजीव गांधी की हत्या के बाद तिवारी प्रधानमंत्री के लिए प्रबल दावेदारों में थे। लेकिन सांसद न बन पाना आड़े आ गया। हर चुनाव में तिवारी की 91 वाली हार चर्चा का विषय रहती है।

### बहेड़ी भी हिस्सा था इस सीट का



नैनीताल लोकसभा सीट में पहले बरेली जिले की बहेड़ी विधानसभा क्षेत्र भी शामिल था। वर्ष 2000 में उत्तराखंड राज्य बन जाने के बाद हुए परिसीमन में बहेड़ी को इससे अलग कर दिया गया। अब इस सीट के अंतर्गत नैनीताल के 5 व ऊधमसिंह नगर जिले के 9 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। नैनीताल जिले के रामनगर विधानसभा क्षेत्र को पौड़ी-गढ़वाल सीट में मिला दिया गया है।

### चुनाव कमाल का...

● 1982 में पहली बार केरल के एर्नाकुलम के परवूर विधानसभा क्षेत्र के 50 बूथों पर ईवीएम का उपयोग किया गया था। 1992 में, संसद ने ईवीएम के उपयोग को वैध बनाने और चुनावों में उनके उपयोग का मार्ग प्रशस्त करने के लिए अधिनियम और नियमों में धारा 61ए शामिल की। चुनाव आयोग ने 1998 से ईवीएम का व्यापक रूप से उपयोग करना शुरू कर दिया।

**53** दलों ने लड़ा था पहला आम चुनाव

**464** पार्टियां 2014 में उतरी थीं मैदान में

**6** राष्ट्रीय दल 2014 में लड़े थे



**39** राज्य स्तरीय दलों ने आजमाई थी किस्मत

**419** रजिस्टर्ड पार्टियों ने आजमाया भाग्य

### चुनावी तीर



अगर जजपा भाजपा से अलग हो गई होती, तो वह अपने विधायकों को विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अनुपस्थित रहने के लिए व्हिप जारी नहीं करती। जजपा के व्हिप से साफ पता चलता है कि वे भाजपा की मदद करना चाहते थे और वे अब भी मिले हुए हैं।

**अभय सिंह चौटाला,** इनेलो नेता



देश की जनता इंडिया समूह के साथ है। गुजरात के लोग भी इस बार भाजपा के खिलाफ वोट करने के लिए तैयार हैं। भाजपा को 156 सीटें मिली हैं, इसके बाद भी दूसरी पार्टियों के विधायकों को तोड़कर अपनी पार्टी में ला रहे हैं।

**केजरीवाल,** मुख्यमंत्री दिल्ली



भारतीय जनता पार्टी को चुनावी बॉण्ड के रूप में 6,000 करोड़ से अधिक मिले, जो किसी भी अन्य पार्टी की तुलना में सबसे बड़ा हिस्सा है। भाजपा यह क्यों नहीं बता रही कि उन्हें कितना पैसा मिला है।

**- सौरभ भारद्वाज,** मंत्री, दिल्ली सरकार

# मुस्लिम मतदाताओं का मन टटोल रहे नेता दल



**22,18,224** कुल मतदाता हैं शाहजहांपुर जिले में

**179** थर्ड जेंडर वोटर

**12,04,551** पुरुष वोटर

**10,13,494** महिला मतदाता

● जिले में हैं लगभग साढे चार लाख मुस्लिम मतदाता

● कांग्रेस, सपा, बसपा और आप की है अल्पसंख्यकों पर नजर

● श्याम मिश्र, शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** लोक सभा के लिए राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। हर चुनाव की तरह इस बार भी मुस्लिम मतदाताओं को लेकर कयासबाजी चल रही है। कांग्रेस, सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी सहित कई पार्टियों की नजर मुस्लिम मतदाताओं पर है। जिले में लगभग साढ़े चार लाख मुस्लिम मतदाता हैं। मुस्लिम मन टटोलने में दलों के नेता लगे हुए हैं।

2024 के चुनावी मैदान में सपा-कांग्रेस गठबंधन से राजेश कश्यप और भाजपा से मौजूदा सांसद अरुण सागर मैदान में हैं। हाल ही में बसपा सुप्रीमो मायावती ने गठबंधन से अलग चुनाव लड़ने संबंधी बयान दिया था। जिसके बाद से कई दावेदार बसपा से टिकट पाने को जोर आजमाइश कर रहे हैं। भाजपा और गठबंधन के प्रत्याशी के साथ ही दो अन्य संभावित प्रत्याशियों ने भी बैनर, पोस्टर और फ्लेक्स लगाकर चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है।

शाहजहांपुर लोकसभा सीट कभी बेहद महत्वपूर्ण मानी जाती थी। कांग्रेस के दिग्गज नेता और वर्तमान में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद के पिता जितेंद्र प्रसाद कई बार शाहजहांपुर के सांसद रहे हैं। उनके बाद कांग्रेस की जड़ें यहां कमजोर होती चली गईं।




### जिले में अनुमानित जनसंख्या

| धर्म | जनसंख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| हिंदू | 2,412,595 | 80.24 |
| मुसलमान | 527,581 | 17.55 |
| ईसाई | 4,630 | 0.15 |
| सिख | 51,090 | 1.70 |
| बौद्ध | 2,312 | 0.08 |
| जैन | 301 | 0.01 |
| अन्य | 84 | -- |

### तीसरी बार जीत की तैयारी में भाजपा

शाहजहांपुर में दो बार कमल खिला चुकी भाजपा तीसरी बार भी कोरई कोर कसर नहीं छोड़ रही। 2014 में कृष्णा राज सांसद चुनी गई थीं। 2019 में अरुण सागर चुनाव जीतकर लोकसभा पहुंचे। अरुण सागर को 58.53 प्रतिशत वोट मिले थे, जबकि बसपा के अमर चंद्र जौहर को 35.73 प्रतिशत वोट हासिल हुए थे। तीसरे नंबर पर रही कांग्रेस को महज तीन प्रतिशत वोटों पर ही संतोष करना पड़ा था।

## ईवीएम से संबंधित कितनी याचिकाओं पर हम करेंगे विचार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की कार्य प्रणाली में अनियमितताओं का आरोप लगाने वाली एक याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया और कहा कि हर तरीके के सकारात्मक और नकारात्मक पक्ष होते हैं।

शीर्ष अदालत ने एक अन्य याचिका भी खारिज कर दी जिसमें दावा किया गया था कि 2016-19 के दौरान चुनाव आयोग की अभिरक्षा से 'गायब' 19 लाख ईवीएम का इस्तेमाल आगामी लोकसभा चुनाव के परिणामों में हेरफेर करने के लिए किया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की एक पीठ ने कहा कि यह अदालत कई याचिकाओं की पहले ही कई मौकों पर पड़ताल कर चुकी है और ईवीएम के कामकाज से संबंधित विभिन्न मुद्दों से निपट चुकी है। पीठ ने याचिकाकर्ता नंदिनी शर्मा से कहा, हम कितनी याचिकाओं पर विचार करेंगे? हाल में हमने वीवीपीएटी से संबंधित एक याचिका पर विचार किया था।

संसदीय बोर्ड और चुनाव समिति से बाहर किए गए गडकरी को आखिर मिल ही गया टिकट

# संघ का चला ब्रह्मास्त्र हैट्रिक की तैयारी में गडकरी

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली

भाजपा हाई कमान के अंदरूनी विरोध के बावजूद एक बार फिर केंद्रीय मंत्री और भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन गडकरी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय, नागपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव मैदान में है। पहले उम्मीद थी कि जैसे कई दिग्गजों के टिकट पार्टी ने काटे हैं, इसी तरह गडकरी का नाम भी होगा लेकिन संघ के दबाव के चलते भाजपा हाई कमान को झुकना पड़ा। संगठन से सरकार तक अपनी शर्तों में काम करने के लिए विख्यात गडकरी तब सुर्खियों में आए जब कांग्रेस बाहुल्य नागपुर संसदीय क्षेत्र में उन्होंने ढाई लाख से ज्यादा मतों से जीत दर्ज कराई और इस बार वे हैट्रिक की तैयारी में है।

नागपुर संसदीय क्षेत्र में 6 विधानसभा सीटें हैं जिसमें दो कांग्रेस और चार बीजेपी के कब्जे में हैं। करीब 22 लाख मतदाताओं वाले इस क्षेत्र में दलित मतदाता निर्णायक स्थिति में रहते हैं। वैसे दो लाख मुस्लिम मतदाता भी हैं। यह भी एक तथ्य है कि ब्राह्मण वोट सबसे कम यानी एक लाख होने के बावजूद ब्राह्मण बिरादरी से आने वाले गडकरी ने 2014 एवं 2019 का चुनाव दो लाख से ज्यादा मतों से जीता है। उसकी वजह यहां के 3.5 लाख मराठी मतदाता है। केंद्रीय मंत्री बनने के बाद भाजपा हाईकमान के निशाने पर गडकरी तब आए जब 2019 में उनके कामकाज की सराहना यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने की थी। इतना ही नहीं राजद नेता तेजस्वी यादव ने तो उन्हें अपना अभिभावक तक कह दिया था। विपक्ष द्वारा गडकरी की उक्त तारीफ ने कथित रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह से दूरियां पैदा कर दी। हालांकि इसकी कोई औपचारिक पुष्टि नहीं हुई लेकिन जब उन्हें संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति से अलग कर दिया गया तो भाजपा और संघ में गडकरी सर्वाधिक चर्चा में आ गए थे। तभी से माना जा रहा था कि कई दिग्गजों की तरह गडकरी का भी टिकट कटेगा। लेकिन संघ का ब्रह्मास्त्र चला और दूसरी सूची में गडकरी उम्मीदवार घोषित हो गए। अब उनके समक्ष बहुत बड़ी चुनौती है कि क्या गडकरी नागपुर से हैट्रिक लगा पाएंगे? फिलहाल यह दायित्व संघ के स्वयं सेवकों ने संभाल लिया है और वे शानदार जीत के लिए व्यापक चुनाव अभियान में जुट गए हैं। गडकरी का राजनीति में प्रवेश अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुआ और युवा मोर्चा होते हुए भाजपा की सक्रिय राजनीति में आए। लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से उनका नाता छात्र जीवन से ही था और उसी का नतीजा है कि उन्हें संघ का संरक्षण अभी तक मिला हुआ है।



### 1995-99 तक कराए 8 हजार करोड़ के निर्माण कार्य


गडकरी 1989 से महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य रहे और 1999 से 2005 तक विधान परिषद में विपक्ष के नेता थे। वे महाराष्ट्र भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भी रहे और 2010 से 2013 तक भाजपा के सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे। 1995 से 99 तक महाराष्ट्र में पीडब्ल्यूडी मंत्री थे जिसमें उन्होंने 8 हजार करोड से ज्यादा के निर्माण कार्य करवा कर एक इतिहास रचा था। उन्होंने मुंबई से पुणे तक पहला एक्सप्रेस वे का निर्माण कराया जिससे तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई इतना प्रभावित हुए कि उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की परिकल्पना को जन्म दिया। वाजपेई ने गडकरी को राष्ट्रीय ग्रामीण सड़क विकास समिति का अध्यक्ष भी बनाया था। नागपुर संसदीय क्षेत्र में हमेशा कांग्रेस का कब्जा रहा है 1996 में बनवारी लाल पुरोहित ने भाजपा का पहली बार खाता खोला था। तीसरी बार टिकट मिलने के बाद अब भाजपा खेमे में यह सवाल उठ रहा है कि यदि गडकरी ने नागपुर में हैट्रिक लगाई और केंद्र में भाजपा की सरकार बनती है तो क्या सरकार में उन्हें पहले से ज्यादा महत्व दिया जाएगा?

1996 और 1998 के चुनाव में जीते थे पर 1999 में नहीं लगा पाए थे हैट्रिक, अब 2014 और 19 में कमल खिलाने के बाद फिर हैट्रिक का मौका

# केंद्रीय मंत्री भानु प्रताप की हैट्रिक बनेगी जीत का सिक्सर

● मनोज त्रिपाठी, कानपुर

### जालौन-गरौठा लोकसभा



● पिछले चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन मिलकर भी नहीं रोक पाए थे संसद का रास्ता

जालौन-गरौठा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यह इलाका एक तरफ पचनद यानी पांच नदियों (यमुना, चंबल, सिंधु, कुंवारी और पहज) के संगम तो दूसरी तरफ बेतवा नदी से घिरा है, इसके बावजूद सूखा ही यहां की प्रमुख समस्या है। करीब 20 लाख मतदाताओं वाली इस लोकसभा सीट में पांच विधानसभा क्षेत्र भोगनीपुर, माधोगढ़, कालपी, उरई, गरौठा आते हैं। भाजपा ने केंद्रीय राज्य मंत्री भानुप्रताप वर्मा को फिर से भरोसा जताते हुए मैदान में उतारा है। यह उनका आठवां चुनाव है। पिछले सात चुनावों में भानुप्रताप को केवल दो बार ही हार मिली है। भानु प्रताप वर्मा के सामने इस मर्तबा हैट्रिक बनाने के साथ ही जीत का सिक्सर लगाने का मौका है।

जालौन लोकसभा सीट पर सपा और बसपा ने अभी अपने प्रत्याशी नहीं घोषित किए हैं। कांग्रेस इस बार सपा से गठबंधन के कारण यहां मैदान से बाहर है। जालौन सीट पर वर्ष 1991 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने पहली बार अपना खाता खोला था, इससे पहले हुए सभी चुनावों में एक-एक बार लोकदल तथा जनता दल को छोड़कर हमेशा कांग्रेस ही विजय पताका लहराती रही थी। 1991 में यहां से भाजपा के गया प्रसाद कोरी जीते। इसके बाद 1996 और 1998 में हुए चुनावों में भी भाजपा ने जीत दर्ज कराई और भानु प्रताप वर्मा सांसद बने। लेकिन 1999 में बसपा के ब्रजलाल खाबरी ने भानु प्रताप वर्मा को हैट्रिक लगाने से रोक दिया। साल 2004 के चुनाव में भाजपा ने दोबारा मतदाताओं का विश्वास जीता और भानु प्रताप सिंह फिर से सांसद चुने गए।

इसके बाद 2009 के चुनाव में इस सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज की। उसके प्रत्याशी घनश्याम अनुरागी विजयी रहे। लेकिन 2014 में यह सीट मोदी मैजिक के चलते पुनः भाजपा के पाले में चली गई और एक बार फिर भानु प्रताप ही सांसद चुने गए। इस चुनाव में भानु प्रताप ने बसपा के प्रत्याशी ब्रजलाल खाबरी को दो लाख 87 हजार वोटों से हराया। 2019 के पिछले चुनाव में भानु प्रताप ने फिर जीत हासिल की और पांचवीं बार संसद में पहुंचे। उन्होंने बसपा प्रत्याशी अजय सिंह पंकज को 1 लाख 57 हजार वोटों से मात दी। तीसरे नंबर पर कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरे बृजलाल खाबरी रहे।

### एससी और ओबीसी मतदाता भाग्य विधाता

जालौन लोकसभा सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता सबसे ज्यादा लगभग 43 फीसदी हैं। इसके बाद ओबीसी मतदाताओं की संख्या लगभग 32 फीसदी और सामान्य श्रेणी के मतदाता करीब 18 फीसदी हैं। मुस्लिम मतदाताओं का आंकड़ा सवा लाख से कुछ ज्यादा गिना जाता है।

### 2019 लोकसभा चुनाव का विधानसभा वार परिणाम

| विधानसभा | भाजपा भानुप्रताप सिंह वर्मा | बसपा अजय सिंह पंकज | कांग्रेस बृजलाल खाबरी |
|---|---|---|---|
| भोगनीपुर | 93,580 | 95,707 | 8,114 |
| माधौगढ़ | 1,31,505 | 81,174 | 23,073 |
| कालपी | 1,08,024 | 91,502 | 23,073 |
| उरई | 1,30,028 | 85,811 | 22,895 |
| गरौठा | 1,16,586 | 68,282 | 20,644 |
| वोट प्रतिशत | 52.0 | 37.9 | 8.1 |

### पिछले चार चुनाव में राजनीतिक दलों का मतदान प्रतिशत

| चुनाव | भाजपा | सपा | बसपा | कांग्रेस |
|---|---|---|---|---|
| 2022 विधानसभा | 35.8 | 31.2 | 20.6 | 2.3 |
| 2019 लोकसभा | 52.0 | --- | 37.9 | 8.1 |
| 2017 विधानसभा | 43.8 | 15.8 | 23.2 | 8.7 |
| 2014 लोकसभा | 12.1 | 16.3 | 23.6 | 7.5 |

## सार-संक्षेप

### खराब खाद्य पदार्थ के आरोप में हाईकोर्ट में कैंटीन सील

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट में अधिवक्ताओं को खराब खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने वाली एक कैंटीन को शुक्रवार को सील कर दिया गया और खाद्य पदार्थ के नमूने को जांच के लिए भेज दिया गया। उक्त कार्रवाई अधिवक्ताओं की पहल पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने की है। मालूम हो कि कोर्ट नंबर 83 के बगल स्थित कैंटीन से मिल रही खाने-पीने की चीजों को लेकर अधिवक्ताओं की ओर से लगातार शिकायती मिल रही थी। शुक्रवार को पूर्व महासचिव एसडी सिंह यादव ने अधिवक्ताओं की शिकायत पर आपत्ति जताई और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के इंस्पेक्टर को कॉल किया। इंस्पेक्टर ने कैंटीन में रखी खाद्य सामग्री के नमूने लिए और साथ ही खाद्य सामग्री खराब मिलने पर कैंटीन को सील कर दिया। इसके अलावा जांच के दौरान कैंटीन के कर्मचारियों के पास पहचान पत्र भी नहीं मिले। इस दौरान पूर्व संयुक्त सचिव (प्रेस) आशुतोष त्रिपाठी सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### कोर्ट ने हर्जाने के साथ खारिज की याचिका

**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पति की याचिका खारिज होने के बाद पत्नी द्वारा इस मामले में दूसरी याचिका दाखिल करने को न्यायिक प्रक्रिया का दुरुपयोग करार देते हुए 20 हजार रुपए हर्जाने के साथ खारिज कर दिया। यह आदेश मुख्य न्यायाधीश अरुण भंसाली और न्यायमूर्ति विकास बुधवार की खंडपीठ ने अमारिन की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया है। मामले के अनुसार जिला पंचायत लालगंज, मिर्जापुर के सदस्यों वसीम अहमद और शमसुद्दीन द्वारा सरकारी धन के गबन की वसूली की मांग को लेकर पति ने याचिका वापस ले ली थी। उसके बाद पत्नी की ओर से फिर वही याचिका दाखिल की गई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि यह जनहित याचिका पति ने राहत न मिलते देख याचिका वापस ले ली की विधिक फॉर्म में जाएंगे और उसके बाद उसकी पत्नी ने बिना कोई बदलाव किए हूबहू वही याचिका जनहित याचिका के रूप में दाखिल कर कार्रवाई की मांग की है। दोनों में अधिवक्ता एक ही हैं। दोनों याचिकाओं में जिला पंचायत के दो सदस्यों पर गबन के आरोप की जांच के लिए प्राथमिकी दर्ज करने और गबन राशि की वसूली करने की मांग की गई थी।

### 21 सौ बच्चों को पढ़ाई के लिए धनराशि का इंतजार

**लखनऊ, अमृत विचार :** मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में जिले के 12 सौ से अधिक पात्रों को धनराशि का इंतजार है। हालांकि भुगतान के लिए बिल बनकर तैयार हो गया है और बजट का इंतजार है। मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 18 वर्ष से कम आयु के ऐसे बच्चे को दिया जाता है जिन्होंने अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक या अभिभावक को खो दिया है। इसके तहत 25 सौ रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता दी जाती है। पात्रों को भुगतान तिमाही किया जाता है। वित्तीय वर्ष का अंतिम सप्ताह चल रहा है और 2134 बच्चों का विवरण बनाकर बिल तैयार कर लिया गया है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह ने बताया कि एक-दो दिन में बजट मिलने की उम्मीद है। बजट मिलते ही धनराशि पात्रों के खातों में भेज दी जाएगी।

### तीन आईएएस अधिकारियों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक पहले शुक्रवार को चार आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिए। आईएएस विपिन कुमार मिश्रा को शाहजहांपुर का नया नगर आयुक्त बनाया गया है, जबकि इसपर कार्यरत आईएएस कामता प्रसाद सिंह का एडिशनल कमिश्नर फूड और सचिव सतर्कता आयोग के पद पर तबादला हुआ। आईएएस अपूर्वा दुबे उपाध्यक्ष अलीगढ़ विकास प्राधिकरण बनाई गईं।

### यूपीएसआरटीसी को दिल्ली में मिले 3 राष्ट्रीय पुरस्कार

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में रोड सेफ्टी के साथ ही परिवहन में किए गए महत्वपूर्ण सुधारों का राष्ट्रीय स्तर पर असर देखने को मिल रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन विभाग (यूपीएसआरटीसी) को नई दिल्ली में एसोसिएशन ऑफ स्टेट रोड ट्रांसपोर्ट अंडरटेकिंग (एएसआरटीयू) ने तीन राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कारों से सम्मानित किया। इन पुरस्कारों को पब्लिक ट्रांसपोर्ट एक्सीलेंसी अवार्ड कहा जाता है। यह अवार्ड निर्धारित शर्तों को पूरा करने वाले संस्थानों को अलग अलग कैटेगरी में दिया जाता है। यूपीएसआरटीसी को दो कैटेगरी (रोड सेफ्टी और फ्यूल एफिशिएंसी) में विनर के रूप में, जबकि एक (न्यू इनीशिएटिव्स) में रनर अप का पुरस्कार मिला है। इन पुरस्कारों को प्राप्त करने के लिए परिवहन निगम की तरफ से अपर प्रबंध निदेशक प्रणता ऐश्वर्या उपस्थित रहीं। वहीं, मुख्य प्रधान प्रबंधक प्राविधिक राजीव आनंद, जीएम आईटी युजवेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।

### सेवा न करने पर वेतन का हकदार नहीं कर्मचारी

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बकाया वेतन भुगतान और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभों के एक मामले में सुनवाई करते हुए कहा कि हमारे देश में रोजगार के अवसर एक दुर्लभ वस्तु है। प्रत्येक विज्ञापन सीमित संख्या की रिक्तियों के लिए बड़ी संख्या में उम्मीदवारों को आमंत्रित करता है। ऐसे में किसी उम्मीदवार की पात्रता उपयुक्तता के बावजूद केवल साख के आधार पर रद्द कर दी जाए तो यह उचित नहीं है। कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि केवल झूठी जानकारी को दबाने से इस तथ्य की परवाह किए बिना कि दोषमुक्ति दर्ज की जा चुकी है, कर्मचारी की भर्ती को समाप्त नहीं किया जा सकता है। इसके साथ ही कोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के हवाले से कहा कि कर्मचारी उस अवधि के लिए वेतन के किसी भी बकाया का हकदार नहीं है, जिसके दौरान उसने सेवा नहीं की है। इस आधार पर कैट ने वर्तमान मामले से संबंधित याचिकाओं को खारिज कर दिया था, क्योंकि याची रेलवे भर्ती बोर्ड द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार जूनियर इंजीनियर-II (टेली) के पद पर नियुक्त हुआ था। नौकरी में शामिल होने के बाद पता चला कि उसने अपने सत्यापन फार्म में तथ्य छिपाए थे। इसके लिए याची को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। हालांकि याची ने नोटिस का जवाब दिया। याची ने केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण के समक्ष आवेदन दाखिल किया कि उसे बकाया वेतन और वरिष्ठता सहित अन्य परिणामी लाभ प्रदान किए जाएं, लेकिन कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी।

### पीएचडी पाठ्यक्रमों में प्रवेश को 25 तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने छात्रहित को देखते हुए पीएचडी सत्र 2023-24 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की तिथि बढ़ा दी है। अभ्यर्थी आवेदन शुल्क के साथ 25 मार्च तक और इसके बाद विलम्ब शुल्क के साथ 31 मार्च तक आवेदन कर सकेंगे। इससे पहले आवेदन की तिथि 15 मार्च एवं विलम्ब शुल्क के साथ 23 मार्च निर्धारित थी। पीएचडी प्रवेश समन्वयक प्रो. फर्रुख जमाल ने बताया कि परिसर के बायोकेमेस्ट्री, माइक्रोबायोलॉजी, भौतिक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स, गणित एवं सांख्यिकी, पर्यावरण विज्ञान, अर्थशास्त्र एवं ग्रामीण विकास, इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विषय में पीएचडी में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है। इसके अलावा अप्लाइड साइंस एवं ह्यूमिनिटी में गणित, भौतिकी, वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, भौतिकी, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, भूगोल, हिंदी, सैन्य विज्ञान, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, संस्कृत, समाजशास्त्र, उर्दू विषय में भी पीएचडी प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे गए है।

## अमरमणि त्रिपाठी के मामले की सुनवाई 20 को

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अपहरण के एक मामले में पूर्व बसपा सांसद अमरमणि त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि वर्तमान मामले में याची ने अपना आपराधिक इतिहास का उल्लेख नहीं किया है, जबकि उसका 20 मामलों में एक लंबा आपराधिक इतिहास है। कोर्ट ने पूर्व में पारित अपने आदेश में ट्रायल कोर्ट को पूरी आर्डर शीट सील बंद लिफाफे में भेजने का निर्देश दिया था। शुक्रवार को सुनवाई के दौरान सरकारी अधिवक्ता ने ट्रायल कोर्ट द्वारा भेजी गई 17 दिसंबर 2022 से 29 फरवरी 2024 तक चलने वाले पूरे मामले की आर्डर शीट को कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया। मामले की अगली सुनवाई 20 मार्च को होगी।

### दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता पर समझता सब है

# ग्रामीणों के साथ सारस की अनोखी दोस्ती, मांग पर करता है डांस

- गांव वालों के साथ ही खाता पीता और सोता भी है
- दूरदराज से सारस को देखने आ रहे हैं लोग

अकबर अली, बभनजोत, गोंडा

**अमृत विचार:** अमेठी के मंडका गांव के रहने वाले आरिफ की राजकीय पक्षी सारस से दोस्ती की कहानी तो आपको याद ही होगी कि किस तरह घायल सारस का इलाज करने वाले आरिफ से सारस की दोस्ती परवान चढ़ी थी।

ठीक इसी तरह का वाकया गोंडा जिले के बभनजोत ब्लॉक के ग्राम पंचायत मन्नीजोत के मजरा डिवलीडीह में सामने आया है। यहां भी एक सारस पक्षी लोगों के उत्सुकता का केंद्र बना है। यह पक्षी गांव के लोगों के बीच ही रहता है उन्हीं के साथ खाना खाता है और गांव में ही सोता भी है। ग्रामीणों से उसकी दोस्ती ऐसी है कि वह उनके बुलाने पर आवाज भी लगाता है और उनकी डिमांड पर डांस भी करता है। हालांकि दुर्घटना में अपना एक पंख खोने के बाद अब वह उड़ नहीं सकता। यह सारस पक्षी करीब डेढ़ साल से गांव वालों के साथ ही रह रहा है। गांव के लोगों के साथ इस सारस पक्षी की दोस्ती यहां के गों के लिए कौतूहल का केंद्र बनी है। मन्नीजोत गांव के डिवलीडीह के रहने वाले कल्लू ने बताया कि करीब डेढ वर्ष पहले यह सारस पक्षी उन्हे गांव के बाहर स्थित तालाब के किनारे जख्मी हालत में पड़ा मिला था।

इसके बाद वह सारस को उठाकर घर से आए। उसकी मरहम पट्टी की और उसे खाना खिलाया। कुछ दिन बाद वह ठीक हो गया तो वह उसे वापस तालाब पर छोड़ आए, लेकिन उनके घर पहुंचने से पहले ही सारस उड़कर उनके घर पहुंच गया। कल्लू बताते हैं कि कई बार उन्होने सारस को तालाब पर छोड़ा लेकिन हर बार वह वापस लौट आया। एक बार उसके पंख में चोट लग गयी और उसका एक पंख क्षतिग्रस्त हो गया। तब से वह गांव में ही इंसानों के बीच रहता है। गांव के लोग से उसकी अच्छी खासी दोस्ती हो गई है।



सारस को दाना खिलाते ग्रामीण कल्लू।

#### सारस को पारिवारिक सदस्य की तरह मानते है ग्रामीण

सारस पक्षी को गांव के लोग अपने पारिवारिक सदस्य की तरह से मानते हैं। गांव के राम सुरेश ने बताया कि यह सारस काफी दिनों से हमारे बीच रह रहा है और हम लोग इसे खूब प्यार करते हैं गांव के सभी लोग इसे खिलाते पिलाते रहते हैं और इसका ध्यान भी रखते हैं। यह अपने मर्जी से गांव में घूमता रहता है। गांव में ही एक दुकान है जब उसे भूख लगती है तो वह दुकान पर चला जाता है। वहां पर बैठे हुए गांव के लोग उसे बिस्किट, नमकीन आदि दे देते हैं और वह खा लेता है खाने के बाद वह बगीचा में चला जाता है। इस सारस पक्षी की चर्चा सुनकर दूर दराज से लोग इसे देखने भी आते हैं।

# युवाओं के लिए आजीविका तो आस्था का सम्मान भी: योगी

### मुख्यमंत्री बोले - हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी होंगे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में युवा के लिए आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है। बहन, बेटियों, व्यापारियों को सुरक्षा भी है। सरकार विकास को आगे बढ़ाने और विरासत के संरक्षण का कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर विकास प्राधिकरण (जीडीए) की 1878 करोड़ की 76 विकास परियोजनाओं के लोकार्पण व शिलान्यास के साथ सिद्धार्थनगर में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एमएमएमयूटी) में 24.69 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली फार्मेसी बिल्डिंग के शिलान्यास एवं स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 4000 विद्यार्थियों के टैबलेट/स्मार्टफोन वितरण समारोह व सभाओं को संबोधित कर रहे थे।

योगी ने कहा कि सरकार हर परिवार को जल्द फेमिली आईडी कार्ड जारी करने वाली है। इस कार्ड में परिवार के हर व्यक्ति का विवरण होगा। यदि किसी के पास काम नहीं होगा तो सरकार उसे काम दिलाएगी। जिसके पास मकान, शौचालय, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं होगा, उसके पास खुद जाकर सरकार यह सुविधा उपलब्ध कराएगी।

कहा कि फार्मा सेक्टर में उत्तर प्रदेश पहले कंज्यूमर (उपभोक्ता) स्टेट था। दवाएं व अन्य जरूरी मेडिकल उत्पाद बाहर से आते थे। अब यूपी फार्मा सेक्टर का उत्पादक और निर्यातक बन जाएगा। इसके लिए सरकार ललितपुर में 2000 एकड़ में फार्मा पार्क बना रही है। यूपी में मेडिकल डिवाइस पार्क भी बन रहा है। इससे फार्मेसी के क्षेत्र में युवाओं को भी व्यापक अवसर उपलब्ध होंगे।

उन्होंने जनता से पूछा कि मुफ्त राशन, आवास, और स्वास्थ्य बीमा कांग्रेस, सपा और बसपा की सरकारें दे सकती थीं, क्या राममंदिर निर्माण पिछली सरकारों के दौर में संभव था, जनता की ओर से एक स्वर में नहीं की आवाज आई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2014 में दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में भारत 11वें नंबर पर था लेकिन प्रधानमंत्री के प्रयासों से आज भारत दुनिया का 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है और अब मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा।



मुख्यमंत्री शुक्रवार को गोरखपुर में स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तीकरण योजना के अंतर्गत 4,000 छात्र-छात्राओं को टैबलेट/स्मार्टफोन का वितरण करते हुए।

## अवैध कॉलोनी निर्माण पर शीघ्र निर्णय ले प्राधिकरण

**विधि संवाददाता, प्रयागराज :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मेरठ से बागपत राजमार्ग पर अवैध कॉलोनी निर्माण के संबंध में याचिका पर विचार करते हुए कहा कि संबंधित प्राधिकरण ने अनधिकृत निर्माण करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की है। दरअसल सिटी प्लाजा कॉलोनी का निर्माण करने के लिए उस क्षेत्र को चिन्हित किया गया है जहां बड़ी संख्या में पेड़ है। कॉलोनी के निर्माण के लिए उन्हें काटा भी गया है। हालांकि, बागपत विकास प्राधिकरण की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि निर्माण करने वालों को नोटिस जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही यूपी शहरी नियोजन और विकास अधिनियम, 1973 (संशोधित) की धारा 28(2) के प्रावधानों के अनुसार अनधिकृत निर्माण रोकने के लिए पहले ही संबंधित पुलिस स्टेशन को सूचित कर दिया गया है।

## उच्च शिक्षा में बढ़ी नामांकन संख्या खोले जायेंगे नये महाविद्यालय

- वर्तमान सत्र में 54,76,441 छात्र-छात्राओं ने परंपरागत पाठ्यक्रमों में लिया दाखिला

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** पिछले शैक्षिक सत्र की अपेक्षा इस बार यूपी के उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसकी वजह ये है कि योगी सरकार के प्रयास से शैक्षिक गुणवत्ता में काफी सुधार देखने को मिला है। ये जानकारी प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने शुक्रवार को दी है।

उन्होंने कहा कि सरकार प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा की गुणवत्ता और प्रसार के लिए भी प्रयास कर रही है। मंत्री ने कहा कि प्रदेश में राज्य विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में मौजूदा शैक्षणिक सत्र में लंबे वक्त के बाद रिकॉर्ड दाखिले हुए हैं। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से तैयार वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार कुल 62 विश्वविद्यालयों और 7925 महाविद्यालयों में 54 लाख से अधिक युवाओं ने दाखिला लिया है । महत्वपूर्ण बात यह भी है कि पिछले साल की तुलना में रजिस्ट्रेशन में भी इस साल दस लाख से अधिक का इजाफा हुआ है। इसके अतिरिक्त इस सत्र में उच्च शिक्षा में प्रवेश लेने वाली कुल विद्यार्थियों में छात्राओं की संख्या छात्रों से अधिक है। इस सत्र में कुल प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या में 26,68,971 छात्रों ने प्रवेश लिया तो वहीं 28,07,470 छात्राओं ने उच्च शिक्षा में प्रवेश लिया है। छात्रों की बढ़ती संख्या को देखकर 156 नये महाविद्यालय प्रयागराज मंडल में खुलने जा रहे हैं। इनको संबद्धता प्रो. राजेंद्र सिंह राज्य विश्वविद्यालय की ओर से दी जायेगी।

## पुलिस विभाग को भवनों के लिए मिले 17.53 करोड़

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने पुलिस कर्मियों के लिये आवासीय व अनावासीय भवनों आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए कमिश्नरेट कानपुर व गौतमबुद्धनगर के लिए 17 करोड़ 53 लाख 41 हजार रूपये की धनराशि स्वीकृत करके भेजी है।

यह जानकारी देते हुए प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना विधनू के अन्तर्गत नवीन थाना सेन पश्चिम पारा के अनावासीय भवनों के निर्माण कार्य हेतु धनराशि रूपये 816.42 लाख की लागत पर प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2023-24 में धनराशि रूपये 4 करोड़ 8 लाख 21 हजार निर्गत कर दी गयी है।

## यीडा के आठ भूखंडों पर होगा 86 करोड़ का निवेश

- 600 लोगों को मिलेगा रोजगार
- 8 भूखंडों के लिए ई ऑक्शन पूरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** यमुना एक्सप्रेस-वे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) ने अपने आठ संस्थागत भूखंडों के ई ऑक्शन के जरिए 37 करोड़ रुपये से ज्यादा की धनराशि प्राप्त की है। इन भूखंडों पर आवंटी द्वारा लगभग 86 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे लगभग 600 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

प्राधिकरण की संस्थागत भूखंडों के आवंटन की योजना के तहत गुरुवार को ई ऑक्शन की प्रक्रिया पूर्ण हुई है। 8 भूखंडों के सापेक्ष कुल बिड प्राइज लगभग 31.48 करोड़ रुपये की थी। इस बिड प्राइज के सापेक्ष प्राधिकरण को 37.12 करोड़ की धनराशि प्राप्त होगी जो कि बिड प्राइज से 5.65 करोड़ रुपए अधिक है। इस योजना में नर्सिंग होम के 6 भूखंडों के सापेक्ष कुल 14, कारपोरेट ऑफिस के 1 भूखंड के सापेक्ष 14 एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल के 1 भूखंड के सापेक्ष 1 आवेदन प्राप्त हुए थे। भूखंडों में सबसे अधिक भूखंड (सीनियर सेकेंडरी स्कूल) का क्षेत्रफल 10115 वर्ग मीटर है जोकि 2.5 एकड़ से भी अधिक है। यह भूखंड मेसर्स सुभाष इंफ्राइंजीनियर्स प्रा. लि. को प्राप्त हुआ है। इसके अलावा कॉर्पोरेट ऑफिस का एक भूखंड जो मेसर्स फ्लक्स कैपिटल प्रा. लि. को प्राप्त हुआ। इसकी बिड प्राइज से लगभग दो गुना रेट पर बिड लगी है।

## वर्ग पहेली-11

**बाएं से दाएं**

1. 1. तपस्या, वह व्रत या नियम जिनसे शरीर या चित्त को कष्टप्रद दशाओं में रखकर शुद्ध या निर्मल तथा विषयों से निवृत्त किया जाता है 2. कठिन परिश्रम 3. सरदी-गरमी सहने की क्रिया, विद्या अध्ययन 4. योगाभ्यास 5. शरीर या इंद्रियों पर नियंत्रण 6. गरमी, ताप, दाह 7. एक लोक का नाम 8. एक कल्प।

4. वह डाक या चिट्ठियां जो हवाई जहाज़ के द्वारा भेजी जाती हैं, (एयर मेल)।

5. 1. आफ़त, विपत्ति, आपत्ति, संकट 2. प्रकोप। (मु.)-ढाना : अत्याचार करना।

7. भारत के दक्षिण में स्थित एक राज्य का नाम।

9. कोई वस्तु रखने के लिए दीवार में बना एक स्थान, आला।

10. 1. जो अच्छा न हो 2. ख़राब, बुरा 3. त्याज्य।

**ऊपर से नीचे**


1. शानो-शौकत दिखाने के लिए किया जाने वाला आयोजन, ठाट-बाट, वैभव और रईसी का दिखावा, आडंबर, बनावट, शान, सजधज, रंगीनी, चटक-मटक।

2. 1. किसी राज्य की सामुद्रिक शक्ति और उसका प्राधिकरण 2. सामुद्रिक प्राधिकरण का प्रधान कार्यालय, नौसेना का संचालन करने वाला विभाग 3. उक्त विभाग में अधिकारियों का वर्ग।

3. 1. अधिक मात्रा में तेल

6. 1. ज़मीन जोतने के लिए प्रयुक्त प्रसिद्ध उपकरण, खेत जोतने का एक साधन 2. भूमि की एक माप 3. (महाभारत) बलराम का शस्त्र।

8. 1. शामिल, सम्मिलित 2. भागीदार, साझीदार 3. किसी कार्य में साथ देने वाला।



### वर्ग पहेली -10 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 शिं | | | | | 2 तो |
| 3 अ | शु | चि | | 4 स | दो | ष |
| | मा | | | तां | | ण |
| | 5 र | ण | 6 रं | ग | | |
| 7 सें | | | ज | | 8 चौ | |
| ध | | | नी | | 9 को | ड |
| | 10 वि | ज | य | क | र | |

## सुडोकू -90

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 9 | 2 | | | | | 5 |
| 3 | | | | | 6 | | 2 | |
| | | 2 | 4 | | 1 | | | |
| | 7 | | | 6 | | | | |
| | | 5 | | | | 4 | | |
| | | | | 2 | | 8 | 9 | |
| 2 | | | 5 | | 9 | | | |
| | 8 | | 6 | | | | | 3 |
| | | | | | 7 | 2 | | 1 |

### सुडोकू -89 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 |
| 7 | 6 | 2 | 8 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 |
| 9 | 8 | 1 | 5 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 1 | 6 | 2 | 8 |
| 1 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 3 |
| 6 | 9 | 8 | 7 | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |
| 8 | 4 | 9 | 2 | 7 | 5 | 3 | 1 | 6 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 4 | 8 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 6 | 1 | 9 | 8 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 16 मार्च, शनिवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-सप्तमी 21.38 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग





**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-रोहिणी 16.05 तक तत्पश्चात मृगशिरा।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में सहकर्मी आपके प्रति सम्मान की भावना रखेंगे। आप वर्तमान स्थिति को लेकर प्रसन्न नहीं रहेंगे। प्रेम संबंधों में कुछ परेशानी हो सकती है। पैरों में दर्द और थकान की शिकायत होने की आशंका है। पैतृक सम्पत्ति के मामले सुलझ सकते हैं।

**वृष** – आज आपको कुछ नया सीखने का अवसर मिलेगा। नई जॉब ढूंढ रहे हैं, तो आपको अच्छे मौके मिल सकते हैं। जीवनसाथी आपको कुछ उपहार दे सकते हैं। युवा प्रेमी जोड़े आज एकान्त में समय बिताना चाहेंगे। ससुराल पक्ष में कोई प्रोग्राम हो सकता है।

**मिथुन** – आज आपके लोग ही आपका विरोध कर सकते हैं। ऑफिस में आपका किसी के साथ झगड़ा हो सकता है। क्रोध के कारण दाम्पत्य संबंधों में कड़वाहट आ सकती है। पुरानी नकारात्मक बातें आपके वर्तमान पर हावी हो सकती है।

**कर्क** – आज शुभ कार्यों पर आप काफी धन खर्च करेंगे। आपकी मनः स्थिति काफी सकारात्मक रहेगी। सभी काम आराम से समय पर हो जायेंगे। ज्यादा सोच-विचार में अपना समय बर्बाद न करें। कारोबार में वृद्धि हो सकती है। आपका स्वास्थ्य भी काफी अच्छा रहेगा।

**सिंह** – आज उलझे हुए मामलों को अपने पक्ष में कर लेंगे। महत्वपूर्ण लोगों के साथ गंभीर मुद्दों पर विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपके व्यक्तित्व से लोग आकर्षित रहेंगे। जॉब में इच्छानुसार स्थानान्तरण हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखमय रहने वाला है।

**कन्या** – आज आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। छात्रों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन हो सकते हैं। धैर्यपूर्वक लिए गए निर्णयों से लाभ मिलेगा। अधूरे कार्यों को पूरा करने का दबाव रहेगा। घर के बुजुर्गों के साथ अपने संबंध अच्छे रखें।

**तुला** – आज स्वार्थी प्रवृत्ति के लोगों से दूर रहें। सिरदर्द और तनाव के कारण दिन खराब हो सकता है। जीवनसाथी आपसे नाराज हो सकते हैं। इसीलिए आपको अपना व्यवहार नम्र रखना चाहिये। बजट की कमी के कारण आपके काम तय समय पर पूरे नहीं होंगे।

**वृश्चिक** – आज परिजनों के साथ शॉपिंग के लिए जा सकते हैं। प्रेमी जन को प्रपोज करने के लिए बहुत अच्छा दिन है। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। आप नया व्यवसाय शुरू करने के विचार में है। घर में साज-सजावट शुरू करेंगे।

**धनु** – आज आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। व्यापार में आपको काफी अच्छा लाभ मिलेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। मित्रों की सलाह आज आपके काम आयेगी। शत्रुओं पर भारी पड़ेंगे। सरकारी नौकरी कर रहे लोगों का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**मकर** – आज विवाहेत्तर संबंधों से बचना चाहिए अन्यथा प्रतिष्ठा में आंच आ सकती है। बच्चों पर अपनी मर्जी और इच्छाओं को न थोपें। जॉब में अपने काम की गुणवत्ता पर ध्यान दें। बॉस आपसे अचानक किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर जानकारी ले सकते हैं।

**कुंभ** – आज आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। सहकर्मी आपकी सफलता से ईर्ष्या करेंगे। अधिकारी वर्ग का विश्वास आपके ऊपर बढ़ेगा। परिवार में सुख और शान्ति का वातावरण रहेगा।

**मीन** – आज दांपत्य जीवन में सामन्जस्य बेहतरीन रहेगा। मीडिया से जुड़े लोगों को बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महत्वपूर्ण कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। माता-पिता का आशीर्वाद प्राप्त होगा। उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश मिलने के योग बन रहे हैं।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
शक्तिमान – सुबह : 09.17
बधाई हो बधाई – शाम : 06.55


**Sony Max**
पीके – सुबह : 10.31
पागल पत्नी – रात : 07.03

**Sony Pix**
घोस्टबस्टर्स : आफ्टरलाइफ़ – सुबह : 10.13
ए मैन कॉल्ड ओटो – शाम : 06.42

**Zee Cinema**
जिंदगी ना मिलेगी दोबारा – सुबह : 08.00
रूस्तम – रात : 07.00

**Colors Cineplex**
लाल सिंह छाबड़ा – सुबह : 09.59
कुछ कुछ होता है – शाम : 06.58

### आज की सुपरहिट फिल्म





जी सिनेमा पर रात : 07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

लड़का : हर संडे के दिन तुम्हारे चेहरे पर रंग क्यो लगा होता है?
युवती : अरे, मैं हर संडे को होली खेलती हूं।
लड़का क्यो?
युवती : अरे हमारे स्कूल में टीचर ने बताया है, कि संडे मतलब हॉलीडे।

लड़का – मैं तुम्हारे साथ शादी नहीं कर सकता,
घर वाले नहीं मान रहे हैं...!
लड़की – तुम्हारे घर मैं कौन-कौन हैं...?
लड़का – एक पत्नी और दो बच्चे...!

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 1015 फ्लैग 1120 डीएमओ 895 बोल्ड 1185, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1010 फ्लैग 1130 बोल्ड 1180 डीएमओ 890।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव**-दाल चना: 75 से 76 रुपये मसूर: 88 से 90 रुपये मलका: 82 से 85 रुपये अरहर: 118 से 125 रुपये उड़द: 95 से 101रुपये धोआ उड़द: 110 से 120 रुपये मूंग धोआ: 104 - 106 रुपये मूंग छिलका: 102 रुपये मूंग साबुत: 100 रुपये चना देसी: 80 रुपये चना कावली: 145 से 160 राजमा लाल: 155 राजमा चित्ता: 145 रुपये लोबिया लाल: 94 रुपये लोबिया सफेद: 98 रुपये।

## एक नजर

### रश्मि गोविल इंडियन ऑयल में निदेशक बनीं

**नई दिल्ली।** रश्मि गोविल ने इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (इंडियन ऑयल) में निदेशक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने एक बयान में कहा-रश्मि गोविल 1994 में इंडियन ऑयल में शामिल हुईं और मानव संसाधन कार्य के विभिन्न पहलुओं में उनके पास लगभग तीन दशकों का समृद्ध अनुभव है।

### बढ़ाया गया कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर अप्रत्याशित लाभ कर को 4,600 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 4,900 रुपये प्रति टन कर दिया। हालांकि भारत से डीजल, पेट्रोल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर को शून्य पर बरकरार रखा गया है। एक आधिकारिक अधिसूचना के मुताबिक, नई दरें शनिवार से प्रभावी हो जाएंगी।

# भारतीय बाजार ने समझदारी बनाए रखी है

## कॉन्क्लेव में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा-मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं

नई दिल्ली, एजेंसी



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय शेयर बाजार ने "एक निश्चित स्तर की समझदारी" बनाए रखी है और बाजार को अपने हिसाब से खेलने की अनुमति दी जानी चाहिए। वित्त मंत्री सीतारमण का यह बयान सेबी की चेयरपर्सन माधवी पुरी बुच के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है कि स्मालकैप और मिडकैप शेयरों में 'झाग' की गुंजाइश है और नियामक एक संभावित परामर्श पत्र लाने के लिए इस पर विचार कर रहा है।

राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित एक कॉन्क्लेव में सीतारमण ने कहा-मैं बाजारों को अपने हिसाब से खेलने देती हूं... हमें इसे बाजार के विवेक पर छोड़ देना चाहिए क्योंकि हम सभी ने देखा है कि वैश्विक स्तर पर भारी उतार-चढ़ाव के बावजूद भारतीय बाजार ने समझदारी का एक निश्चित स्तर बनाए रखा है। यह वास्तव में इस तरह या उस तरह से बहुत हिंसक नहीं हुआ है। इसलिए, मैं बाजार पर बहुत भरोसा करती हूं। इस सप्ताह की शुरुआत में पूंजी बाजार नियामक ने स्मालकैप और मिडकैप शेयरों के अधिक मूल्यांकन के बारे में चिंता जताई थी। स्मालकैप और मिडकैप संभावित बाजार में हेरफेर और बाजार में बुलबुले के जोखिम का संकेत दे रहे थे। बुच ने कहा था कि इक्विटी बाजारों में स्मालकैप और मिडकैप क्षेत्र में झाग के कुछ क्षेत्र हैं जिनमें बुलबुला बनने और फूटने की क्षमता है जो निवेशकों को प्रभावित कर सकता है। क्रिप्टो परिसंपत्तियों पर सीतारमण ने कहा कि वे मुद्राएं नहीं हो सकती हैं और यह भारत सरकार का रुख है।

### ताजा जीडीपी आंकड़े रहस्यमयीः सुब्रमण्यन



पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन ने शुक्रवार को कहा कि भारत के ताजा जीडीपी आंकड़े ' 'पूरी तरह रहस्यमयी' ' हैं और इन्हें समझ पाना मुश्किल है। हाल ही में जारी आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही में भारत की अर्थव्यवस्था 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी। ये आंकड़े उम्मीद से बेहतर हैं और पिछले डेढ़ साल में सबसे अधिक हैं। सुब्रमण्यम ने कॉन्क्लेव में इस पर कहा-मैं आपको ईमानदारी से बताना चाहता हूं कि ताजा जीडीपी आंकड़ों को मैं समझ नहीं पा रहा हूं। उन्होंने कहा, ' 'मैं पूरे सम्मान के साथ कहना चाहता हूं कि ये बिल्कुल रहस्यमयी हैं। वे मेल नहीं खाते हैं। मुझे नहीं पता कि उनका क्या मतलब है।

### इलेक्ट्रिक वाहन नीति को मंजूरी, न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर का निवेश तय

**नई दिल्ली।** सरकार ने भारत को विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने के लिए शुक्रवार को इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) नीति को मंजूरी दे दी जिसमें न्यूनतम 50 करोड़ डॉलर (4,150 करोड़ रुपये) के निवेश के साथ देश में विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को शुल्क में रियायतें दी जाएंगी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री गोयल ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि ईवी नीति के जरिए भारत को ईवी के विनिर्माण गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने और टेस्ला समेत विभिन्न वैश्विक ईवी विनिर्माताओं से निवेश आकर्षित करने का प्रयास किया गया है। इस नीति के तहत ई-वाहनों की विनिर्माण इकाइयां स्थापित करने वाली कंपनियों को कम सीमा शुल्क पर सीमित संख्या में कारों को आयात करने की अनुमति दी जाएगी।

# नरेंद्र मोदी सरकार में 10 हजार से अधिक नए डाक घर खुले: वैष्णव

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रौद्योगिकी मंत्री बोले-डाक विभाग का हो रहा है विस्तार



मोदी सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 10480 नए डाक घर खुले हैं जबकि इससे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में छह डाक घर बंद किए गए थे। केंद्रीय संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज यहां डाक विभाग में कार्यरत 2.56 लाख से अधिक ग्रामीण डाक सेवकों (जीडीएस) की सेवा शर्तों में सुधार और सेवा में ठहराव को दूर करने के लिए एक वित्तीय उन्नयन योजना की घोषणा की के दौरान यह बात कही।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से 2024 के दौरान देश में 1.28 लाख डाककर्मियों की भर्ती की गई है और 2.50 लाख को प्रशिक्षित किया गया है। कहा कि वैश्विक स्तर पर डाक सेवाओं में शिथिलता आ गई है लेकिन भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में डाक विभाग का विस्तार हो रहा है और नई सेवाओं को इसके दायरे में लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर बिजली योजना के तहत डाक घरों में 53 लाख पंजीकरण हुए हैं। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 3.17 करोड़ खाते खुले हैं जिनमें 1.50 लाख करोड़ रुपये जमा है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 75,900 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 67,200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 50,050-50,250 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 65,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 65,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 75,000 |
| चांदी तैयार | 74,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 65,550 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 64,550 |
| चांदी पक्की | 740 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 65,800 |
| चांदी आभूषण | 74,700। |

# सीसीआई ने गूगल की प्ले स्टोर नीति के खिलाफ जांच के आदेश दिए

नई दिल्ली, एजेंसी

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई ने शुक्रवार को इंटरनेट-आधारित कंपनी गूगल की प्ले स्टोर मूल्य निर्धारण नीति में कथित प्रतिस्पर्धा-विरोधी प्रथाओं के संबंध में जांच के आदेश दिए।

भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने इस आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता मुख्य रूप से गूगल के स्वामित्व वाले ऐप स्टोर 'गूगल प्ले स्टोर' की भुगतान नीतियों से व्यथित हैं। प्ले स्टोर पर प्रतिस्पर्धा कानून का उल्लंघन करने का आरोप है। यह आदेश भुगतान संबंधी समस्याओं के कारण गूगल के प्ले स्टोर से कुछ ऐप को हटाने के दो सप्ताह के भीतर आया है। गूगल ने एक मार्च को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से कुछ ऐप हटा दिए थे। हालांकि, सरकार के हस्तक्षेप के बाद कुछ दिनों के भीतर ही इन ऐप को बहाल कर दिया गया। प्रतिस्पर्धा आयोग में अपील दायर करने वाली कंपनियों में पीपुल इंटरएक्टिव इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, मेबिगो लैब्स प्रा. लिमिटेड, इंडियन ब्रॉडकास्टिंग एंड डिजिटल फाउंडेशन (आईबीडीएफ) और इंडियन डिजिटल मीडिया इंडस्ट्री फाउंडेशन (आईडीएमआईएफ) शामिल हैं।

### चाय की गुणवत्ता बढ़ाने पर जोर

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने चाय की गुणवत्ता में सुधार और इसके सुरक्षित तथा स्वच्छ उत्पादन के लिए तमिलनाडु, केरल, असम और पश्चिम बंगाल में चाय उत्पादक क्षेत्रों के विभिन्न समूहों में एक व्यापक क्षमता निर्माण की योजना भी तैयार की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि एफएसएसएआई चाय उद्योग से जुड़े सभी पक्षों के साथ चाय की गुणवत्ता में सुधार करने और उत्पादन बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

# निर्यात 11.9% बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर रहा

नई दिल्ली, एजेंसी

- वाणिज्य मंत्रालय ने फरवरी माह के जारी किए आंकड़े



भारत का निर्यात फरवरी में 11.9 प्रतिशत बढ़कर 41.4 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो चालू वित्त वर्ष का सर्वाधिक मासिक आंकड़ा है। वाणिज्य मंत्रालय के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में मुख्य रूप से इंजीनियरिंग सामान, इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं और दवा उत्पादों की विदेश में अच्छी मांग रही। हालांकि सोने के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि होने से फरवरी में व्यापार घाटा 18.7 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 16.57 अरब डॉलर था।

पिछले महीने 60.1 अरब अमेरिकी डॉलर मूल्य की वस्तुओं का आयात किया गया, जो फरवरी 2023 के 53.58 अरब अमेरिकी डॉलर की तुलना में 12.16 प्रतिशत अधिक है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार फरवरी में सोने का आयात 133.82 प्रतिशत बढ़कर 6.15 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 2.63 अरब अमेरिकी डॉलर था। चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-फरवरी के दौरान सोने का आयात 44 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि की तुलना में 38.76 प्रतिशत अधिक है।

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने इन आंकड़ों पर संवाददाताओं से कहा कि फरवरी के दौरान निर्यात में वृद्धि चालू वित्त वर्ष के किसी भी महीने के मुकाबले अधिक है। उन्होंने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध और कुछ देशों में मंदी जैसी कई कठिनाइयों के बावजूद फरवरी में निर्यात अनुमान से अधिक रहा।

## राष्ट्रीय

# टूटेगा इंडिया गठबंधन का सारा घमंड : मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-तमिलनाडु की धरती पर बहुत बड़े परिवर्तन की आहट महसूस हो रही

कन्याकुमारी, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी में लोकसभा चुनाव से पहले एक सार्वजनिक बैठक के दौरान समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन करते हुए। ● एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दावा किया कि तमिलनाडु की धरती पर उन्हें 'बहुत बड़े परिवर्तन' की आहट महसूस हो रही है और आगामी लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का प्रदर्शन विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का 'सारा घमंड' तोड़कर रख देगा। लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पहले भाजपा की एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) पर तीखा हमला बोला और इसे राज्य के भविष्य का 'दुश्मन' करार दिया तथा साथ ही उस पर देश, इसकी संस्कृति और विरासत से नफरत पैदा करने का आरोप लगाया।

मोदी ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पूर्ववर्ती सरकार के दौरान हुए कथित घोटालों का उल्लेख किया और कहा कि दूसरी तरफ केंद्र में आज एक ऐसी सरकार है जो विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों का जीवन आसान बना रही है। उन्होंने कहा-देश के इस दक्षिणी छोर से जो लहर उठी है, यह बहुत दूर तक जाने वाली है। मोदी ने वर्ष 1991 में हुई भाजपा की 'एकता यात्रा' को याद करते हुए कहा कि उस समय उन्होंने कन्याकुमारी से कश्मीर तक की यात्रा की थी लेकिन इस बार वह कश्मीर से कन्याकुमारी आए हैं।

### कांग्रेस और वामपंथी दल ठग हैं : प्रधानमंत्री

**पथानामथिट्टा (केरल)।** मोदी ने केरल के सत्ताधारी वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और विपक्षी संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) को 'ठग' करार देते हुए शुक्रवार को कहा कि राज्य में दोनों एक-दूसरे का विरोधी होने का दिखावा करते हैं जबकि दिल्ली में गले मिलते हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केरल के लोग इनकी सच्चाई समझ गए हैं।

### देश की पहली अंडरवॉटर मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू

**कोलकाता।** देश की पहली 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन की वाणिज्यिक सेवाएं शुक्रवार को कोलकाता में शुरू हुईं। पहले दिन सैकड़ों यात्रियों ने 'अंडरवॉटर' मेट्रो ट्रेन में यात्रा का आनंद उठाया और खुशी का इजहार किया। एक ट्रेन सुबह सात बजे कोलकाता के ईस्ट-वेस्ट मेट्रो कॉरिडोर पर हावड़ा मैदान स्टेशन से चली जबकि दूसरी ट्रेन उसी समय एस्प्लेनेड स्टेशन से शुरू हुई। इस दौरान यात्रियों ने तालियां बजायी। "पहले दिन की पहली अंडरवाटर मेट्रो" का हिस्सा बनने के लिए सैकड़ों यात्री सुबह-सुबह स्टेशनों पर उमड़ पड़े। दोनों स्टेशन पर सुबह टिकट लेने के लिए यात्री लंबी कतारों में खड़े दिखे जबकि अधिकारियों ने गुलाब के फूल देकर यात्रियों का स्वागत किया।

# चुनाव घोषणा से पूर्व केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ी

नई दिल्ली, ब्यूरो

- ईडी के समक्ष पेशी से छूट देने से अदालत का इनकार
- शराब घोटाला मामले में ईडी के ठुकरा चुके हैं 8 समन



**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव की घोषणा से ठीक एक दिन पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें बढ़ गई हैं। शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अभी तक वे 8 समन ठुकरा चुके थे। अब उन्हें नौवें सम्मन पर पेश होना ही पड़ेगा। शुक्रवार को स्थानीय अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है।

उल्लेखनीय है कि दिल्ली शराब घोटाले मामले पर तत्कालीन उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया पहले से ही तिहाड़ जेल में है और उसी मामले पर मुख्यमंत्री को भी तलब किया था। लेकिन केजरीवाल ने ईडी की कार्रवाई को राजनीति से प्रेरित बताते हुए आम आदमी पार्टी को समाप्त करने का आरोप लगाया था। बाद में वे ईडी के सम्मन के खिलाफ अदालत में चले गए थे, जहां से उन्हें राहत मिली थी। मगर दो दिन चली सुनवाई के दौरान अदालत ने शुक्रवार को उन्हें किसी भी तरह का स्थगन आदेश या राहत देने से मना कर दिया है। केजरीवाल को ईडी ने सातवां समन भेज कर 27 फरवरी को बुलाया था। तब केजरीवाल का तर्क था कि यह मामला अदालत में विचाराधीन है। इसलिए ईडी को सम्मन भेजने के बजाय अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए। इसी बीच ईडी ने चार मार्च के लिए आठवां समन जारी कर दिया था। ईडी ने पहला समन गत 2 नवंबर को भेजा था। उसके बाद 21 दिसंबर, 3 जनवरी, 18 जनवरी, 2 फरवरी, 14 फरवरी एवं 22 फरवरी को पूछताछ के लिए केजरीवाल को बुलाया गया था लेकिन अब अदालत से कोई राहत न मिलने के बाद केजरीवाल को ईडी के समक्ष पेश होना ही पड़ेगा।

आप के तमाम नेता लोकसभा चुनाव से पहले केजरीवाल को गिरफ्तार करने का आरोप लगा चुके थे और अब इस तरह की अटकलें तेज हो गई है कि क्या पूछताछ के बाद केजरीवाल को ईडी गिरफ्तार करेगी।

## एक नजर

### छग में पहली बार डीएम की अदालत की सुनवाई का सीधा प्रसारण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के आदिवासी बहुल सरगुजा जिले में पहली बार जिलाधिकारी की अदालत से मामलों की सुनवाई का सीधा प्रसारण किया गया जिससे दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले लोगों तक अदालती कार्यवाही में पारदर्शिता और पहुंच सुनिश्चित की जा सके। राज्य की राजधानी रायपुर से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित उत्तर छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में नवनियुक्त जिलाधिकारी विलास भोस्कर संदीपन ने यह पहल की है।

### झारखंड पुलिस ने ईडी को भेजा समन

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से ईडी के अफसरों के खिलाफ दर्ज कराए गए एससी-एसटी केस में झारखंड पुलिस ने संबंधित अधिकारियों को समन भेजा है। उन्हें 21 मार्च को सुबह 11 बजे थाने में मौजूद रहने को कहा है। सोरेन ने ईडी अफसरों पर प्रताड़ित करने और पूरे समुदाय को अपमानित करने का आरोप लगाया है। पुलिस की ओर से ईडी के एडिशनल डायरेक्टर कपिल राज, असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा सहित अनुपम कुमार और अमन पटेल शामिल हैं।

# बिहार में नीतीश कुमार मंत्रिमंडल का विस्तार, 21 नए मंत्री किए गए शामिल

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने दो महीने से भी कम पुराने मंत्रिमंडल का शुक्रवार को विस्तार करते हुए उसमें 21 नए मंत्रियों को शामिल किया। यहां राजभवन में एक सादे समारोह में राज्यपाल राजेंद्र आर्लेकर ने वरिष्ठ भाजपा नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री रेणु देवी सहित इन नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से शपथ लेने अन्य प्रमुख चेहरों में पार्टी की बिहार इकाई के पूर्व अध्यक्ष मंगल पांडेय, नीरज कुमार सिंह, नीतीश मिश्रा, नितिन नवीन, दिलीप कुमार जयसवाल और जनक राम शामिल हैं। मुख्यमंत्री की पार्टी जदयू से मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले पुराने प्रमुख चहरों में महेश्वर हजारी, शीला मंडल, पूर्व वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी सुनील कुमार, जयंत राज, जमा खान, रत्नेश सदा शामिल हैं।

# भाजपा के नौ विधायकों को कारण बताओ नोटिस

शिमला, एजेंसी

- हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस और भाजपा के बीच गतिरोध जारी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव यशपाल शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नौ विधायकों को शिकायत के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। राज्य में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच राजनीतिक गतिरोध जारी है और निकट भविष्य में इसके सुलझने के कोई संकेत नहीं दिख रहे हैं।

नाहन के कांग्रेस विधायक अजय सोलंकी ने सदन के कामकाज पर नियम 79 के तहत स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष शिकायत दर्ज कराई है कि हाल के बजट सत्र के दौरान सदन के अंदर और अध्यक्ष के चेंबर में कथित तौर पर हिंसा और अनुशासनहीनता में शामिल होने के लिए भाजपा के नौ विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। हिमाचल प्रदेश विधानसभा सचिव ने कहा कि शिकायत के आधार पर नौ भाजपा विधायकों - ऊना से सतपाल सत्ती, नाचन से विनोद कुमार, चुराह से हंसराज, बंजार से सुरेंद्र शौरी, सुलह से विपिन परमार, त्रिलोक जम्वाल, बिलासपुर, बल्ह से इंद्र सिंह गांधी, आनी से लोकेंद्र कुमार और करसोग से दीपराज को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं।

# चुनावी बॉण्ड दुनिया का सबसे बड़ा जबरन वसूली गिरोह है

ठाणे, एजेंसी

- राहुल गांधी बोले-इसका उद्देश्य कॉरपोरेट्स को भाजपा को पैसा देने के लिए डराना था



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से लाई गई गई चुनावी बॉण्ड योजना को "दुनिया का सबसे बड़ा 'एक्सटॉर्शन रैकेट' (जबरन वसूली गिरोह)" और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के "दिमाग की उपज" करार दिया। इस योजना को अब रद कर दिया गया है।

राहुल ने यहां संवाददाता सम्मेलन में दावा किया कि योजना के माध्यम से एकत्र किए गए धन का इस्तेमाल शिवसेना और राकांपा जैसे राजनीतिक दलों को तोड़ने और सरकारों को गिराने के लिए किया गया था। उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर एक दिन पहले ही इस योजना से जुड़े आंकड़े सार्वजनिक किए गए थे। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तय करेंगे कि उन्हें अमेठी से लोकसभा चुनाव लड़ना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, "कुछ साल पहले, प्रधानमंत्री ने राजनीतिक वित्त प्रणाली को साफ करने के लिए चुनावी बॉण्ड (योजना) तैयार करने का दावा किया था। पता चला कि यह भारत के सबसे बड़े कॉरपोरेट्स से पैसे ऐंठने का तरीका था।

### चुनावी बॉण्ड मामले की उच्चतम न्यायालय जांच कराए



**नई दिल्ली/बेंगलुरु।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि चुनावी बॉण्ड योजना से जुड़े मामले की उच्चतम न्यायालय को उच्च स्तरीय जांच करानी चाहिए और सच सामने आने तक भाजपा के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई जाए। निर्वाचन आयोग ने बृहस्पतिवार को चुनावी बॉण्ड के आंकड़े सार्वजनिक किए। उच्चतम न्यायालय के निर्देश के बाद, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने 12 मार्च को आयोग के साथ आंकड़े साझा किए थे। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा-प्रधानमंत्री कहते हैं 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा', लेकिन आज उच्चतम न्यायालय ने यह उजागर कर दिया है कि कैसे भाजपा ने चुनावी बॉण्ड से पैसा बनाया है। एसबीआई द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों से पता चलता है कि भाजपा को कुल चंदे का 50 प्रतिशत से अधिक मिला, जबकि कांग्रेस को केवल 11 प्रतिशत मिला है।

### लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने कांग्रेस से इस्तीफा दिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के लोकसभा सदस्य अब्दुल खालिक ने शुक्रवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। असम के बारपेटा से लोकसभा सदस्य खालिक ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को भेजे त्यागपत्र में यह दावा भी किया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा और प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह के रवैये ने प्रदेश में पार्टी की संभावनाओं को खत्म कर दिया है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं। हाल ही में कांग्रेस ने खालिक का टिकट काट दिया था।

# सरकार के कामकाज में आचार संहिता से कोई फर्क नहीं पड़ेगा

नई दिल्ली, ब्यूरो

- सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर बोले



**अमृत विचारः** लोकसभा एवं कुछ राज्यों की विधानसभा के चुनावों की घोषणा शनिवार को होने जा रही है। इसी के साथ पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी। मगर सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा है कि इससे सरकार के कामकाज में कोई फर्क नहीं पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री ने उक्त जानकारी तब दी थी जब उनसे पूछा गया कि क्या दो दिन पूर्व हुई कैबिनेट की बैठक को अंतिम बैठक माना जाए? जवाब में ठाकुर ने कहा की सरकार का कामकाज तो चलता ही रहेगा यदि कोई अहम फैसला लेने की आवश्यकता होगी तो मंत्रिमंडल की बैठक बुलानी ही पड़ेगी और ऐसा प्रावधान चुनाव संहिता में भी है।

उल्लेखनीय है कि निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए निर्वाचन आयोग के पास आदर्श चुनाव संहिता के नाम पर कई संवैधानिक अधिकार सुरक्षित है। लेकिन इन अधिकारों का शक्ति से पालन तत्कालीन मुख्य निर्वाचन आयुक्त टीएन शेषन के समय में हुआ था और तभी से राजनीतिक दलों एवं उम्मीदवारों के ऊपर किसी भी चुनाव के दौरान आचार संहिता की तलवार लटकी रहती है।

अनुराग ठाकुर के जवाब के बाद माना जा रहा है कि किसी अति आवश्यक कार्य के लिए मंत्रिमंडल की बैठक हो सकती है लेकिन उसमें जनता को प्रभावित करने वाले किसी भी कार्यक्रम की घोषणा नहीं होगी। नामांकन से लेकर मतगणना तक किसी भी तरह के उद्घाटन एवं शिलान्यास जैसे कार्यक्रम नहीं होंगे। इस दायरे में नौकरशाहों को अपना कामकाज करने की छूट रहेगी लेकिन मंत्रियों या राजनीतिक दालों के नेताओं पर आयोग की कड़ी दृष्टि रहेगी। सभी उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार के दौरान खर्च किए गए धन का हिसाब किताब भी देना होगा। आचार संहिता लागू होने के बाद कोई भी मंत्री सरकारी विमान, वाहन या सरकारी मशीनरी का उपयोग प्रचार के दौरान नहीं करेगा।

# धोनी से तुलना पर जुरेल ने कहा- एमएसडी एक ही हैं

नई दिल्ली, एजेंसी



विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल की तुलना भले ही महेंद्र सिंह धोनी से की जा रही हो लेकिन उन्होंने कहा कि कोई भी पूर्व भारतीय कप्तान की बराबरी नहीं कर सकता और वह अपना ध्यान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जगह बनाने पर लगाएंगे।

हाल में इंग्लैंड के खिलाफ समाप्त हुई श्रृंखला में टेस्ट पदार्पण करने वाले जुरेल ने विकेट के पीछे चतुराई दिखाई, बल्ले से भी प्रदर्शन किया तथा कप्तान रोहित शर्मा को डीआरएस संबंधित फैसले लेने में मदद की। जुरेल के इस प्रदर्शन को देखकर महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने उनकी तुलना धोनी से कर दी लेकिन इस खिलाड़ी को ऐसा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि मेरी तुलना धोनी सर से करने के लिए शुक्रिया गावस्कर सर, लेकिन मैं कहना चाहूंगा कि धोनी सर जो किया है, वैसा कोई भी नहीं कर सकता। धोनी सिर्फ एक ही है। हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं। जो भी मैं करूं, मैं सिर्फ ध्रुव जुरेल ही रहना चाहता हूं, लेकिन धोनी सर महान क्रिकेटर हैं और वह हमेशा महान रहेंगे। भारत की टेस्ट कैप मिलने से जुरेल ने कहा कि मुझे अभी तक विश्वास नहीं हो रहा कि मुझे टेस्ट कैप मिली और फिर मैं मैन ऑफ द मैच रहा। टेस्ट खेलना सुखद रहा जो क्रिकेट का सबसे शुद्ध प्रारूप है। इतना पता था कि किसी दिन टेस्ट खेलूंगा इसलिए यह मेरे सपने के साकार होने वाला पल था। उन्होंने कहा कि जब मैं अंडर-19 खेल रहा था, तो मेरा लक्ष्य 200 टेस्ट खेलने का था लेकिन बाद में मुझे महसूस हुआ कि यह संभव नहीं था। जुरेल ने टेस्ट क्रिकेट और आईपीएल के बीच तुलना को खारिज करते कहा कि अपनी बात करूं तो आईपीएल से मेरा टेस्ट के प्रति लगाव कम नहीं हुआ। दोनों में कोई तुलना नहीं हो सकती। टेस्ट क्रिकेट बिलकुल अलग स्तर पर है। जुरेल ने बीसीसीआई के ज्यादा टेस्ट खेलने वाले खिलाड़ियों को ज्यादा प्रोत्साहन राशि देने के कदम की प्रशंसा की।

## सीएसके में वापसी पर शार्दुल ने कहा- माही से सीखने को बेकरार हूं



**मुंबई, एजेंसी।** आल राउंडर शार्दुल ठाकुर मुंबई के साथ रणजी ट्रॉफी जीतने के बाद आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में प्रदर्शन की उम्मीद लगाए हैं क्योंकि पिछला चरण उनके लिए इतना अच्छा नहीं था। शार्दुल 2018 से 2021 तक सीएसके का हिस्सा रहे थे, जिसके बाद 2022 में वह दिल्ली और 2023 में कोलकाता के लिए खेले थे। इस सत्र में वह फिर सीएसके में वापसी करेंगे जिसके लिए उन्हें 4 करोड़ में खरीदा गया था। शार्दुल ने कहा कि पिछला आईपीएल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। वह 11 मैच में महज 7 विकेट ही झटक सके थे। शार्दुल ने कहा कि मैं माही के नेतृत्व में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। जब आप उनके साथ खेलते हो तो आप कुछ न कुछ जरूर सीखते हो। वह स्टंप के पीछे खड़े होकर आपका मार्गदर्शन करते रहते हैं जिससे आपके प्रदर्शन में निखार आता है।

# आईपीएल न खेलने से निराश नहीं हूं, टी-20 समझने के लिए मिला एक और सालः मुशीर

मुंबई, एजेंसी



क्रिकेटरों के लिए भले ही आईपीएल अनुबंध पाना प्राथमिकता रखता हो लेकिन मुंबई के रणजी ट्रॉफी के युवा नायक मुशीर खान खुश हैं कि वह खिलाड़ियों की नीलामी में बिके नहीं क्योंकि इससे उन्हें टी-20 प्रारूप को समझने के लिए कुछ और समय मिल जाएगा।

मुशीर (19 वर्ष) ने रणजी फाइनल में शतक जड़कर सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा और मुंबई के लिए फाइनल में सैकड़ा लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उनका मानना है कि वह आने वाले समय में आईपीएल में नाम कमाएंगे। मुशीर ने अपने पिता और कोच नौशाद के शब्दों को दोहराते हुए कहा कि मेरा नाम आईपीएल में नहीं है, लेकिन मैं निराश नहीं हूं। मेरे पिता ने मुझे कहा कि टेस्ट क्रिकेट और टीम इंडिया के लिए खेलो। आईपीएल बाद में खेल लोगे, आज नहीं तो कल। उन्होंने कहा कि अच्छा है कि मुझे आईपीएल की तैयारी के लिए एक और साल मिल गया। मैं अब टी-20 क्रिकेट को और समझूंगा कि मुझे इस प्रारूप के लिए कैसे तैयारी करनी चाहिए। मुशीर ने हाल में रणजी फाइनल में मुंबई की दूसरी पारी में 136 रन बनाकर विदर्भ को 538 रन का लक्ष्य देने में मदद की। इससे मुंबई 42वां रणजी खिताब जीतने में सफल रहा। मुशीर इस प्रदर्शन के लिए अपने बड़े भाई सरफराज से प्रेरणा लेते हैं जिन्होंने राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में पदार्पण किया था। मुशीर ने कहा कि मैं भाई के समर्पण और उनकी बल्लेबाजी को देखकर प्रेरणा लेता हूं, हमारा बल्लेबाजी का तरीका भी समान ही है।

## खेल डायरी

### अल्काराज इंडियन वेल्स के सेमीफाइनल में सिनर से होगी भिड़ंत



**इंडियन वेल्स (अमेरिका), एजेंसी।** कार्लोस अल्काराज ने मधुमक्खियों के कारण दो घंटे के विलंब के बाद एलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3 6-1 से हराकर बीएनपी पारिबस ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गुरुवार को मुकाबले के दौरान मधुमक्खियों ने हमला कर दिया, जिससे अल्काराज खुद को बचाने के लिए छिप गए और मैच शुरू होने के 19 मिनट पर ही यह घटना हुई। तब अल्काराज 1-1 की बराबरी पर थे। दर्जनों मधुमक्खियां स्पाइडर कैमरे पर चिपक गई और उन्हें वैक्यूम से हटाया गया। यानिक सिनर ने जिरी लेचेका को हराकर इस साल 16वें मैच में जीत दर्ज की। अब शनिवार को सिनर का सामना अल्काराज से होगा। टॉमी पॉल ने नौवें वरीय कैस्पर रूड को हराकर दूसरे मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

### चोट से एनगिडी की जगह मैकगुर्क दिल्ली की टीम में

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट के कारण शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से बाहर हो गए, जिससे दिल्ली कैपिटल्स ने उनकी जगह ऑस्ट्रेलियाई आल राउंडर जेक फ्रेसर मैकगुर्क को टीम में शामिल किया। मेलबर्न के 21 साल के सलामी बल्लेबाज और लेग स्पिनर मैकगुर्क ने पिछले महीने सिडनी में वेस्टइंडीज के खिलाफ अपना वनडे पदार्पण किया था। दिल्ली कैपिटल्स ने मैकगुर्क को 50 लाख की 'रिजर्व' राशि में टीम में लिया है। एनगिडी पिछले एक साल से टखने की चोट से जूझ रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 14 मैच खेलकर 25 विकेट झटके हैं।

### प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास लेंगे वेड

**होबार्ट, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलियाई विकेटकीपर बल्लेबाज मैथ्यू वेड ने कहा कि वह शेफील्ड शील्ड फाइनल के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, लेकिन सफेद गेंद के प्रारूप में चयन के लिए उपलब्ध रहेंगे। शेफील्ड फाइनल 21 मार्च से तस्मानिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शुरू होगा जो वेड के 2012 से शुरू हुए करियर का लाल गेंद का अंतिम मैच होगा। इसके बाद बाएं हाथ के बल्लेबाज वेड आईपीएल के लिए गुजरात टाइटन्स से जुड़ जाएंगे। हालांकि वह पहले दो मैच नहीं खेल पाएंगे क्योंकि लीग का कार्यक्रम शील्ड फाइनल की तारीखों के साथ ही है। वेड ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 36 टेस्ट में 4 शतक से 29 .87 के औसत से 1613 रन बनाए हैं।

### बांग्लादेश दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया ने वनडे टीम में ग्रेस हैरिस को किया शामिल



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम में बांग्लादेश दौरे के लिए चोटिल डार्सी ब्राउन की जगह ग्रेस हैरिस को एकदिवसीय शृंखला के लिए शामिल किया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि ब्राउन को बाएं पैर में लगी चोट से टीम से बाहर किया गया। ब्राउन की वापसी उचित समय पर होगी। हैरिस को पहले केवल टी-20 के लिए चुना गया था, लेकिन अब वह वनडे में खेलती नजर आएंगी। प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहने के बाद यूपी के साथ उनका डब्ल्यूपीएल कार्यकाल पहले ही समाप्त हो चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने टी-20 टीम में ब्राउन के स्थान पर किसी अन्य खिलाड़ी को जगह नहीं दी है। बीमारी के कारण ऑलराउंडर हीथर ग्राहम अनुपलब्ध रहेगी। जेस जोनसेन को पिछले महीने टीम से बाहर किया गया था और उसकी जगह तायला व्लामिनक को बुलाया गया था। ऑस्ट्रेलिया को 21 मार्च से शुरू बांग्लादेश दौरे में तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने है। **टीम :** एलिसा हीली (कप्तान), ऐश गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फीबी लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्राथ, सोफी मोलिनक्स, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम और तायला व्लामिनक।

# वनडे-टी20 में 'स्टॉप क्लॉक' नियम स्थायी करेगा आईसीसी

## नियम दिसंबर 2023 में किया गया था शुरू, टी-20 विश्व कप सेमी और फाइनल के लिए 'रिजर्व डे'

दुबई, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) प्रयोग पर चल रहे 'स्टॉप क्लॉक' नियम को टी-20 विश्व कप 2024 से सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में हमेशा इस्तेमाल करेगा। आईसीसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

आईसीसी ने स्टॉप क्लॉक नियम दिसंबर 2023 में शुरू किया था और इसे एक जून 2024 से स्थायी कर दिया जाएगा। आईसीसी ने सालाना बोर्ड बैठक के बाद कहा कि 'स्टॉप क्लॉक' नियम जून 2024 से वेस्टइंडीज और अमेरिका में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2024 के साथ सभी वनडे और टी-20 अंतर्राष्ट्रीय में स्थायी हो जाएगा। ट्रायल तक होना था लेकिन इसके नतीजे साफ दिखाई दे रहे हैं जैसे मैच समय पर खत्म हो रहे हैं जिससे प्रत्येक वनडे मैच में करीबन 20 मिनट बच रहे हैं। नियम के अनुसार क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को पिछला ओवर खत्म होने के 60 सेकेंड के अंदर नया ओवर शुरू करना होगा। इसके लिए मैदान पर लगी 'इलेक्ट्रॉनिक' घड़ी 60 से लेकर शून्य तक उलटी गिनती करेगी और तीसरा अंपायर घड़ी शुरू करने का समय तय कर सकता है। क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के ऐसा नहीं करने पर उसे दो चेतावनी दी जाएगी और इसके उल्लघंन के लिए प्रत्येक घटना के लिए पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा। आईसीसी ने हालांकि नियम में कुछ अपवाद भी शामिल किए और ऐसी स्थितियों में शुरू हुई घड़ी को रद कर दिया जाएगा, जिसमें नया बल्लेबाज अगर ओवरों के बीच में आता है, आधिकारिक 'ड्रिंक्स ब्रेक' तथा किसी बल्लेबाज या क्षेत्ररक्षक के चोटिल होने पर मैदान पर उपचार किया जाना शामिल है। इस नियम को तब भी लागू नहीं किया जाएगा अगर क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम के नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों से समय खराब हुआ हो। आईसीसी की बैठक में टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल (27 जून) और फाइनल (29 जून) के लिए 'रिजर्व' (सुरक्षित) डे को भी मंजूरी दी गई। लीग या सुपर आठ चरण के दौरान पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में बल्लेबाजी कर रही टीम को कम से कम पांच ओवर डालने जरूरी होंगे। नॉकआउट मैच में पूर्ण मैच के लिए दूसरी पारी में 10 ओवर डालने की जरूरत होगी। वैश्विक संचालन संस्था ने भारत और श्रीलंका की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्व कप 2026 के लिए क्वालीफिकेशन प्रक्रिया को भी मंजूरी दी। टूर्नामेंट में 20 टीम हिस्सा लेंगी, जिसमें से 12 स्वतः क्वालीफाई करेंगी। 2024 विश्व कप में शीर्ष आठ टीम भारत और श्रीलंका के साथ स्वतः क्वालीफाई करेंगी जबकि बचे हुए दो स्थान 30 जून तक आईसीसी टी-20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में अगली सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग टीम को मिलेंगे। बचे आठ स्थान आईसीसी क्षेत्रीय क्वालीफायर के जरिए तय होंगे।

## चैंपियंस ट्रॉफीः बीसीसीआई को उसकी सरकार के खिलाफ जाने को नहीं कहेगा आईसीसी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी के कार्यकारी बोर्ड के सूत्र ने बताया कि अगले साल पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 'हाइब्रिड मॉडल' पर कराना एक विकल्प हो सकता है क्योंकि आईसीसी भारत की भागीदारी पर फैसला नहीं ले सकता अगर सरकारी नीति उसके खिलाफ है। आईसीसी बोर्ड की बैठक दुबई में चल रही है। चैंपियंस ट्रॉफी फरवरी-मार्च 2025 में होनी है जिस पर बातचीत बैठक के एजेंडे में नहीं थी, लेकिन पीसीबी के नव निर्वाचित अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने कहा है कि वह बीसीसीआई सचिव जय शाह और आईसीसी अधिकारियों से बैठक से इतर बात करके आश्वासन लेने की कोशिश करेंगे। आईसीसी बोर्ड के सदस्य ने कहा कि बीसीसीआई टूर्नामेंट की तारीख करीब आने पर ही फैसला लेगा और यूएई में इसके आयोजन की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। वरिष्ठ प्रशासक ने कहा कि बोर्ड की बैठकों में हर सदस्य अपना मसला उठा सकता है जिस पर वोटिंग होती है, लेकिन अगर सदस्य देश की सरकार कहती है कि वह वहां नहीं खेल सकते तो आईसीसी को विकल्प तलाशने होते हैं। आईसीसी का रूख साफ है कि वह अपने सदस्यों से उनकी सरकार की नीति के खिलाफ जाने की अपेक्षा नहीं करता।

# सात्विक-चिराग की जोड़ी आल इंग्लैंड चैंपियनशिप से बाहर



- तनीषा और अश्विनी भी हुईं स्पर्धा से बाहर
- पुरुष एकल के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे लक्ष्य
- एन से यंग से हारकर सिंधू का भी अभियान खत्म

बर्मिंघम, एजेंसी

भारत के सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की दुनिया की नंबर एक जोड़ी गुरुवार रात आल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष युगल प्री क्वार्टरफाइनल से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी को प्री क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया के मोहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागास मौलाना की जोड़ी से 16-21 15-21 से हार का सामना करना पड़ा। इंडोनेशियाई जोड़ी यहां 2022 में चैंपियन रही थी।

भारतीय जोड़ी ने पिछले हफ्ते फ्रेंच ओपन खिताब जीता था, लेकिन यहां तीसरी वरीयता प्राप्त प्रतिद्वंद्वियों के दबाव से नहीं निपट सकी और एक घंटे से ज्यादा चले मुकाबले में हारकर बाहर हो गई। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी भी महिला युगल के राउंड 16 से बाहर हो गई। उन्हें चीन की झांग शु जियान और जेंग यु से पराजय झेलनी पड़ी। शुक्रवार को भारत के लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में मलेशिया के ली जि जिया से होगा। लक्ष्य ने एंडर्स एंटोनसेन पर जीत से क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया। लेकिन दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का अभियान दक्षिण कोरिया की एन से यंग से हारकर समाप्त हो गया।

## अर्जुन-कपिला प्री-क्वार्टर फाइनल में हारे

**पेरिस।** एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की भारतीय पुरुष जोड़ी ऑरलियन्स मास्टर्स 2024 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में चीन की हुआंग डि और लियू यी से हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और कपिला ने मैच की शानदार शुरुआत की और 10-7 से आगे चल रहे थे, लेकिन हुआंग डि और लियू यी ने भारतीय खिलाड़ियों पर बाजी पलटते हुए पांच अंकों की बढ़त बना ली। अर्जुन और कपिला ने अंतराल के बाद अंक गंवाए और 36 मिनट में मैच हार गए।

## यूटीटी की आठवीं टीम होगी भूपति की अहमदाबाद एसजी पाइपर्स


**मुंबई, एजेंसी।** टेनिस खिलाड़ी महेश भूपति की एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट (एसजीएसई) प्राइवेट लिमिटेड अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) में हिस्सा लेने वाली आठवीं फ्रेंचाइजी बनी है। टीम का नाम अहमदाबाद एसजी पाइपर्स है। टीम जयपुर पैट्रियट्स संग पदार्पण करेगी। जयपुर की टीम पिछले साल अगस्त में यूटीटी में शामिल हुई थी। बेंगलुरु स्मैशर्स, चेन्नई लायंस, दबंग दिल्ली टीटीसी, गोवा चैलेंजर्स, पुनेरी पल्टन टेबल टेनिस और यू मुम्बा टीटी लीग की अन्य छह टीम हैं। भारतीय टेबल टेनिस महासंघ के तत्वावधान में लीग की सफलता के बाद नई टीम के शामिल करने की घोषणा की गई।

# 5 रन से मुंबई को हराकर फाइनल में पहुंचा बेंगलुरु

नई दिल्ली, एजेंसी

एलिस पेरी की 66 रनों की पारी और गेंदबाजों के प्रदर्शन की बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने विमेंस प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल में मुंबई इंडियंस को पांच रनों से हराकर फाइनल में जगह बनाई है।

136 रन के लक्ष्य को पाने उतरी मुंबई की यास्तिका भाटिया और हेली मैथ्यूज ने पहले विकेट लिए 27 रन जोड़े। मैथ्यूज 15 रन पर आउट हुई। सातवें ओवर में पेरी ने यास्तिका को 19 रन पर बोल्ड किया। नेट साइवर-ब्रेंट 23 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 33 रनों की पारी खेली। जीत के करीब संजीवन एक रन, पूजा चार रन बनाकर आउट हुई। एमेलिया कर 27 रन पर और अमनजोत कौर एक रन पर नाबाद रही। मुंबई 6 विकेट पर 130 रन ही बना सकी और आखिरी ओवरों में जीता हुआ मैच पांच रन से हार गई। एक बार फिर बेंगलुरु की जीत में एलिस पेरी ने अहम भूमिका निभाई। आरसीबी की ओर से श्रेयंका पाटिल ने 2 विकेट लिए। एलिस पेरी, सोफी मोलिन्यू, जॉर्जिया वेयरहम और सोभना आशा ने 1-1 विकेट लिए। इससे पहले एलिस पेरी की अर्धशतकीय पारी के दम पर आरसीबी ने मुंबई को जीत के लिए 136 रनों का लक्ष्य दिया था। अरुण जेटली स्टेडियम में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने आई आरसीबी की शुरुआत खराब रही और दूसरे ओर सोफी डिवाइन 20 रन का विकेट दूसरे ओवर में ही गंवा दिया। कप्तान स्मृति मंधाना 10 रन पर आउट हुईं। ऋचा घोष ने 14 रन, सोफी मोलिन्यू ने 11 रन बनाया। वहीं पेरी के 50 गेंदों में 8 चौके और 1 छक्के की मदद से 66 रन की पारी और जॉर्जिया नाबाद 18 रन की पारी से बेंगलुरु लड़ने लायक स्कोर तक पहुंचा। दिशा कसाट अपना खाता नहीं खोल सकी। श्रेयंक पाटिल तीन पर नाबाद रही।



# बॉलीवुड हलचल

## अमिताभ बच्चन ने की कल्कि 2898 ई.डी. के बारे में जानकारी साझा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन ने फिल्म कल्कि 2898 ई .डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी सोशल मीडया पर साझा की है। नाग अश्विन निर्देशित विज्ञान कथा महाकाव्य 'कल्कि 2898 एडी' में अमिताभ बच्चन, कमल हासन, प्रभास, दीपिका पादुकोण और दिशा पटानी ने अपनी घोषणा के बाद से ही दर्शकों को उत्सुक बनाए रखा है। कल्कि 2898 ई .डी. के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए अमिताभ बच्चन ने बताया कि कल्कि 2898 ई .डी. पूरी होने वाली है। वह इस प्रोजेक्ट पर देर रात तक काम कर रहे हैं, क्योंकि सब कुछ खत्म होने वाला है। अमिताभ बच्चन ने सोशल मीडिया पर लिखा, फिर से देर हो गई.. लेकिन कल रात काम से देर हो गई.. क्योंकि कल्कि की समाप्ति करीब है.. और जैसा कि बताया गया है कि यह 9 मई को रिलीज़ होगी.. इसलिए सभी को फिट रखने और सभी को एक ऐसा अनुभव देने के लिए अंतिम प्रयास जो निर्माताओं के विज़न का वादा करता है.. मुझे अब दूसरे कार्यस्थल पर जाना होगा.. जिम.. शरीर को गतिशील बनाने के लिए.. इसे दैनिक दिनचर्या और भविष्य में आने वाली दिनचर्या के अनुसार काम करने के लिए तैयार करना.. भविष्य हमेशा अज्ञात है.. लेकिन इसे कल्पना करने में कोई बुराई नहीं है.. और यह विश्वास करने में कि अगर सोचा जाए तो इसे खोजा जा सकता है.. आह! मस्तिष्क के सर्वश्रेष्ठ आकार में एक नया वाक्यांश अर्जित करना।

## पटना शुक्ला से महिलाएं होंगी प्रेरित : रवीना



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का कहना है कि उनकी फिल्म पटना शुक्ला में उनके किरदार तन्वी शुक्ला से कई महिलाएं प्रेरित होंगी और जुड़ाव महसूस करेंगी। विवेक बुडाकोटी के निर्देशन में फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन वकील तन्वी शुक्ला के किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म को सलमान खान के छोटे भाई अरबाज खान के प्रोडक्शंस हाउस ने बनाया है। रवीना टंडन ने कहा, तन्वी शुक्ला एक ऐसा किरदार है, जिससे हर कोई जुड़ाव महसूस करेगा। मैं तन्वी जैसे कई लोगों से मिली हूं, इसलिए मुझे यह रोल परिचित लगा, जिससे मैं तुरंत उसकी कहानी से जुड़ गई। तन्वी की जड़ें शहर में हैं, इसलिए मैंने पटना लहजा और लोगों की मानसिकता को समझने में समय बिताया। मुझे उम्मीद है कि तन्वी की कहानी देखने के बाद कई महिलाएं इससे प्रेरित होंगी। फिल्म पटना शुक्ला में रवीना टंडन के अलावा अनुष्का कौशिक, मानव विज, चंदन रॉय सान्याल, जतिन गोस्वामी और दिवंगत अभिनेता सतीश कौशिक भी हैं। फिल्म पटना शुक्ला 29 मार्च को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होने वाली है।

## मर्डर मुबारक में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी सारा



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री फिल्म 'मर्डर मुबारक' में ग्लैमरस अवतार में नजर आएंगी। फिल्म में सारा अली खान, डिंपल कपाड़िया, करिश्मा कपूर, संजय कपूर, टिस्का चोपड़ा, सुहेल नायर और पंकज त्रिपाठी जैसे सितारे काम करते नजर आएंगे। फिल्म 'मर्डर मुबारक' में सारा अली खान शहरी, ग्लैमरस गर्ल के किरदार में नजर आने वाली हैं। मर्डर मुबारक में सारा अली खान का किरदार उनके किए सभी किरदारों से बेहद अलग है, जिसमें उन्होंने एक ग्लैमरस परसोना वाली लड़की की भूमिका निभाई है। सारा ने कहा, मुझे एक शहरी और ग्लैमरस गर्ल का किरदार निभाए लंबा समय हो गया है।

## श्रीमद् रामायण में शूर्पणखा का किरदार निभाना चुनौतीपूर्ण : संगीता



**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री संगीता ओडवानी कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'श्रीमद् रामायण' में शूर्पणखा का किरदार निभाना उनके लिए बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की दिव्य गाथा, श्रीमद रामायण भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण के वनवास के दौरान की यात्रा का अनुसरण करती है। शो के महत्वपूर्ण अध्याय की ओर बढ़ते हुए, दर्शक अब लंकापति रावण की बहन, शूर्पणखा को देखेंगे, जो भगवान श्रीराम और रावण के बीच महायुद्ध की जड़ बनेगी। इस किरदार को संगीता ने निभाया है। संगीता ने कहा, शूर्पणखा का किरदार निभाने के लिए गहरे नजरिए की जरूरत होती है जो उसकी सोच में गहराई से उतरता है। यह उसकी दुर्जेय उपस्थिति को गले लगाने के साथ-साथ उसके भयंकर बाहरी स्वरूप के नीचे छिपे दर्द और लालसा को भी उजागर करने के बारे में है। एक कलाकार के रूप में, यह खोज का सफर है, जो इस मुश्किल किरदार की परतों को हटाकर उसके भीतर की इन्सानियत को प्रकट करती है, जिससे दर्शकों को उसे सिर्फ एक खलनायक के रूप में नहीं, बल्कि अपने स्वयं के संघर्षों के साथ बहुमुखी व्यक्ति के रूप में देखने का मौका मिलता है। श्रीमद् रामायण, हर सोमवार से शुक्रवार रात 9 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होता है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# कनेक्टिविटी, ऊर्जा क्षेत्रों को मिलेगा बढ़ावा

- भूटान के पीएम ने भारत की तारीफ की, कहा- भूटान का विश्वनीय भागीदार भारत

नई दिल्ली, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात के दौरान भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे ने उनके देश की विकास संबंधी प्राथमिकताओं में एक विश्वसनीय और मूल्यवान भागीदार के रूप में भारत की भूमिका की सराहना की।

बता दें, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे पांच दिवसीय यात्रा पर भारत आए हैं। गुरुवार को टोबगे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनके आधिकारिक आवास पर मुलाकात भी की थी। दोनों नेताओं के बीच बुनियादी ढांचे के विकास, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, हाइड्रोपावर, लोगों से लोगों के बीच आदान-प्रदान और विकास सहयोग जैसे कई क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए द्विपक्षीय वार्ता हुई। विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया, "मोदी और तोब्गे ने भारत-भूटान की मित्रता को और मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की है।

### भारत-भूटान को बौद्ध धर्म की विरासत जोड़ती है: मुर्मू

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि भारत-भूटान के साथ अपनी बहुआयामी साझेदारी को बहुत महत्व देता है और बौद्ध धर्म की आध्यात्मिक विरासत दोनों देशों को जोड़ती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भूटान एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत पर भरोसा कर सकता है। बता दें, टोबगे ने भूटान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना। मुर्मू बोलीं- भारत-भूटान के साथ बहुआयामी साझेदारी को महत्व देता है, जो ऊर्जा सहयोग, विकास साझेदारी, लोगों के बीच आपसी संबंध और व्यापार एवं निवेश संबंधों जैसे क्षेत्रों में फैली है।

# आदर्श आचार संहिता में जुड़ी हैं काफी पाबंदियां

*नई दिल्ली। देश में जल्द ही 18वीं लोकसभा के लिए चुनाव होने वाले हैं, जिसके लिए तारीखों का एलान चुनाव आयोग जल्द ही करने जा रहा है। एलान के साथ ही देश में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी, जिससे कई तरह की पाबंदियां भी लग जाएंगी। बता दें कि देश में बिना किसी रुकावट के पारदर्शी और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता के रूप में कुछ नियम और मानक तय किए हैं, जिनका सभी राजनीतिक पार्टियों और उम्मीदवारों को अनिवार्य तौर पर पालन करना होता है। आइए जानते हैं आदर्श आचार संहिता के बारे में...*




### सत्ता दल के लिए नियम

मंत्रीगण आधिकारिक दौरे के वक्ता चुनाव प्रचार न करें। और सरकारी विमानों और गाड़ियों का उपयोग पार्टी के हित के लिए ना करें। सरकारी कर्मचारियों को इस्तेमाल पार्टी हित में ना करें। हेलीपैड पर सत्ताधारी दल का एकाधिकार न जताए। सरकारी फंड से पार्टी का प्रचार-प्रसार न करें। केंद्र या राज्य सरकार के मंत्री, उम्मीदवार, मतदाता या एजेंट के सिवाय अन्य लोग मतदान केंद्र में न घुसें।

### क्या होते हैं प्रावधान



- विभिन्न जातियों एवं समुदायों के बीच मतभेद या घृणा बढ़ाने की गतिविधि में शामिल न हों।
- नीतियों व कार्यों की आलोचना करें, किसी दल, नेता या कार्यकर्ता के निजी जीवन पर टिप्पणी न करें।
- किसी जाति या संप्रदाय की भावनाओं का उपयोग करते हुए वोट डालने की अपील न करें।
- मंदिर, मस्जिद या पूजा के किसी अन्य स्थान का उपयोग चुनाव प्रचार के लिए न हो।
- मतदाताओं को रिश्वत देना, उन्हें डराना धमकाना, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार-प्रसार करना आपराधिक गतिविधि मानी जाएगी।
- मतदान से 48 घंटे पहले चुनाव प्रचार, सार्वजनिक सभाएं सभी पर प्रतिबंध लागू हो जाता है।
- राजनीतिक दल या किसी उम्मीदवार के घर के सामने विरोध प्रदर्शन व धरना न किया जाए।
- नेता अपने समर्थकों को किसी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों आदि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने और नारा लिखने की अनुमति नहीं दे सकते।
- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके समर्थक दूसरे दलों की बैठकों अथवा जुलूसों में बाधा न खड़ी करें, न ही उन्हें भंग करने का प्रयास करें।
- किसी दल की ओर से उन स्थानों के आसपास जुलूस न निकाला जाए, जहां दूसरे दलो की बैठक चल रही हो। एक दल के लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं की ओर से हटाए न जाएं।

**सभा और रैली के लिए क्या हैं नियमः-** सभी अथवा रैली के स्थान और जगह की पूर्व सूचना पुलिस अधिकारियों को दी जाए। और राजनीतिक पार्टी व नेता पहले ही सुनिश्चित कर लें कि जिस जगह पर वह सभा करने वाले हैं, वहां पहले से कोई पाबंदी तो लागू नहीं हैं। लाउडस्पीकर के उपयोग की इजाजत भी पहले ही ले लें। आयोजक किसी अप्रत्याशित घटना से बचने के लिए पुलिस की सहायता लें। वहीं जुलूस से पहले उसके शुरू होने का समय, रूट और समाप्त होने के समय व स्थान की अग्रिम सूचना पुलिस को देनी होगी। जिस एरिया से जुलूस निकाल रहे हैं, वहां को पाबंदी तो नहीं है।

## एक नजर

### पूर्व नौसेना प्रमुख एडमिरल रामदास का हैदराबाद में निधन



**हैदराबाद।** भारतीय नौसेना के पूर्व प्रमुख एडमिरल (सेवानिवृत्त) एल रामदास का शुक्रवार को एक सैन्य अस्पताल में निधन हो गया। वह 90 वर्ष के थे। रामदास ने दिसंबर, 1990 से सितंबर, 1993 तक नौसेना प्रमुख के पद पर अपनी सेवाएं दी थीं। उनके नेतृत्व में आईएनएस ब्यास ने 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने पाकिस्तानी नौसेना के समुद्री मार्गों को तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान से 90 हजार सैनिकों को निकालने के इस्लामाबाद के प्रयासों को विफल कर दिया था।

### समलैंगिक विवाह की अनुमति नहीं देना असंवैधानिक: अदालत

**टोक्यो।** जापान की एक अदालत ने फैसला सुनाते हुए कहा कि, समलैंगिक विवाह की अनुमति देने से इनकार करना असंवैधानिक है और इस प्रकार के संबंधों की अनुमति देने वाला कानून लाने के लिए तत्काल सरकारी कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। वादी और समलैंगिक समुदाय ने अदालत के इस फैसले की सराहना की और कहा कि यह समानता की दिशा में बदलाव की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कोर्ट ने कहा- मौजूदा कानून में संशोधन नहीं किया जाता तब तक समलैंगिक जोड़ों के विवाह की अनुमति देने से इनकार कर सकते हैं।

### जम्मू: आतंकी साजिश को लेकर एसआईए की 7 जगहों पर छापेमारी

**जम्मू।** राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने पाकिस्तान समर्थित आतंकी साजिश मामले की जांच के लिए शुक्रवार को जम्मू संभाग के विभिन्न जिलों में सात स्थानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि जम्मू में अदालत से तलाशी वारंट मिलने के बाद एसआईए की टीम ने डोडा जिले में तीन स्थानों, रियासी जिले में दो, रामबन और जम्मू जिलों में एक-एक स्थान पर एक साथ तलाशी ली। उन्होंने बताया कि तलाशी के दौरान कई मोबाइल फोन और आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। उन्होंने कहा जब्त की गई सामग्री से आतंकवादी नेटवर्क तक पहुंचने के लिए कुछ सुराग मिलेंगे।

### गाजा में खाने का इंतजार कर रहे लोगों पर हमला, 29 की मौत

**यरुशलम।** गाजा में दो स्थानों पर खाद्य सामग्री के लिए एकत्रित लोगों पर हमले की घटनाओं में गुरुवार को कुल 29 लोग मारे गए, जबकि 160 से ज्यादा घायल हुए। राफा में संयुक्त राष्ट्र के राहत वितरण केंद्र पर हुए हवाई हमले में 21 लोग मरे हैं, जबकि अल नुसीरत के शरणार्थी शिविर के निकट हुए हमले में आठ लोग मरे हैं। इजराइल ने दोनों हमलों में अपना हाथ होने से इनकार किया है। गाजा के अन्य इलाकों में इजराइली हमले जारी हैं। पांच महीने से ज्यादा समय से जारी युद्ध में अभी तक कुल 31 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनियों की मौत हो चुकी है।

# सीएए नागरिकता देने का कानून ना कि छीनने का, भारत की दो टूक

## अमेरिका के बयान को भारत ने किया खारिज, कहा- यह आंतरिक मामला

नई दिल्ली, एजेंसी

अमेरिका ने भारत में सीएए लागू करने को लेकर आपत्ति जताई और कहा कि वह इस पर कड़ी नजर रख रहा है। भारत ने अमेरिका के बयान को अनुचित बताते हुए इसे खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सीएए राज्यविहीनता के मुद्दे को संबोधित करता है, मानवीय गरिमा प्रदान करता है और मानवाधिकारों का समर्थन करता है।

भारत ने अमेरिका विदेश मंत्रालय को जवाब देते हुए कहा, नागरिकता संशोधन अधिनियम अपनी समावेशी परंपराओं, मानवाधिकारों के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को ध्यान में रखते हुए भारत का आंतरिक मामला है। नागरिकता (संशोधन) कानून नागरिकता देने के लिए है, यह नागरिकता छीनने के लिए नहीं है। सीएए के कार्यान्वयन पर अमेरिकी विदेश विभाग के बयान को विदेश मंत्रालय ने गलत, अनुचित और बेतुका बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, भारतीय संविधान सभी नागरिकों को धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, ऐसे में अल्पसंख्यकों के साथ व्यवहार पर चिंता का कोई आधार नहीं है।

### प्रशंसनीय पहल को राजनीति से जोड़ना ठीक नहीं



सीएए के खिलाफ आलोचना को खारिज करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि संकट में फंसे लोगों की मदद के लिए किए गए प्रशंसनीय पहल को वोट बैंक की राजनीति से जोड़ना सही नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि जिन लोगों को भारत की बहुलवादी परंपराओं, विभाजन के बाद के इतिहास की समझ नहीं है वह इस मुद्दे पर व्याख्यान और ज्ञान न दें। दरअसल, अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं।

### सीएए कानून को लेकर अमेरिका ने जताई नाराजगी



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि वह भारत में नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) की अधिसूचना को लेकर थोड़ा परेशान है और कहा कि वह अधिनियम के कार्यान्वयन की बारीकी से निगरानी कर रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने गुरुवार को मीडिया से कहा, हम 11 मार्च से नागरिकता (संशोधन) अधिनियम की अधिसूचना के बारे में चिंतित हैं। मिलर ने एक सवाल के जवाब में कहा, "हम बारीकी से निगरानी कर रहे हैं कि इस अधिनियम को कैसे लागू किया जाएगा। धार्मिक स्वतंत्रता का सम्मान और सभी समुदायों के लिए कानून के तहत समान व्यवहार मौलिक लोकतांत्रिक सिद्धांत हैं। बुधवार को, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सीएए पर आशंकाओं को दूर करने की कोशिश करते हुए कहा था कि नया कानून केवल उत्पीड़ित अल्पसंख्यकों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए है, जो अविभाजित भारत का हिस्सा थे और यह किसी के अधिकारों पर आघात नहीं करेगा। गृह मंत्री ने कहा था, मैंने सीएए पर अलग-अलग मंचों पर लगभग 41 बार बात की है और इस पर विस्तार से बात की है कि देश के अल्पसंख्यकों को डरने की जरूरत नहीं है।

## एसआईसी के साथ विलय करेगी इमरान खान की पार्टी



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के एक नेता ने कहा कि अगर चुनाव आयोग उनकी पार्टी के आंतरिक चुनाव को मान्यता देता है और चुनाव चिह्न क्रिकेट बैट को वापस लौटाता है, तो पार्टी सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के साथ विलय कर लेगी।

मीडिया के अनुसार, पीटीआई नेता असद कैसर ने कहा, अगर पार्टी को हालिया संगठनात्मक चुनाव के बाद अपना क्रिकेट बैट का चुनाव चिह्न वापस मिल जाता है तो दोनों पार्टियों का विलय हो जाएगा और पीटीआई बनी रहेगी।" एसआईसी पाकिस्तान में इस्लामी राजनीतिक और बरेलवी धार्मिक दलों का संगठन है।

आठ फरवरी को हुए आम चुनाव में पीटीआई समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों ने 90 से ज्यादा सीट पर जीत दर्ज की। बाद में ये निर्दलीय सदस्य एसआईसी में शामिल हो गए। यह पूछे जाने पर कि क्या एसआईसी में विलय के बाद पीटीआई बनी रहेगी, उन्होंने कहा, हां, हम बने रहेंगे लेकिन हम इसके साथ विलय भी करेंगे।

# रूस में राष्ट्रपति चुनाव शुरू पुतिन के सामने 3 प्रत्याशी



रूस नियंत्रित डोनेट्स्क क्षेत्र में बूथ पर मतदान करतीं महिलाएं।

मॉस्को, एजेंसी



यूक्रेन के साथ छिड़े युद्ध के बीच व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति के रूप में एक और छह साल के कार्यकाल के लिए तैयार हैं। शुक्रवार को रूसी नागरिकों ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। इस बार तीन दिनों तक वोटिंग होगी, जो 15 मार्च से शुरू होकर 17 मार्च तक चलेगी।

सत्ता पर मजबूत पकड़ के साथ ही व्लादिमीर पुतिन की अपेक्षित चुनावी जीत ने सस्पेंस बढ़ा दिया है। हालांकि, विश्व की निगाहें इस ओर टिकी हुई हैं कि चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद उनका अगला कदम क्या होगा। मीडिया के अनुसार, पुतिन के सामने तीन प्रत्याशी हैं, जो तीनों समर्थक हैं। माना जा रहा है कि वोटिंग संपन्न होने के बाद चुनाव नतीजे आ सकते हैं। ऐसा नहीं है कि पुतिन ही अकेले चुनाव लड़ रहे हैं, बल्कि उनके प्रतिद्वंद्वियों में कम्युनिस्ट पार्टी के निकोलाई खारितोनोव, लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी के लियोनिद स्लटस्की और न्यू पीपल पार्टी के व्लादिस्लाव दावानकोव शामिल हैं, जबकि बोरिस नादेजिन और पूर्व टीवी पत्रकार येकातेरिना डंटसोवा को फरवरी में निर्वाचन आयोग ने अयोग्य घोषित कर दिया। इसके अलावा पुतिन के मुखर आलोचकों में से एक विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की चुनाव से माहभर पहले जेल में मौत हो गई।

### हसीन वादियों में बहार...





**जापान :** टोक्यो में वसंत के आगमन के प्रतीक चेरी के फूल खिलने लगे हैं। ओसाका में तो चेरी की बहार भी आ गई है। जापान में 'चेरी ब्लॉसम' को 'सकूरा' के नाम से भी जाना जाता है। यह जापान का राष्ट्रीय फूल है। इस मौसम में मनने वाले त्योहार को 'हनामी त्योहार' कहा जाता है। इस फूल को आशा का प्रतीक भी माना जाता है। ● एजेंसी

## रोज 8 घंटे एकांत कोठरी से बाहर रहेगा पूनावाला

**श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** अपनी लिव-इन पार्टनर श्रद्धा हत्याकांड में जेल में बंद आरोपी आफताब पूनावाला को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को निर्देश दिया है। हाईकोर्ट ने जेल अधिकारियों से कहा कि अन्य कैदियों की तरह आफताब को भी दिन में 8 घंटे के लिए बाहर रख जाए। रात में उसे एकांत कोठरी में रखे।

जस्टिस सुरेश कुमार कैद की अध्यक्षता वाली पीठ ने आफताब पूनावाला की याचिका पर आदेश दिया कि सुरक्षा की आड़ में उसे एकान्त कारावास में नहीं रखा जा सकता है। याचिका में पूनावाला के वकील ने दावा किया कि उसे सुबह और शाम एक-एक घंटे बाहर रखने की अनुमति है। वहीं, अन्य कैदियों को दिन में आठ घंटे तक बाहर रखा जाता है। जस्टिस गिरीश कठपालिया ने आदेश में कहा कि हम जेल अधिकारियों को उसे आठ घंटे के लिए अनलॉक करने का निर्देश देते हैं। जैसा कि अन्य कैदियों के लिए लागू होता है और रात के दौरान उसे एक एकांत कोठरी में रखा जाए।

# भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे

- भारतवंशी रिचर्ड ने बाइडन के बयान का किया समर्थन, कहा- गेमचेंजर साबित होगा सुरक्षा सहयोग

वाशिंगटन, एजेंसी

भारत और अमेरिका का सुरक्षा सहयोग आने वाले वर्षों में बेहद अहम साबित होगा। शीर्ष अमेरिकी अधिकारी रिचर्ड वर्मा ने दावा करते हुए कहा कि, भारत और अमेरिका के बीच सहयोग की अपार संभावनाओं हैं, दोनों देशों का सहयोग वैश्विक स्तर पर गेमचेंजर साबित हो सकता है।

रिचर्ड वर्मा ने जो बाइडन के उस बयान का समर्थन किया, जिसमें बाइडन ने कहा था कि भारत और अमेरिका के संबंध 21वीं सदी की दिशा तय करेंगे। बता दें, भारतवंशी रिचर्ड वर्मा, अमेरिका के विदेश विभाग में मैनेजमेंट एंड रिसोर्स विभाग के डिप्टी सेक्रेटरी पद पर तैनात हैं और वह भारत में बतौर अमेरिका के राजनयिक भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। रिचर्ड वर्मा ने अपने ब्लॉग में लिखा कि 'जैसा कि जो बाइडन और पीएम मोदी ने कहा है कि भारत और अमेरिका का एक दूसरे पर पड़ने वाला असर बेहद अहम है, लेकिन हम दुनिया के लिए क्या कर सकते हैं, यह ज्यादा अहम है। खाद्य सुरक्षा, महामारी से निपटना और डिजिटल अर्थव्यवस्था ऐसे क्षेत्र हैं, जहां दोनों देश बहुत कुछ कर सकते हैं।' वर्मा के अनुसार, रक्षा, लोकतांत्रिक मूल्य और तकनीक, ऐसे तीन अहम क्षेत्र हैं, जहां दोनों देशों में सहयोग अहम है और बीते कुछ दशकों में दोनों देशों के संबंधों के विकास में काफी प्रगति भी हुई है।

## श्रीलंकाई नौसेना ने 15 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया

**कोलंबो।** श्रीलंकाई नौसेना ने शुक्रवार को उत्तरी जाफना प्रायद्वीप में कराईनगर के तट से कम से कम 15 भारतीय मछुआरों को द्वीप राष्ट्र के जल से मछली पकड़ने के आरोप में हिरासत में लिया है। कांकेसंतुराई बंदरगाह पर श्रीलंकाई नौसेना ने मछुआरों के नावों को जब्त कर लिया और जांच के लिए मत्स्य निदेशालय में भेज दिया है।

हाल ही में श्रीलंकाई मछुआरों ने श्रीलंकाई जल इलाके में अपने भारतीय समकक्षों द्वारा अवैध शिकार से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। बता दें, इस साल श्रीलंकाई नौसेना ने अबतक 16 नाव को जब्त करने के साथ 225 भारतीय मछुआरों को हिरासत में लिया है।

## मई में नहीं होंगे चुनाव सुनक ने अटकलों पर लगाया विराम

**लंदन।** ब्रिटेन के पहले भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने तय समय से पहले चुनाव कराए जाने की अटकलों पर विराम लगा दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दो मई को देश के आम चुनाव नहीं कराए जाएंगे। सुनक के बयान के बाद लेबर पार्टी की तरफ से शुरू हुई कयासबाजी खत्म होने की उम्मीद है।

लेबर पार्टी ने कहा था कि लंदन में स्थानीय और प्रशासकों के चुनाव के साथ ही आम चुनाव भी कराए जा सकते हैं। खबरों के मुताबिक सुनक ने इस साल की शुरुआत में साल की दूसरी छमाही में चुनाव कराने पर विचार करने की बात कह चुके हैं। हालांकि, हाल के कुछ हफ्तों में मई की शुरुआत में अचानक चुनाव कराए जाने की अटकलें लगाई जाने लगीं। सुनक ने कहा कि ब्रिटेन में दो मई को आम चुनाव की कोई संभावना नहीं है।

**विज्ञान** हाल की खोज से पता चला है कि रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है यूरोपा


# बृहस्पति के चांद पर होगा मानव का अगला ठिकाना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** भले ही मंगल पर जीवन बसाने की जद्दोजिहद में वैज्ञानिक दशकों से जुटे हुए हैं, लेकिन खबर आ रही है कि बृहस्पति के उपग्रह यूरोपा में सम्भवतः मंगल से कहीं अधिक मानव बस्ती बसाने के अवसर नजर आ रहे हैं।

हाल की खोज से पता चला है कि यूरोपा रोजाना हजार टन ऑक्सीजन पैदा करता है। इसमें दोराय नही कि पृथ्वी पर मौजूदा प्राकृतिक संसाधन वर्तमान जीवन के लिए पर्याप्त है, लेकिन इनका लगातार दोहन भविष्य में जीवित रहने वाला नही है।

जिस कारण भविष्य में मानव अस्तित्व की निर्भरता दूसरे ग्रहों पर जताई जा रही है। इस विचार पर आम जनमानस समझ न रखता हो, लेकिन वैज्ञानिक वर्ग बेहद चिंतित नजर आता है। जिसके चलते करीब तीन दशक से ब्रह्मांड में जीवन की तलाश के साथ मानव बस्ती बसाने को लेकर कवायद की जा रही है। मगर सफलता अभी तक हाथ नही लग पाई है। यह मिशन जल्द पूरा होने की कोई संभावना भी नजर नही आती है। दरअसल यह चुनौतियों से भरा धरतीवासियों का सबसे बड़ा अभियान है और इंकार नही किया जा सकता कि दूर भविष्य में हम कामयाब होंगे। इधर यूरोपा में ऑक्सीजन प्रयाप्त मात्रा में मौजूद होने के कारण उम्मीद की एक नई किरण सामने आई है। नासा के जूनो अंतरिक्ष यान के जरिए यह संभव हो पाया है। जूनो ने 29 सितंबर 2022 को यूरोपा के करीब पहुचकर जांच पड़ताल की थी और लगभग सवा साल की मसक्कत के बाद यह जानकारी सामने आई कि यूरोपा हर 24 घंटे में 1,000 टन ऑक्सीजन उत्पन्न करता है। जिससे 1 मिलियन लोग 1 दिन में सांस ले सकते हैं। यूरोपा बृहस्पति का बर्फ से ढका महासागरीय चंद्रमा है। जिसके नीचे अकूत मात्रा में तरल जल है। नासा ने जूनो मिशन के वैज्ञानिकों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस खोज का अब खुलासा किया और कहा कि यह उपग्रह संभवतः मानव के रहने योग्य स्थान हो सकता है।



यूरोपा की ताजा तस्वीर।

### यूरोपा क्लिपर मिशन खोजेगा यूरोपा की राह

नासा इस वर्ष यूरोपा क्लिपर मिशन लॉन्च करने जा रहा है, जो 2030 में बृहस्पति पर पहुंचेगा। यूरोपा में ऑक्सीजन की मात्रा का पता लगने बाद यूरोपा क्लिपर मिशन की महत्ता और अधिक बड़ चली है। इस मिशन को नौ वैज्ञानिक उपकरणों को साथ भेजा जा रहा है, जो यूरोपा में जीवन बसाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा।

## रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें दीं तो नए प्रतिबंध लगाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर युद्ध के लिए रूस को बैलिस्टिक मिसाइलें देने की योजना को आगे बढ़ाता है, तो प्रमुख अर्थव्यवस्था वाले पश्चिमी देश उस पर नए प्रतिबंध लगा सकते हैं।

बता दें, बाइडन प्रशासन महीनों से चेतावनी दे रहा है कि रूस ईरान से कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलों की मांग कर रहा है। रूस हथियारों की घटती आपूर्ति को फिर से भरने के लिए संघर्ष कर रहा है। अमेरिका ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि मिसाइलें ईरान से रूस भेजी गई हैं या नहीं। लेकिन अमेरिकी अधिकारी उन अधिकारियों के बयानों से चिंतित हैं, जिनमें कहा जा रहा है कि जल्द दोनों देशों के बीच एक सौदा हो सकता है। अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि जी-7 देशों का समूह ईरान को रूस के लिए उड़ान भरने से रोकने के कदम विचार कर रहा है।

# पाकिस्तान की राह पर मालदीव 36 द्वीप चीन को लीज पर सौंपे

- मालदीव का सबसे बड़ा आर्थिक साझेदार बनने में जुटा चीन

माले, एजेंसी

चीन ने मालदीव में अपनी ताकत बढ़ाने का अभियान तेज कर दिया है। अब राष्ट्रपति मुइज्जू ने मालदीव के 187 आबाद द्वीपों में से 36 द्वीपों के अधिकांश हिस्से को चीनी टूरिज्म कंपनियों को लीज पर दे दिया है। चीनी कंपनियां 12 हजार करोड़ रुपये की लागत से इन द्वीपों को टूरिज्म के लिए डेवलप करेंगी।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव ने हाल में कई द्वीपों के विकास के प्रोजेक्ट पाकिस्तान की तरह मालदीव ने भी तुर्किये से निगरानी ड्रोन खरीदे थे, ताकि वह अपने इकोनॉमिक जोन पर नजर रख सके। रिपोर्ट के मुताबिक नवंबर में मुइज्जू की यात्रा के दौरान तुर्किये की बायकर कंपनी से ड्रोन के लिए समझौता किया था। यह डील 307 करोड़ रुपये में हुई थी। बता दें, 3 मार्च को ड्रोन डिलीवर किए जा चुके हैं। इनके लिए सरकार नूनू एटोल में मिलिट्री ड्रोन का बेस बना रही है। अपनी चीन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति मुइज्जू ने चीन से ज्यादा से ज्यादा टूरिस्ट मालदीव भेजने की अपील की थी। इस साल के आरंभ के दो माह में चीन के 4 लाख चीनी टूरिस्ट मालदीव पहुंचे हैं। बता दें, मालदीव और चीन के बीच जनवरी 2024 में रासमाले में 30 हजार हाउसिंग यूनिट बनाने का प्रोजेक्ट शुरू हुआ था।

